नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 311
नई दिल्ली, रविवार, 22 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

www.dailypioneer.com

# दिल्ली ने अपने सबसे युवा मुख्यमंत्री का किया स्वागत



नई दिल्ली में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राजभवन में उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री आतिशी और आप नेता सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और कैलाश गहलोत। पीटीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम आदमी पार्टी** की नेता आतिशी ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह राष्ट्रीय राजधानी में इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की सीएम हैं। वह स्वतंत्र भारत में मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होने वाली 17वीं महिला भी बन गई हैं। आतिशी के साथ पांच अन्य नियुक्त मंत्री सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, इमरान हुसैन, कैलाश गहलोत और सुल्तानपुर माजरा के नए विधायक मुकेश अहलावत ने भी दिल्ली मंत्रिमंडल में शपथ ली। हालांकि, आप की वरिष्ठ नेता का कार्यकाल संक्षिप्त होगा क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

राज निवास में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आतिशी को दिल्ली के आठवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। सक्सेना ने आतिशी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जो अब कांग्रेस की स्व. शीला दीक्षित और भाजपा की स्व. सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। उनके नए मंत्रिपरिषद में सबसे पहले सौरभ भारद्वाज ने शपथ ली, उसके बाद गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और दिल्ली कैबिनेट में नए सदस्य मुकेश अहलावत ने शपथ ली। इस अवसर पर आप संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पार्टी के अन्य नेता और विधायक मौजूद थे।

## ● आतिशी के साथ पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल, विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा समेत भाजपा सांसद और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी समारोह में शामिल हुए। एलजी की मंजूरी के बाद विभागों के आवंटन के अनुसार, आतिशी ने लोक निर्माण विभाग, बिजली, शिक्षा, राजस्व, वित्त, योजना, सेवा और सतर्कता विभाग समेत 13 प्रमुख विभाग अपने पास रखे हैं। भारद्वाज को शहरी विकास, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण, स्वास्थ्य, उद्योग समेत आठ प्रमुख विभाग आवंटित किए गए हैं। राय विकास, सामान्य प्रशासन, पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग संभालेंगे। गहलोत परिवहन, प्रशासनिक सुधार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, गृह और महिला एवं बाल विकास का प्रभार संभालेंगे। ( शेष पृष्ठ 9 )

# अमरप्रीत सिंह होंगे भारतीय वायुसेना के प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**एयर मार्शल** अमरप्रीत सिंह के पास विभिन्न प्रकार के फिक्स्ड और रोटरी विंग वाले विमानों पर 5000 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है। वह 30 सितंबर को मौजूदा एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी के सेवानिवृत्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के प्रमुख का पदभार संभालेंगे। एयर मार्शल सिंह वर्तमान में वायुसेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। 27 अक्टूबर 1964 को जन्मे एयर मार्शल सिंह को दिसंबर 1984 में भारतीय वायुसेना की लड़ाकू विमान पायलट श्रेणी में शामिल किया गया था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न कमान और स्टाफ में काम किया है। सिंह विदेशों में भी सेवा में तैनात रहे हैं। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र, वे एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार के फिक्स्ड और रोटरी-विंग विमानों पर 5,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। उन्होंने एक ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और एक फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान संभाली है। एक परीक्षण पायलट के रूप में उन्होंने मास्को में मिग-29 अपग्रेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम का नेतृत्व किया। वह राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र में परियोजना निदेशक (उड़ान परीक्षण) भी थे और उन्हें हल्के लड़ाकू विमान, तेजस के उड़ान परीक्षण का काम सौंपा गया था। ( शेष पृष्ठ 9 )

# जम्मू-कश्मीर में अमित शाह



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले शनिवार को पुंछ जिले में मेंढर में एक चुनावी रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। पीटीआई

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने 25 सितंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान से पहले भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए शनिवार को राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों का दौरा किया। शाह ने यहां पांच चुनावी सभाओं को संबोधित किया, जिनमें से दो राजौरी और पुंछ में और एक जम्मू के अखनूर इलाके में थी। गृहमंत्री ने अपनी सभी सभाओं में मतदाताओं से अपील की कि वे जम्मू-कश्मीर के भविष्य को बदलने के लिए अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों को जिताएं।

शाह ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसे तीन वंशवादी परिवारों पर तीखा हमला बोला और उन्हें हराने के लिए क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की। उन्होंने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासन के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बढ़ा और हजारों लोग मारे गए। शाह ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट में एक चुनावी रैली में कहा, कांग्रेस और नेकां ने यहां 35 साल तक राज किया, आतंकवाद बढ़ा, 40 हजार लोग मारे गए, तीन हजार दिन तक जम्मू-कश्मीर बंद रहा, आठ साल तक यह अंधेरे में डूबा रहा। इसके लिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जिम्मेदार हैं। गुज्जर/बकरवाल और पहाड़ी मतदाताओं को लुभाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, देश के लोग गर्व करते हैं और पहाड़ी, गुज्जर और बकरवाल को सलाम करते हैं, ( शेष पृष्ठ 9 )

# राहुल गांधी ने उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेरिका में** अपने हालिया बयान के बारे में भाजपा पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को सिखों से पूछा कि उन्होंने जो कहा, उसमें क्या कुछ गलत है और क्या भारत ऐसा देश नहीं होना चाहिए, जहां हर भारतीय बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन कर सके। राहुल का बयान की प्रतिक्रिया समय आई, जब केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने विदेश में भारत की छवि को धूमिल किया और सिख समुदाय को भड़काने की कोशिश की। झारखंड में एक रैली में सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका की यात्रा की। उन्होंने सिख समुदाय को यह कहकर उकसाने की कोशिश की कि सिख समुदाय के लिए भारत सुरक्षित नहीं है। वह विदेश में भारत की छवि और प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहे हैं। भाजपा पर अमेरिका में उनकी हालिया टिप्पणियों के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि भाजपा उन्हें चुप कराने कराना चाहती है। क्योंकि वे सच्चाई बर्दाश्त नहीं कर सकते। भाजपा अमेरिका में मेरी टिप्पणियों के बारे में झूठ फैला रही है। वह भारत और विदेशों में हर सिख भाई-बहन से पूछना चाहते हैं कि क्या मैंने जो कहा, उसमें कुछ गलत है। क्या भारत ऐसा देश नहीं होना चाहिए जहां हर सिख और हर भारतीय बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन कर सके। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर कहा। हमेशा की तरह, भाजपा झूठ का सहारा ले रही है। क्योंकि वे सच बर्दाश्त नहीं कर सकते। लेकिन वह हमेशा उन मूल्यों के लिए बोलेंगे जो भारत को परिभाषित करते हैं। उन्होंने कहा कि विविधता में हमारी एकता, समानता और प्रेम है। ( शेष पृष्ठ 9 )



# मध्यम वर्ग की रसोई होगी महंगी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**भारत में अच्छी** मानसूनी बारिश होने के बावजूद सब्जियों, फलों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते इस बार रसोई का बजट बिगड़ सकता है। इस मौसम में रसोई के मुख्य खाद्य पदार्थों जैसे प्याज और आलू की कीमतों में उछाल आने की उम्मीद है, इसका कारण 2022-23 की तुलना में 2023-24 में इन वस्तुओं का उत्पादन कम रहने का अनुमान है। इसके साथ ही बैंगन, जिमिकंद और शिमला मिर्च जैसी अन्य सब्जियों के उत्पादन में भी कमी देखी जा सकती है। उत्पादन में गिरावट के चलते आने वाले दिनों में इन आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मुद्रास्फीति में खाद्य पदार्थ की कीमतों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर 3.65 फीसदी हो गई, जो जुलाई में दर्ज 3.6 फीसदी से थोड़ी अधिक है। मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2-



6 फीसदी के मध्यम अवधि के लक्ष्य के भीतर थी।

आंकड़ों से पता चलता है कि 2023-24 में प्याज का उत्पादन 242.44 लाख टन और आलू का उत्पादन लगभग 570.49 लाख टन होने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण बिहार और पश्चिम बंगाल में उत्पादन में कमी है। वहीं इस अवधि में टमाटर का उत्पादन 213.20 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यह करीब 204.25 लाख टन था, जो 4.38 फीसदी अधिक है। इस बीच, सब्जियों का उत्पादन करीब 205.80 मिलियन टन रहने का अनुमान है, जो 2022-23 से ज्यादा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की वेबसाइट के मुताबिक, खुदरा बाजार में आलू, प्याज और टमाटर क्रमशः 38 रुपये, 58 रुपये और 48 रुपये प्रति किलो बिक रहे हैं। पड़ोस के बाजारों में प्याज 60-70 रुपये प्रति किलो, आलू 50 रुपये और टमाटर 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। टमाटर के उत्पादन में बढ़ोतरी ने खाने की लागत को कम करने में मदद की है, शाकाहारी थाली में साल-दर-साल 8 फीसदी और मांसाहारी भोजन में 12 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अनुसार, सेब, खट्टे फल, अमरूद, लीची, अनार और अनानास के उत्पादन में गिरावट आने की संभावना है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के 2023-24 के विभिन्न बागवानी फसलों के क्षेत्र और उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, नौ वर्षों में पहली बार ऐसी गिरावट आई है। देश का बागवानी उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में 0.65 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 353.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है। ( शेष पृष्ठ 9 )

योग, आयुर्वेद, नैचुरोपैथी व सनातन स्वस्थ जीवन पद्धति अपनाएं

PATANJALI wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

मोटापा, बीपी, शुगर, थायरॉइड, अस्थमा, आर्थराइटिस क्रोनिक एसिडीटी, पुराने पेट के रोग, ह्रदय रोग, लीवर किडनी फेलियर, सोराइसिस, एक्जिमा, सफेद दाग आदि साध्य, असाध्य, शारीरिक एवं स्ट्रेस, डिप्रेशन एंग्जाइटी आदि मानसिक रोगों का समग्र (इंटिग्रेटेड) साइंटिफिक सॉल्यूशन जानने एवं स्थायी समाधान के लिए जैसा महर्षि पतंजलि, महर्षि धन्वंतरि आदि ऋषियों ने बताया है वैसी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रतिदिन स्वामी जी के साथ प्रातः LIVE योगाभ्यास करें और पूर्ण स्वस्थ निरामय जीवन जिएं।

आस्था LIVE प्रतिदिन सुबह 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 से 9:30 बजे

INDIA TV LIVE रोज सुबह 8:00 से 8:40 बजे

यू ट्यूब एवं फेसबुक पर भी स्वामी जी को फॉलो करें और उनके साथ LIVE योगाभ्यास करें
@swamiramdevofficial @swamiramdev

पतंजलि की आयुर्वेदिक औषधियां ही सर्वश्रेष्ठ क्यों है?

पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन में 5000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल फॉलो करके हमने इन्टरनेशनल हेल्थ रिसर्च जर्नल्स में पतंजलि के लगभग 500 से अधिक रिसर्च पेपर पब्लिश किये हैं तथा आयुर्वेद की औषधियों को पहली बार व्यापक एवं प्रामाणिक स्तर पर एलोपैथी की दवाओं के साथ कम्पैरेटिव स्टडी कर के आयुर्वेद की रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाया है। एनिमल मॉडल में लिवर, किडनी, पैनक्रियाज, लंग, हार्ट, ब्रेन एवं प्रजनन तंत्र फेलियर कर के आयुर्वेद की औषधियों से पुनः स्वस्थ कर के यह प्रमाणित किया है कि-

- आयुर्वेद से डिजनरेटेड सेल्स एवं ऑर्गन्स को रिजनरेट कर सकते हैं।
- जिस कारण से रोग हो रहा है उसके मूल कारण का पूर्णतः निवारण कर सकते हैं।
- पतंजलि की औषधियां सिंप्टम और सिस्टम दोनों को एक साथ स्वस्थ करती हैं। यह एंटी इन्फ्लेमेटरी, एंटी एजिंग एवं इम्यूनिटी बूस्टर भी हैं।
- टॉक्सिकॉलोजी स्टडी में निर्धारित औषधि मात्रा से 4 गुना से 28 गुना तक प्रयोग करके यह भी पाया कि पतंजलि आयुर्वेद की औषधियां पूर्ण निर्दोष एवं सभी प्रकार के साइड इफेक्ट से रहित हैं।

पतंजलि की सभी आयुर्वेदिक औषधियां मनुष्य की मूल प्रकृति के अनुरूप हैं क्योंकि एक-एक सेल में लाखों वर्ष की मेमोरी संग्रहित होती हैं और वो आयुर्वेदिक औषधि को आत्मसात कर लेती हैं जबकि अनेक रीसर्च यह बताते हैं कि एलोपैथी की सिंथेटिक दवाओं से बॉडी रिएक्ट करती है फिर उससे बहुत प्रकार के साइड इफेक्ट से जूझना पड़ता है अतः चिकित्सा की गुलामी से मुक्ति पाएं। योग, आयुर्वेद, नैचुरोपैथी को अपनी जीवन शैली में अपनाने के लिए हरिद्वार में 1 से 2 सप्ताह के आवासीय चिकित्सा हेतु अवश्य आएं।

पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् में पंचकर्म, षट्कर्म, नैचुरोपैथी, मेडिकेटेड फूड, वाटर और फास्टिंग द्वारा आवासीय चिकित्सा का लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें।
8954666111, 8954666222, 8954666333
booking@patanjaliwellness.com | www.patanjaliwellness.com

देश का पैसा देश में रहना चाहिए। यही पतंजलि के अर्थ से परमार्थ के पुरुषार्थ का अनुष्ठान है। देश को आर्थिक गुलामी से बचाएं। योग, आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाकर पतंजलि के शुद्ध सात्विक उत्पाद घर लाएं।




दिव्य एवं पतंजलि की रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड औषधियां एवं न्यूट्रास्यूटिकल्स अपनाकर सर्वांगीण स्वास्थ्य पाएं

नोटः- पतंजलि की कोई भी औषधि किसी भी रेगुलेटरी बॉडी से या कोर्ट द्वारा बैन नहीं है। जिन 14 औषधियों (श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, ब्रोंकोम, श्वासारि प्रवाही, श्वासारि अवलेह, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर, लिवामृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रिट गोल्ड, पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप आदि) के बारे में उनके बैन होने का भ्रम फैलाया गया, यह सभी व अन्य सभी औषधियां हमारे पतंजलि चिकित्सालय, आरोग्य केन्द्र, मेगा स्टोर्स एवं पूरे देश के प्रमुख स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

ऊपर वर्णित दवा का उपयोग सुझाव मात्र है। उपर्युक्त रोगों के प्रबंधन हेतु उपचार में इसका मुख्यतः प्रयोग किया जाता है। स्वविवेक से दवाएं न लें। दवाओं का प्रयोग हमेशा चिकित्सकीय निरीक्षण में करें।

# डूसू चुनाव : छात्र संगठनों में छात्रों को रिझाने की होड़

## 5-पी मॉडल पर काम करेगी एबीवीपी



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पैनल के प्रत्याशी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी करते हुए।

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए जारी किया घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव (डूसू) चुनाव के लिए सभी छात्र संगठनों ने तैयारी तेज करने के साथ छात्रों को अपने पक्ष में लुभाने के लिए वादे और दावों की झड़ी लगाकर अपने पक्ष में करने की कोशिशें तेज कर दी हैं। सभी छात्र संगठन अपने चुनावी घोषणा पत्र में छात्र हितों के दावे कर रही हैं।

इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को डूसू चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया। एबीवीपी ने प्रेस वार्ता कर अपने घोषणा पत्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छात्रों के हितों के लिए संगठन 5-पी मॉडल (प्रवेश, परिसर, पाठ्यक्रम, परीक्षा, परिणाम) के आधार पर काम करेगी। उन्होंने दावा किया कि इस घोषणा पत्र को अभाविप ने 5 हज़ार से अधिक विद्यार्थियों के प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करने के बाद तैयार किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पैनल से डूसू में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ऋषभ चौधरी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि एबीवीपी के सक्षम नेतृत्व पर डीयू स्टूडेंट्स का भरोसा रहा है। अभाविप द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र में प्रवेश, परिसर, पाठ्यक्रम, परीक्षा और परिणाम को संबंधी विषयों पर काम, रोजगार-परक शिक्षा व्यवस्था लागू करने, सर्वसमावेशी व सर्वस्पर्शी निवारण तंत्र को स्थापित करने तथा दिल्ली विश्वविद्यालय को सकारात्मक व सुरक्षित शैक्षिक परिवेश बनाने वाला दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पैनल से डूसू में उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह ने कहा कि अभाविप कैंपस में पढ़ रहे विद्याथियों हेतु वर्ष भर सक्रिय रहती है। विद्यार्थियों में अभाविप के प्रति प्रबल विश्वास से निश्चित ही अभाविप इस वर्ष चारों सीटों पर विजयी होगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पैनल से डूसू में सचिव पद की प्रत्याशी मित्रवृंदा करनवाल ने कहा कि अभाविप के सक्षम छात्र नेतृत्व ने गत वर्षों में डीयू में सकारात्मक माहौल बन सके इसके हेतु कार्य किया है। डूसू में संयुक्त-सचिव पद के प्रत्याशी अमन कपसिया ने कहा कि छात्र हितों में निरंतर कार्य कर अभाविप ने डीयू में विद्यार्थियों के मन:पटल पर एक प्रभावी छाप छोड़ी है। अभाविप के नेतृत्व वाले विद्यार्थियों हेतु यू-स्पेशल बस का संचालन, नए महिला छात्रावास के निर्माण हेतु स्वीकृति, छात्र गतिविधि केंद्र बनाने की अनुमति और स्थान का भूमि-पूजन, इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन के साथ अन्य मूलभूत समस्याओं के निवारण एवं महिला सुरक्षा के सुदृढ़ीकरण हेतु गत वर्षों में निरंतर कार्य किया है।

## छात्रों के हर वादों को करेंगे पूरा: एनएसयूआई

- एक दिन पहले शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की थी घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया पैनल के छात्र

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने 27 सितंबर को होने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र शनिवार को जारी किया।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने घोषणापत्र के प्रमुख बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए कहा, हमारा घोषणापत्र छात्रों की भलाई से संबंधित सभी मुद्दों के समाधान के लिए एक व्यापक दृष्णिकोण दर्शाता है।

चौधरी ने कहा, हमने उन प्रावधानों को सावधानीपूर्वक शामिल किया है जो छात्रों के सर्वांगीण विकास, उनके अधिकारों और परिसर के बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करता है और एनएसयूआई हर वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस से संबद्ध एनएसयूआई ने शुक्रवार को डूसू चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। एनएसयूआई के रौनक खत्री, यश नंदल, नम्रता जेफ मीणा और लोकेश चौधरी क्रमश: अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

वरुण चौधरी ने उम्मीदवारों पर विश्वास जताते हुए कहा, हमें विश्वास है कि इस डूसू चुनाव में एनएसयूआई चारों पदों पर जीत हासिल करेगी। हमारे प्रत्येक उम्मीदवार ने छात्र अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया है और वह छात्र समुदाय के सामने आने वाले मुद्दों से गहराई से जुड़े हुए हैं। उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत मतदाताओं को प्रभावित करेगी।

### एसएफआई और आइसा साथ लड़ रहे चुनाव


घोषणा पत्र के साथ एसएफआई और आइसा के संयुक्त प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसी) के चुनाव में पहली बार स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) संयुक्त रूप से मैदान में उतर रही है। दोनों छात्र संगठनों ने बृहस्पतिवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। डूसू चुनाव के लिए आइसा अध्यक्ष के लिए सावी गुप्ता, उपाध्यक्ष पद के लिए आयुष मंडल, एसएफआई से सचिव स्नेहा अग्रवाल और संयुक्त सचिव के पद के लिए अनामिका को अपना प्रत्याशी बनाया है। एसएफआई की ओर से दिल्ली की प्रदेश सचिव आइशी घोष और आइसा की ओर से दिल्ली की प्रदेश सचिव नेहा तिवारी ने संयुक्त रूप से दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था।

## भाजपा का दावा लैंडफिल हटाने की तारीख आगे बढ़ी

- अपने 2028 तक टाल कर निगम के जनादेश के साथ विश्वासघात किया : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ को हटाने की तारीख आगे बढ़ाने पर आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है। पार्टी के दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सवदेवा ने कहा कि तीनों लैंडफिल साइट की सफाई की तारीख वर्ष 2028 तक बढ़ाकर आप ने नगर निगम की सत्ता में बने रहने का अधिकार खो दिया है।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली नगर निगम ने पिछली सुनवाई में उच्चतम न्यायालय में शपथ पत्र दे कर सूचित किया है कि स्थायी समिति नहीं होने के चलते लैंडफिल साइट सफाई की तारीख अब वर्ष 2028 तक माना जाये। वीरेंद्र सचदेवा ने एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह और प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर की मौजूदगी में कहा कि गत दो साल में दिल्ली नगर निगम जनसेवा करने की जगह आप नेताओं एवं पार्षदों के भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। तीनों बड़ी लैंडफिल साइट की सफाई की तारिख 2028 तक बढ़ा कर आम आदमी पार्टी ने निगम में सत्ता में बने रहने का अधिकार खो दिया है। वर्ष 2016 से नवम्बर 2023 तक आप नेताओं खासकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं दुर्गेश पाठक ने लोगों से ना जाने कितनी बार नगर निगम में सत्ता में आते ही दिल्ली से कूड़े के पहाड़ को खत्म करने का वादा किया था। निगम चुनाव से ठीक पहले केजरीवाल ने 27 अक्टूबर 2022 को गाजीपुर लैंडफिल साइट गये और दिल्ली वालों से नगर निगम सत्ता में आते ही वरीयता पर तीनों लैंडफिल साइट साफ करने का वादा किया। सत्ता में आते ही आम आदमी पार्टी ने भाजपा के कार्यकाल में तय लैंडफिल साइटों की सफाई की तारिखों को आगे बढ़ा दिया और तीसरी डेडलाइन तय की जिसके अनुसार ओखला साइट 2024 के अंत में, भलस्वा साइट में और गाजीपुर लैंडफिल साइट वर्ष 2026 के अंत तक साफ हो जानी थीं पर अब अरविंद केजरीवाल की पार्टी इन तारीखों से भाग रही है।

दिल्ली वालों ने नवम्बर 2022 के निगम चुनाव में निगम की सत्ता आम आदमी पार्टी को सौंपी, शायद लोगों को लगा की दिल्ली सरकार एवं नगर निगम एक पार्टी के पास होंगे तो दिल्ली साफ-सफाई बनेगी, प्रदूषण रहित होगी और विकास तेज होगा पर आज निगम की बागडोर आप को सौंपने के 22 माह बाद जनता दिल्ली बदहाली एवं बर्बादी देख कर स्तब्ध है। विषम आर्थिक समस्याओं के बीच काम करते हुए तत्कालीन भाजपा ने 2017 से 2022 के बीच तत्कालीन तीनों नगर निगमों के सभी वार्डों को कूड़ा ढलाव मुक्त करने और तीनों बड़ी लैंडफिल साइट को तीनों स्तरों में साफ करने की योजनाबद्ध नीति बनाई थी। जिसके चलते आज सभी 272 वार्डों को कूड़ा ढलाव मुक्त कर दिया। साथ ही योजनाबद्ध तरीके से वर्ष 2021 के अंत तक भलस्वा में 25 फीसदी, गाजीपुर में 20 प्रतिशत और ओखला में कूड़े से बिजली का संयंत्र लगाकर 33 प्रतिशत तक कूड़ा साफ कर चुके थे। यदि आज निगम में भाजपा होती तो तीनों लैंडफिल साइट साफ होती। लेकिन अब लैंडफिल सफाई की तारिख 2028 तक टाल कर अपना पल्ला झाड़ लिया है।

## गोकलपुरी नाले से गाद नहीं निकालने पर भड़के एलजी

- गहराई 200 से घटकर 20-25 फुट रह गई: उपराज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


अधिकारियों संग गोकलपुरी नाले का निरीक्षण करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने उत्तर-पूर्व दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने के बाद कहा कि वर्षों तक गाद नहीं निकाले जाने के कारण गोकलपुरी नाले की गहराई 200 फुट से घटकर 20-25 फुट रह गई है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली स्थित गोकलपुरी, खजूरी, भजनपुरा, मुस्तफाबाद और करावल नगर का निरीक्षण करने के दौरान देश की राजधानी का गंदा रूप देखने को मिला। दिल्ली के लोगों की बेबसी का एक और आयाम देखने को मिला। पोस्ट में उन्होंने कहा कि वर्षों तक गाद नहीं निकाले जाने के कारण 200 फुट गहरे गोकलपुरी नाले की गहराई अब घटकर 20-25 फुट रह गई है। सक्सेना ने कहा, सड़क पर गड्ढे, कूड़े के ढेर, सड़क पर जमा सीवर का गंदा पानी और जलभराव वाली क्षेत्र की तस्वीरें दिल्ली की सच्चाई को उजागर करती हैं। उम्मीद है कि इस दुर्दशा के लिए जिम्मेदार लोग इसे समझेंगे।

उन्होंने संबंधित विभागों और अधिकारियों को सुधारात्मक कार्य युद्धस्तर पर शुरू करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद एलजी ने कहा कि उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के लोगों की मांग पर उन्होंने क्षेत्र का दौरा किया। क्षेत्र के लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। क्षेत्र की हालत खराब हो गई है। सड़के टूटी हुई है। नालियां जाम है। नाले की सफाई नहीं हुई, उसमें गाद भरा हुआ ह। उन्होंने कहा कि बारिश के बाद जब यहां की हालात ऐसी है तो बारिश के वक्त क्या हालात होते होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

### बीएमडब्ल्यू कार ने ऑटो को मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

**नई दिल्ली।** तिलक मार्ग पर एक लग्जरी कार ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार 63 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा 12 सितंबर को सुबह पांच बजे तब हुआ जब नीरज कुमार, अपने पिता सच्चिदानंद, पत्नी कुमारी सलमा, दो बेटों यशराज और हंसराज के साथ ऑटो रिक्शा में सवार होकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से अपने घर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि जब ऑटोरिक्शा सिकंदरा और मथुरा रोड चौराहे की ट्रैफिक लाइट के पास पहुंचा, तभी एक बीएमडब्ल्यू ने उनके वाहन को टक्कर मार दी।

## सिर्फ चेहरा बदला, सरकार वही : सचदेवा

- कहा, भ्रष्टाचार, अक्रमणयता, आरजकता बदस्तूर जारी रहेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


प्रेस वार्ता में दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सचदेवा।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री आतिशी के शपथ ग्रहण पर उन्हें शुभकामना देते हुए कहा कि वह एक मंत्री के रूप में असफल रही हैं और दिल्ली वालों को आगे उनकी सरकार से भी कोई उम्मीद नही है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, आतिशी के मुख्यमंत्री बनने से सिर्फ चेहरा बदला हे, सरकार का चरित्र नही बदला है और सरकार वो ही है तो भ्रष्टाचार, अक्रमणयता, आरजकता भी बदस्तूर जारी रहेंगे।

सचदेवा ने कहा है की अगर आतिशी कोई परिवर्तित सरकार देना चाहती हैं तो सबसे पहले निवर्तमान मुख्यमंत्री केजरीवाल के शीशमहल बंगले को जनता के लिए खोले ताकि अम जनता देख सके की कैसे जनता को लूट कर 60 करोड़ से अधिक का यह महल कोविडकाल में बनाया गया। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, आतिशी ने आज धार्मिक मान्यताओं के विपरीत जाकर पदभार ग्रहण किया है तो यह भी तय है की दिल्ली सरकार कठिन वक्त में फंसी रहेगी। ज्ञात हो कि आतिशी के मुख्यमंत्री बनने की एलान के बाद भाजपा काफी हमलावर है। पिछले दिनों स्वाती ने भी आतिशी माता-पिता पर अफजल के समर्थक होना बताया था।

## आतिशी के पारदर्शी प्रशासन पर है संशय : देवेंद्र यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आतिशी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर कहा, कांग्रेस दिल्ली को मिली महिला मुख्यमंत्री का स्वागत करती है लेकिन आतिशी के अनुभव और कार्यशैली से कोई भी संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के बजाय जिम्मेदारियों से भागकर बदले की भावना वाली कार्यशैली आतिशी की पहचान बन चुकी है। देवेंद्र यादव ने आतिशी के पारदर्शी प्रशासन पर संशय जताते हुए कहा कि मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या वे सरकार में भ्रष्टाचार को खत्म करने लिए काम करेंगी, अपराधिक मामलों में लिप्त विधानसभा सदस्यों के खिलाफ कार्यवाही करेंगी, जल संकट को दुरस्त करेंगी, बदहाल सड़कों, खतरनाक प्रदूषण, ओवरफ्लो सीवर, नालों, सड़कों व अंडरपास में जल निकासी की समस्या समेत अन्य समस्याओं में से किसको ठीक करेंगी। उन्होंने कहा, आतिशी केजरीवाल मंत्रीमंडल के सदस्यों द्वारा किए भ्रष्टाचार की कार्यशैली से आतिशी कैसे अलग हो सकती है। क्या वे तमाम भ्रष्टाचार के मामलो के दोषियों पर कार्यवाही करने का काम करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नबी करीम फर्नीचर बाजार में लगी आग



**नई दिल्ली।** नबी करीम के एक फर्नीचर बाजार में शनिवार तड़के आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर फर्नीचर बाजार में एक दुकान में आग लगने की सूचना मिली और दमकल की सात गाड़ियों को घटनास्थल के लिए भेजा गया। आग पर काबू पाने में चार घंटे लगे। अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन फर्नीचर और लकड़ी के अन्य सामान जलकर खाक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। मामले की जांच की जा रही है।

### अनंदिता नारायणन की भरतनाट्यम प्रस्तुति

**नई दिल्ली।** त्रिवेणी कला संगम के सभागार में भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति से सराबोर कार्यक्रम 'सोपान - द नेक्स्ट स्टेप' का आयोजन किया गया। प्रख्यात नृत्यांगना, पद्मश्री गीता चन्द्रन की शिष्या अनंदिता नारायणन ने भरतनाट्यम से उपस्थित श्रोताओं व दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रस्तुतिकरण में मंच पर उन्हें संगत दी गुरु गीता चंद्रन (नट्टुवंगम), के. वेंकटेश्वरन (स्वर), मनोहर बालाचंडीराणे (मृदंगम), वरुण राजशेखरन (घाटम) और जी. राघवेंद्र प्रसाद (वायलिन) ने। अनंदिता ने सोपान की ओर मूल्यवान सबक के साथ अपनी यात्रा को एक समृद्ध अनुभव के रूप में वर्णित किया। प्रस्तुति के उपरान्त अनंदिता ने कहा कि मेरे लिए, नृत्य केवल एक कला रूप नहीं यह मेरे जीवन का तरीका है। मैं नृत्य को अपने अस्तित्व की हर कोशिका में प्रवाहित महसूस कर सकती हूं।

### जंतर-मंतर पर जनता की अदालत आज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल रविवार को जंतर-मंतर पर जनता की अदालत में जाएंगे और लगाएंगे। यह जानकारी नेता व विधायक दिलीप पांडे ने एक प्रेसवार्ता में दी। विधायक दिलीप पांडे ने दावा किया कि रविवार को जंतर-मंतर पर पहली 'जनता की अदालत' लगेगी जिसमें पूरी दिल्ली से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हमें पूरा भरोसा है 'जनता की अदालत' में दिल्ली के लोग कहेंगे कि मेरा केजरीवाल ईमानदार है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झूठे आरोप लगाकर अपनी एजेंसियों से अरविंद केजरीवाल को इस लिए गिरफ्तार कराया, क्योंकि वह दिल्लीवालों को मिल रही बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक बुजुर्गों की तीर्थयात्रा, महिलाओ की बस यात्रा समेत अन्य सुविधाएं रोकना चाहती है। इसके बाद भी हमारी सरकार ने एक भी काम नहीं रूकने दिया। दिलीप पांडे ने कहा, भाजपा ने ईडी-सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके आम आदमी पार्टी को खरीदने और तोड़ने की कोशिश की यह सभी ने देखा।

## आप मुक्त दिल्ली बनाने का सपना: विजेंद्र

- बोले, डमी सरकार का रिमोट केजरीवाल के हाथ में ही रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आतिशी के मुख्यमंत्री बनने पर दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे प्रयासों से अभी दिल्ली सिर्फ 'केजरीवाल मुक्त' हुई है, हमारा सपना उस दिन पूरा होगा जब दिल्ली 'आप मुक्त' हो जायेगी।

गुप्ता ने कहा कि लगभग 10 साल तक दिल्ली की जनता को नजरअंदाज केजरीवाल से आज दिल्ली की जनता को मुक्ति मिली है, लेकिन असली मुक्ति तभी मिलेगी जब आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली की सत्ता से बाहर हो जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिल्ली के दो करोड़ लोग आगामी फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों में आप आदमी पार्टी को शिकस्त देकर सत्ता से बाहर करने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि मजबूरी में दिए गए केजरीवाल के इस्तीफे से यह सिद्ध हो गया है कि सरकार न तो बेल से चल सकती है और न ही जेल से।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वामपंथी विचारधारा की पोषक आतिशी के मुख्यमंत्री बनने से दिल्ली को कोई राहत मिलने वाली नहीं है। मानसून की बारिश में और जलभराव के कारण हुई मौतों के बाद अगले एक दो महीने में दिल्ली का प्रदूषण स्तर पिछले साल की तरह फिर से लोगों को दमघोंटू हवा में सांस लेने को मजबूर करने वाला है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अपने मंत्रालयों में असफलता की कहानियां गढ़ने वाली आतिशी के मुख्यमंत्री बनने से दिल्ली सरकार के सभी मंत्रालयों में काम ठप हो जाएगा जैसा कि उनके मंत्रिकाल में होता रहा है।

## कोर्ट ने दाती महाराज के खिलाफ बलात्कार का आरोप तय किए

**पायनियर समाचा सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने स्वयंभू बाबा दाती महराज और उनके दो भाइयों अशोक एवं अर्जुन के खिलाफ दुष्कर्म, आप्राकृतिक यौन संबंध बनाने और आपराधिक धमकी देने का आरोप तय कर दिया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नेहा की ऑनलाइन दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, आरोप पर आदेश पारित किया गया और तदनुसार आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप तय किए गए। इस बीच, अदालत ने मामले में दाती के एक अन्य भाई अनिल को आरोप मुक्त कर दिया। अदालत द्वारा शुक्रवार को आरोप तय किए जाने के बाद आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया है। अदालत ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए 18 अक्टूबर की तारीख तय की है। पीड़िता के वकील प्रदीप तिवारी ने कहा कि अदालत ने दाती महाराज उर्फ मदन लाल राजस्थानी और उनके भाइयों अशोक और अर्जुन के खिलाफ आरोप तय किए हैं।

दाती की एक शिष्या द्वारा स्वयंभू बाबा और उसके तीन भाइयों - अशोक, अनिल और अर्जुन के खिलाफ दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी पुलिस थाने में सात जून 2018 को बलात्कार की शिकायत दायर की गई थी।

इसके बाद आईपीसी के तहत बलात्कार, अप्राकृतिक यौन संबंध, छेड़छाड़ और साझा मंसूबा रखने के कथित अपराधों को लेकर 11 जून को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## आईजीआई पर हंगामा करने वालों की खैर नहीं

- एयरपोर्ट प्रशासन ने कसा शिकंजा, विशेष मुहिम के साथ एक्शन शुरू

**पायनियर समाचा सेवा।** नई दिल्ली



आईजीआई एयरपोर्ट पर अब हंगाम करने व उत्पात मचाने वालों की खैर नहीं है। ऐसी घटनाओं के खिलाफ आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस और इंडिगो एयरलाइंस ने एक विशेष मुहिम शुरू की है।

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस और इंडिगो एयरलाइंस ने शनिवार को एक संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में यात्रियों, पुलिस और एयरलाइंस के बीच सामंजस्य को लेकर चर्चा करने के साथ आए दिन मारपीट और यात्रियों के साथ दुर्व्यहार की घटनाओं रोकने पर प्रशिक्षण शिविर चर्चा की गई। यात्री का सामान खोने पर उसकी मदद करने, शराब पीकर हंगामा करने वाले यात्री को नियंत्रित करने पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में इस साल फरवरी में भी में दिल्ली पुलिस की आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस और इंडिगो एयरलाइंस ने एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। इस प्रशिक्षण शिविर में यात्रियों की समस्या, यात्रियों से बात करने का तरीका और अन्य तरह की आने वाली दिक्कतों को एयरलाइंस और पुलिसकर्मियों से साझा किया गया था। ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इंदिरा गंधी एयरपोर्ट डीसीपी और आईपीएएस अधिकारी उषा रंगनानी कहती हैं, आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस और इंडिगो एयरलाइंस के बीच एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और स्वागत योग्य वातावरण कैसे तैयार होना चाहिए इसके लिए दोनों तरफ के लोगों ने बात कर व्यवस्था को सुचारू और सकारात्मक बनाने पर चर्चा की गई।

# मतदान और मतगणना के दिन जिले में रहेगा ड्राई-डे

## मुफ्त शराब वितरण से मतदाताओं को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास को रोकना है आदेश का मकसद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




हरियाणा विधानसभा चुनाव के तहत जिले में पांच अक्टूबर शनिवार को मतदान के दिन तथा मंगलवार आठ अक्टूबर को मतगणना के दिन ड्राई-डे रहेगा। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सार्वजनिक व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए इसे अनिवार्य किया है।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आदशों का उद्देश्य मुफ्त शराब के वितरण के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास को रोकना है। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 सी के बारे में बताया कि कोई भी स्पिरिट युक्त या नशीली शराब या इसी तरह की प्रकृति के अन्य पदार्थ किसी होटल में बेचे, दिए या वितरित नहीं किए जाएंगे।

मतदान क्षेत्र में किसी भी चुनाव के लिए मतदान के समापन के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान मतदान क्षेत्र के भीतर घर, शराबखाने, दुकान या कोई अन्य स्थान, सार्वजनिक या निजी होटल पर शराब बेचना या परोसना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने या परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को उपरोक्त दिनों में किसी को भी शराब बेचने/परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

डीसी ने बताया कि गैर-मालिकाना क्लब, स्टार होटल, रेस्तरां आदि और होटल शराब रखने और आपूर्ति के लिए लाइसेंस की विभिन्न श्रेणियों के तहत काम करने वालों को भी उक्त दिनों में शराब परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उपरोक्त अवधि के दौरान व्यक्तियों द्वारा शराब के भंडारण पर अंकुश लगाया जाएगा और उत्पाद शुल्क कानून में दिए गए प्रतिबंधों के तहत रोक लगाई जाएगी।

# सोहना के रिटर्निंग ऑफिसर ने नाकों का किया निरीक्षण

- कहा- जांच के समय वाहन चालकों एवं यात्रियों के साथ शालीनता बरतें अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सोहना विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम होशियार सिंह ने विधानसभा में एफएसटी और एसएसटी टीमों द्वारा लगे नाकों का औचक निरिक्षण किया। ताकि क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता की पूर्णता अनुपालना सुनिश्चित की जा सके तथा किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर कड़ी नजर रखी जा सके।

रिटर्निंग ऑफिसर ने एसएसटी टीम की कार्यप्रणाली की जांच कर हर समय अलर्ट रहने तथा सभी वाहनों की चैकिंग करने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने खुद भी गाड़ियों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि वे वाहनों की चैकिंग के समय वाहन चालकों एवं यात्रियों के साथ शालीनता बरतें। लेकिन, भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जरा भी ढील न बरतें। एफएसटी एवं एसएसटी के नाकों एवं मूवमेंट में औचकता का विशेष ध्यान रखें, ताकि संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर शिकंजा कसा जा सके। बता दें कि सोहना विधानसभा में निगरानी के लिए एफएसटी की 3 टीम सोहना व 2 टीम तावडू, एसएसटी की 2 टीम घामडोज टोल व 1 टीम को तावडू क्षेत्र में तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त वीवीटी व वीएसटी की एक-एक टीम फील्ड में तैनात की गई हैं।

# प्रदेश में बह रही बदलाव की बयार: विजय

- कहा- कांग्रेस को दिया गया वोट बदलेगा बड़खल की तस्वीर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जनसभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप का स्वागत करते लोग।

बड़खल विधानसभा क्षेत्र में लगातार मिल रहे भारी जन समर्थन से गदगद कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि उनके पक्ष में दिया गया वोट बड़खल विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदल देगा।

यह बात कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने शनिवार को शिव दुर्गा विहार में हुए स्वागत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आप लोगों की भारी संख्या और जोश बता रहा है कि क्षेत्र में बदलाव की बयार तेजी से बह रही है। आने वाली सरकार कांग्रेस की बन रही है और आपके द्वारा दिया जा रहा मान सम्मान का ऋण मैं सूत सहित उतारूंगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस नेता एवं पूर्व में बड़खल से विधानसभा प्रत्याशी रहे अजय भडाना ने की। उन्होंने कहा कि शिव दुर्गा विहार का अगर कोई भला कर सकता है, तो वो चौ. महेन्द्र प्रताप सिंह या उनके सुपुत्र विजय प्रताप सिंह कर सकते हैं। इसलिए उन्होंने इस बार विजय प्रताप को समर्थन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने उपस्थित लोगों से विजय प्रताप को विजयी बनाने का आह्वान किया। अजय भड़ाना के आह्वान पर शिव दुर्गा विहार के लोगों ने हाथ उठाकर विजय प्रताप के समर्थन में मतदान करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर कॉलोनी के लोगों ने विजय प्रताप को अपने क्षेत्र की मुख्य समस्याओं, सीवरेज, नाले में भरी हुई गंदगी एवं टूटी सड़कों आदि से अवगत कराया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विजय प्रताप ने कहा कि शिव दुर्गा विहार से उनको हमेशा प्यार मिला है। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन डालने के नाम पर पूरी बड़खल विधानसभा में जगह-जगह गड्ढे कर दिए, जो आज तक नहीं भरे गए। 160 करोड़ रुपए सीवर लाइन डालने के नाम पर हजम कर गए, लेकिन कहीं भी सीवर लाइन शुरू नहीं कर पाए। पूरी विधानसभा में 8 इंच की सीवर लाइन डाली जा रही है, इतनी बड़ी आबादी पर 8 इंच की सीवर लाइन कैसे कामयाब हो सकती है।

# ललित नागर ने की अपने पक्ष में मतदान की अपील

- पंचायती उम्मीदवार का जसाना सहित कई गांवों में हुआ स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने कहा है कि उनकी राजनीति के बीस साल संघर्षरत रहे है, वे हमेशा विपक्ष की भूमिका में रहे है और उन्होंने विपक्ष में रहते हुए सड़क से लेकर विधानसभा तक जनता के हक-हकूक की आवाज को बुलंद तरीके से उठाने का काम किया।

इस बार लग रहा था कि क्षेत्र की जनता उन्हें जिताकर भेजेगी और सरकार में भागीदार बनेंगे और क्षेत्र में जो समस्याएं है, उनका समाधान करवाएंगे, लेकिन कुछ षडयंत्रकारियों ने उनकी राजनीतिक हत्या का प्रयास करते हुए उनका टिकट कटवा दिया, लेकिन तिगांव क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी ने उन्हें ताकत प्रदान की और चुनावी समर में उतरने का आर्शीवाद दिया। आज वह आजाद उम्मीदवार के रुप में आप सभी से समर्थन मांगने आए है, केवल आप ही वोट की चोट से मेरे सम्मान को बचा सकते है। श्री नागर ने आज चुनावी अभियान के तहत आज गांव जसाना, कौराली, छोटी खेड़ी, तिलौरी, अल्लीपुर, कांवरा ब्राह्मण, सूरदास कालोनी, ओम एंक्लेव आदि में चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान लोगों ने फूल मालाओं एवं पुष्प वर्षा करके श्री नागर का स्वागत किया। चौरासीपाल के गांव जसाना में हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर डीजे व ढोल-नगाड़ों की थाप पर जुलूस के रुप में सभा स्थल तक लेकर पहुंचे।

# बगैर अनुमति प्रचार कर रहे तीन वाहन किए जब्त

**गुरुग्राम।** आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आयोग द्वारा सोहना विधानसभा के लिए नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक कुंदन यादव आईआरएस के नेतृत्व में आवश्यक कार्रवाई की गई। जिसमें एक व्यक्ति से तीन लाख रुपए ज़ब्त किए गए तथा तीन व्हीकल जिन पर बगैर परमिशन के डीजे लगा हुआ था को जब्त कर निर्धारित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। व्यय पर्यवेक्षक कुंदन यादव ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए 40 लाख की व्यय सीमा निर्धारित की गई है। इसलिए सभी प्रत्याशी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर ही प्रचार पर धनराशि व्यय करें।

# भाजपा ने नारकीय जीवन जीने को किया मजबूर: मोहित

- देना होगा दस साल का हिसाब, आमजन के सवालों से बच नहीं सकते सत्तासीन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



निरंकारी सत्संग भवन में निरंकारी श्रद्धालुओं को संबोधित करते मोहित मदन लाल ग्रोवर।

कांग्रेस प्रत्याशी मोहित मदन लाल ग्रोवर ने कहा कि गुरुग्राम शहर के एक-एक नागरिक का यह कर्तव्य और जिम्मेदारी है कि वोट देने से पहले वह सत्तासीनों से पिछले दस का हिसाब जरूर मांगे। यह बात उन्होंने चुनाव प्रचार करते हुए कही।

मोहित मदन लाल ग्रोवर ने कहा कि लोगों को नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर करने वाली भाजपा और उसके नेता, लोगों के सवालों से बच नहीं सकते। झूठे वादे कर सत्तासीन होने के बाद भाजपा ने लोगों की जीवन शैली से खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दस साल में गुरुग्राम के लिए क्या किया, अगर इसका इसका हिसाब नहीं दिया तो इस बार जनता भाजपा का हिसाब चुकता कर देगी। मोहित लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि बहुत लंबा चौड़ा हिसाब नहीं है, बस चंद सवाल हैं। जो वोट देने से पहले भाजपा प्रत्याशी से जरूर पूछ लें। उन्होंने कहा कि पहला सवाल यह कि दस साल में जलभराव का स्थाई समाधान क्यों नहीं हो पाया। हर साल करोड़ों रुपये लुटाने के बाद भी लोग बरसात में घरों में कैद होने को मजबूर हो जाते हैं। मोहित को व्यापारियों और ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों ने समर्थन दिया।

# आध्यात्मिकता से ही सामाजिक सशक्तिकरण संभव: मोनाली

- तीन दिवसीय समाजसेवी राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ
- ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में तीन दिवसीय समाजसेवी राष्ट्रीय शिविर का शुभारंभ करते अतिथि।

ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में समाज सेवियों के लिए शनिवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ। दादी प्रकाशमणी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की संयुक्त सचिव मोनाली धकाते ने बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार रखे।

स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तव में असली सशक्तिकरण हैं। आध्यात्मिकता से ही सामाजिक सशक्तिकरण हो सकता है। आध्यात्मिकता जीवन की प्रक्रिया है। आध्यात्मिकता ही जीवन है। क्योंकि मूल्यों की जागृति चेतना से होती है। योग हमें स्वयं से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा आध्यात्मिक सशक्तिकरण के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य हो रहा है। फरीदाबाद से रॉटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर विपिन चंदा ने कहा कि आध्यात्मिक जागृति से ही सामाजिक परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता ही मानव के व्यावहारिक एवं मानसिक बदलाव का आधार है। ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज एक ऐसे समाज की पुनर्स्थापना का कार्य कर रही है जहां कोई भी दुख न हो।

संस्था का मूल उद्देश्य आध्यात्मिक मूल्यों को जाग्रत करना है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान मानव के अन्दर सेवा की सच्ची भावना पैदा करने का कार्य कर रही है। अजमेर से पधारी राजयोगिनी बीके शांता दीदी ने कहा कि दुःख का मूल कारण मनुष्य के ही अपने कर्म हैं। कर्मों को सुधारने से ही व्यक्ति व समाज सुख सम्पन्न बन सकता है।

# ठाकुरवाड़ा ओल्ड फरीदाबाद में विपुल गोयल ने मांगे वोट

- कहा- कमल के निशान वाला बटन दबाकर भाजपा को मजबूत बनाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद से भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल का शनिवार को ओल्ड फरीदाबाद ठाकुरवाड़ा में राजू ठाकुर एवं उनकी टीम ने जोरदार स्वागत किया। महिलाओं ने भी विपुल गोयल को जीत का आशीर्वाद दिया।

अपने स्वागत में उमड़े जनसैलाब से गदगद हुए विपुल गोयल ने लोगों से आह्वान किया कि आने वाली 5 तारीख को कमल के निशान वाला बटन दबाकर भाजपा को मजबूती प्रदान करने का काम करें। उन्होंने कहा कि आप लोगों का साथ और आपका विश्वास ही मेरी ताकत है। मुझे यकीन है, आप लोगों के प्यार और सत्कार ने मेरी जीत की राह आसान कर दी है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने फरीदाबाद में विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और फिर से मौका मिला तो दोगुनी ताकत से क्षेत्र के विकास एवं उन्नति के लिए कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि देश हित के लिए फिर से एक बार भाजपा की सरकार को लाना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने अनेक क्रांतिकारी फैसले किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



विजेता हरियाणा की टीम।

### सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में हरियाणा को दूसरा स्थान

**गुरुग्राम।** आसाम के जोरहाट में हरियाणा फुटबॉल की टीम सब जूनियर ने नेशनल प्रतियोगिता में इतिहास रचते हुए अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहली बार द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। हरियाणा का सेमीफाइनल मैच हिमाचल प्रदेश की टीम के साथ हुआ। इस सेमीफाइनल मैच में हरियाणा की टीम ने 2-1 के स्कोर से हिमाचल की टीम को हराया ओर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। फाइनल मैच आसाम और हरियाणा के बीच खेला गया। इस मैच में हरियाणा की टीम उप विजेता रही। पूरे भारत वर्ष में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक जीत पर हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के प्रधान सूरज पाल अम्मू ने टीम को शुभकामनाएं व अपना आशीर्वाद दिया है। सभी खिलाड़ियों से वीडियो कॉल पर अपना आशीर्वाद दिया है। फुटबॉल के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों में खुशी का माहौल है। हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन की महासचिव शेफाली नागल ने सुखद परिणाम पर बेहद खुशी जाहिर की है। हरियाणा फुटबॉल की टीम आसाम में ओम तंवर मैनेजर व शक्ति सिंह हेड कोच के मार्गदर्शन में खेल रही है।

### डॉ. नेहरू ने श्री श्री रविशंकर को भेंट की अपनी पुस्तक



श्री श्री रविशंकर को अपनी पुस्तक भेंट करते कुलपति डॉ. राज नेहरु।

**फरीदाबाद।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू द्वारा कश्मीर शैव दर्शन पर आधारित अहं शिवम् पुस्तक प्रकाशित हुई है। परम शिव के आध्यात्मिक, वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक आयामों पर लिखी गई इस पुस्तक पर देश भर के कई विश्वविद्यालयों में विवेचना एवं मंथन हो रहा है। देश के कई बड़े संतों एवं आध्यात्मिक हस्तियों ने इस पुस्तक की सराहना की है। इसी कड़ी में कुलपति डॉ. राज नेहरू ने अहं शिवम् पुस्तक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी को भेंट की। उन्होंने पुस्तक के शीर्षक और विषय वस्तु की मुक्त कंठ प्रशंसा की। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने पुस्तक में समाहित परम शिव के वैविध्य और मौलिकता को सराहा। उन्होंने लीक से हट कर यह पुस्तक लिखने के लिए कुलपति डॉ. राज नेहरू को बधाई दी। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी सुनैना नेहरू भी उपस्थित रहीं। डॉ. राज नेहरू ने अहं शिवम् पुस्तक के लेखक के तौर पर मिले इस आशीर्वाद के लिए गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इसके अलावा उन्होंने धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध राजनेता डॉ. कर्ण सिंह को भी अपनी पुस्तक भेंट की। उन्होंने इस पुस्तक की दिल खोल कर सराहना की।

# क्षेत्र के विकास के लिए राजेश नागर को जिताएं: कृष्णपाल

- नीमका में जुटे गुर्जर नेताओं ने लोगों से की भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार राजेश नागर के समर्थन में आज बड़े गुर्जर नेता उतरे। नीमका में आयोजित विशाल जनसभा में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने लोगों से कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को वोट दें और तीसरी बार हरियाणा में डबल इंजन सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है और भाजपा के कमल निशान पर वोट देना है। इस अवसर उत्तराखंड के पूर्व विधायक प्रणव सिंह चैंपियन, दादरी के विधायक तेजपाल सिंह नागर, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

गुर्जर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने देश और प्रदेशों में ऐसे अनेक कार्य किए जिनके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। आज 70 साल का हिसाब नहीं देने वाले लोग हमारे 10 साल का हिसाब मांगते हैं। लेकिन उन्हें भी पता है कि इन 10 सालों में भारत दुनिया के 15 नंबर से पांचवें नंबर पर आया है और आने वाले समय में दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। यह भाजपा की नीतियों और सुशासन के कारण है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने हमेशा भाजपा का सहयोग समर्थन किया है, आगे भी आप हरियाणा में डबल इंजन सरकार बनाएं।

गुर्जर ने कहा कि आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र में सड़कों ने पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है। जहां की सड़क अच्छी होती है वहां विकास भी तेज गति से आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राम मंदिर, धारा 370, धारा 35 ए आदि जितने भी वादे किए, सभी वादों को पूरा किया। वहीं स्किल इंडिया से आज भारत की आर्थिक ताकत के रूप में दुनिया में पहचान बनी। आप हरियाणा में भी वैसे ही तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएं जैसे आपने केंद्र में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने कहा कि मुझे मेरे इतने बड़े नेताओं ने आकर आशीर्वाद दिया है और जनता ने इतनी बड़ी संख्या में आकर अपना समर्थन दिया है। मुझे आज पूरा विश्वास हो गया है कि जो कर्म हम करते हैं उनका फल हमें अवश्य मिलता है।

# खेलो इंडिया में ताइक्वांडो में भव्या यादव ने मारी बाजी, जीता गोल्ड मेडल

**गुरुग्राम।** खेलो इंडिया वूमेन लीग 2024 वडोदरा गुजरात में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के गांव वजीराबाद की बेटी भव्या यादव ने गोल्ड मेडल जीतकर पूरे गुरुग्राम जिले का नाम रोशन किया है। भव्या के भव्य प्रदर्शन से गांव वजीराबाद में खुशी का माहौल है गांव लौटने पर भव्या का जोरदार स्वागत किया जाएगा। भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा महिलाओं को मजबूत बनाने को राज्य स्तर पर खेलो इंडिया के तहत गुजरात के वडोदरा में 19 से 22 सितंबर तक पहले फेज की ताइक्वांडों प्रतियोगिता चल रही है। इस प्रतियोगिता में वजीराबाद गांव के साधारण परिवार में पली भव्या यादव पुत्री सुधीर यादव ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है।

भव्या के पिता सुधीर यादव जोकि भव्या के कोच भी हैं ने बताया कि भव्या में बचपन से ही ताइक्वांडो के प्रति गहरी रूचि रही है। बेटी की इच्छा और रूचि को देखते हुए उसे कोचिंग दी। भव्या ने खेल के दौरान अपनी प्रतिद्वंदी को कड़ी टक्कर दी। उन्होंने बताया कि आज परिणाम देश के सामने है कि भव्या ने स्वर्ण पदक जीतकर गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। सुधीर यादव ने बताया कि ताइक्वांडो एक प्राचीन मार्शल आर्ट है, जिसे हर उम्र के लोग पसंद करते हैं।

# जीता तो विजन के साथ करूंगा विकास: सुरेंद्र

- बघौला के लोगों ने बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ, ब्राहामण नेता अरविंद भारद्वाज व संदीप शर्मा को मुकुट पहनाकर किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



एक चुनावी जनसभा के दौरान इनेलो-बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ व अन्य नेता।

पृथला विधानसभा क्षेत्र से इनेलो-बसपा के प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ को दिन-प्रतिदिन क्षेत्र में भारी समर्थन मिल रहा है। इस कड़ी में बघौला, ककडीपुर, मांदकौल, घाघौट, नाई नंगला समेत दर्जन भर गांवों में चुनावी सभा आयोजित की गई, जहां सुरेंद्र वशिष्ठ को भरपूर प्यार व आशीर्वाद मिला। इस दौरान बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ ने जनता के इस प्यार का आभार जताते हुए कहा कि आपका इसी तरह से आशीर्वाद मिलता रहा तो जीत निश्चित है और एक विजन के तहत पृथला विधानसभा का समुचित विकास कराया जाएगा।

मांदकौल, ककडीपुर व घाघौट में भव्य स्वागत के बाद बघौला गांव में एक बार फिर भव्य स्वागत कर उन्हें भारी मतों से जिताने का आशीर्वाद दिया। ढोल नंगाडों के बीच बसपा नेता सुरेंद्र वशिष्ठ, ब्राह्मण नेता अरविंद भारद्वाज, बसपा नेता संदीप शर्मा, नरियाला गांव के सरपंच राम कुमार शर्मा, डाढौता गांव के सरपंच हेतलाल समेत काफी संख्या में मौजिज लोग कच्ची चौपाल पर पहुंचे। जहां गांव की मौजिज सरदारी ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान बघौला गांव की सरदारी ने बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ, अरविंद भारद्वाज व संदीप शर्मा को चांदी का मुकुट पहनाकर उनका सम्मान किया।

बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ ने बघौला बस्ती से नतमस्तक होकर कहा कि यह चुनाव पूरी बघौला बस्ती का चुनाव है। मैने तो टिकट लाते ही श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, सराय बाबा व डॉक्टर अंबेडकर जी के चरणों में लाकर रख दी। अब इस जीत का श्रेय आपके हाथ में ही है। इस दौरान गांव के मौजिज लोगों ने भरोसा दिलाया कि गांव की ओर से उन्हें भारी मतों से जिताकर चंडीगढ़ भेजा जाएगा।

अरविंद भारद्वाज ने कहा कि अब तक यहां से जो भी नेता चुने गए, उन्होंने केवल जेब भरने का काम किया है, अन्यथा इस इलाके में जितनी कम्पनियां हैं, बेरोजगारी पूरी तरह खत्म की जा सकती थी। उन्होंने ब्राह्मण समाज को चेताते हुए कि उनके लिए यह सुनहरी मौका है। बसपा ने बघौला गांव को टिकट देकर बहुत बड़ा सम्मान किया है, अब जिम्मेदारी बनती है बघौला गांव के समाज की, जो इस चुनाव में अपने बेटा व भाई सुरेंद्र वशिष्ठ को भारी मतों से जितवाने का काम करें। बसपा समाज भी पूरा एकजुट होकर सुरेंद्र वशिष्ठ को जिताने में जुटे हैं, अब ब्राह्मण समाज व खासकर बघौला गांव को भी इसी तरह पूरा सहयोग देने की जरूरत है।

# हरियाणा चुनाव में सक्रिय हुईं खाप पंचायतें

## सात विधानसभा हलकों में कर रहे प्रत्याशियों का समर्थन, उचाना में दुष्यंत चौटाला के सामने खाप प्रतिनिधि

● बहादुरगढ़ में खुद खाप नेता चुनाव मैदान में उतरे

शिखा शर्मा। चंडीगढ़




हरियाणा में लंबा इतिहास समेटे हुए कई सरकारों को झुकानें वाली खाप पंचायतें इस बार सीधे तौर पर चुनाव मैदान में सक्रिय हो गई हैं। खापों के कारण हरियाणा की कई विधानसभा सीटों पर चुनाव परिणाम का उलटफेर होता रहा है। इस बार के चुनाव में कई सीटों पर जहां खाप पंचायतें खुलकर प्रत्याशियों का समर्थन कर रही हैं वहीं कुछ सीटों पर खाप नेता स्वयं ताल ठोक रहे हैं।

करीब साढे तीन दशक पहले हरियाणा में पहली बार खापों द्वारा राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने के बाद महम विधानसभा क्षेत्र में आनंद सिंह दांगी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को चुनाव में पराजित कर दिया था।

प्रदेश में करीब डेढ़ सौ छोटी-बड़ी खाप पंचायतें मौजूद हैं। इनमें ज्यादातर जाट समाज के लोग जुड़े हैं। सर्वखाप, महम चौबीसी, फोगाट खाप, सांगवान खाप, श्योराण, धनखड़, सतगामा, अहलावत, हवेली, मलिक, जाखड़, हुड्डा, कंडेला, बिनैन और गठवाला मलिक खापों के प्रभाव को लोग धरातल पर महसूस कर सकते हैं। हर खाप का अपना एक प्रभाव क्षेत्र है। कंडेला खाप की बात करें तो जींद जिले में इसकी पकड़ काफी मजबूत मानी जाती है। गन्नौर, गोहाना, बरौदा, इसराना और सफीदो समेत करीब दर्जन भर विधानसभा सीटों पर गठवाला मलिक खाप का असर देखने को मिल जाता है।

इस बार खाप से जुड़े बड़े चेहरे चुनावी रण में उतरकर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। हरियाणा की राजनीति में 2014 से पहले डेरे और खाप के समर्थन को एक तरह से जीत की गारंटी माना जाता था, लेकिन 2014 में कई बड़े चेहरों की हार के बाद सवाल भी खड़े होने लगे थे। उस समय खापों ने कांग्रेस का समर्थन किया था, लेकिन राज्य में कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई। उस समय गठवाला खाप के चौधरी बलजीत सिंह और दहिया खाप की नेता संतोष दहिया चुनाव हार गए थी। पिछले विधानसभा चुनाव में करीब आधा दर्जन सीटों पर इस खाप के समर्थित उम्मीदवार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। सर्वखाप का असर नरवाना, टोहाना, उकलाना, बरवाला, कैथल और नारनौंद जैसी विधानसभा सीटों पर है, जबकि नरवाना और उकलाना सबसे अधिक बिनैन खाप के असर से अछूती नहीं हैं। इस बार विभिन्न खापों ने चार उम्मीदवारों को अपना समर्थन दिया है, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से करीब एक दर्जन सीटों पर खाप पंचायतें किसी भी राजनीतिक दल के उम्मीदवार के जीत के मंसूबों पर पानी फेरने की सामर्थ्य रखती हैं। रोहतक जिले की बेरी विधानसभा सीट पर सबसे अधिक घमासान मचा है।

भाजपा ने बेरी से संजय कबलाना को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि किसान मोर्चा के अध्यक्ष अमित अहलावत डीघल लंबे समय से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। भाजपा ने अमित अहलावत का टिकट काटा तो वह निर्दलीय चुनावी रण में उतर गए और खाप नेताओं ने उन्हें अपना समर्थन प्रदान कर दिया। कांग्रेस से यहां छह बार के विधायक रघुबीर कादियान चुनावी रण में हैं।

अहलावत खाप के साथ ही पंचायत ने अमित अहलावत को अपना समर्थन दिया है, जबकि पंचायती उम्मीदवार के रूप में खाप नेता रमेश दलाल बहादुरगढ़ में चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं।

जींद जिले की उचाना कलां विधानसभा सीट पर जजपा के प्रत्याशी पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के सामने 66 गांवों के प्रतिनिधियों ने आजाद पालवा को अपना उम्मीदवार बनाया हुआ है। बेरी में अमित अहलावत व सोनू अहलावत के साथ 360 महरौली के प्रमुख गोवर्धन सिंह भी चुनावी रण में बने हुए हैं। अमित अहलावत को मनाने के लिए भाजपा ने काफी प्रयास किए, लेकिन खाप का समर्थन होने की वजह से वह चुनावी रण में मजबूती से डटे हैं। गन्नौर, गोहाना और बहादुरगढ़ के साथ महम इलाके में भी खाप इस बार के विधानसभा चुनाव में अपना असर दिखाने की पूरी तैयारी में जुटी हैं।

# भ्रष्टाचार की आरोपी एचसीएस अधिकारी मीनाक्षी दहिया गिरफ्तार

● डयूटी मजिस्ट्रेट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।


मीनाक्षी दहिया

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार देर रात कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार के एक केस में फरार चल रही हरियाणा की एचसीएस अधिकारी मीनाक्षी दहिया को गिरफ्तार कर लिया। मीनाक्षी दहिया को अल सुबह डयूटी मैजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसीबी ने यह कार्रवाई पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा मीनाक्षी दहिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के बाद की है। मीनाक्षी दहिया पिछले पांच माह से फरार चल रही थी। गिरफ्तार आरोपी 2013 बैच की एचसीएस अधिकारी हैं।

दहिया ने कथित तौर पर जिला मत्स्य अधिकारी राजन खोरा से व्हाट्सएप कॉल पर एक लाख रुपये की मांग की थी। मत्स्य विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत दहिया ने खोरा के खिलाफ आरोप पत्र वापस लेने के आदेश जारी करने थे। खोरा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उस एक मामले में गलत तरीके से फंसाया गया और उनके खिलाफ आरोप पत्र जारी किया गया ताकि उनके कनिष्ठ को उप निदेशक के पद पर पदोन्नत किया जा सके। आरोप है कि 17 अप्रैल को एसीएस से फाइल वापस आने के बाद विभाग की जॉइंट सेक्रेटरी मीनाक्षी दहिया ने पहले तो अपने सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर जोगेंद्र सिंह के जरिए रिश्वत के पैसे मांगे। इसके बाद ऑर्डर जारी करने की एवज में शिकायतकर्ता को चंडीगढ़ स्थित कार्यालय बुलाकर एक लाख रुपए की मांग की। राजन का कहना है कि चंडीगढ़ से मेरे पंचकूला आने के बाद जोगेंद्र सिंह ने मुझे मैडम का फोन नंबर वाट्सएप पर भेजते हुए कहा कि मैडम से मेरी बात हो गई है। आप उनसे वॉट्सएप कॉल पर सीधी बात कर लो, आपका काम हो जाएगा, मैडम ने हां कर दी है। इसके बाद एसीबी की ओर से 29 मई को मत्स्य पालन विभाग की संयुक्त सचिव दहिया सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए जाने के बाद उसी रात दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी केस में मीनाक्षी दहिया फरार चल रही थी।

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट न्यायालय ने रिश्वत के केस में एचसीएस ऑफिसर मीनाक्षी दहिया की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। जिसके बाद एसीबी ने यह कार्रवाई की है।

# भाजपा प्रत्याशी के चालक से 50 लाख बरामद

● सोनीपत पुलिस ने नोएडा से आते समय दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



सोनीपत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक गाड़ी से 50 लाख रुपये की नकदी बरामद करके दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से एक जींद के पूर्व विधायक एवं मौजूदा भाजपा प्रत्याशी का चालक तथा उसका सहयोगी बताया जाता है। चुनाव आचार संहिता के चलते 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी को लेकर जाना अपराध है। पकड़े गए आरोपी ने दावा किया है कि उसे एक जमीन की रजिस्ट्री करवानी है। जिसके लिए यह पैसा लेकर आया था। इसके बावजूद आरोपी सबूत पेश नहीं कर सका।

पुलिस एएसआई बिजेंद्र के मुताबिक वह गोहाना बाइपास चौक पर वाहनों की जांच कर रहे थे। एक कार को रोका तो इसमें सवार युवक तलाशी के नाम पर उनको टालने लगा। उनको शक हुआ और डयूटी मजिस्ट्रेट को मौके पर बुलाया गया। कार में से नोटों से भरा बैग बरामद हुआ है। कार में दो युवक सवार थे, जिनमें से एक जींद के भाजपा प्रत्याशी कृष्ण मिड्ढा का ड्राइवर हैप्पी है और दूसरा उनका करीबी कालू बताया जा रहा है। दोनों नोएडा से कैश लेकर आ रहे थे। पुलिस के सामने दावा यही किया गया है कि ये 50 लाख रुपए प्लाट की रजिस्ट्री के लिए हैं। आचार संहिता लगने के बाद 50 हजार रुपए से ज्यादा की राशि बिना प्रूफ के ले जाने पर पाबंदी है। पुलिस ने कार से नोटों की 20 गड्डी (बंडल) बरामद की हैं और प्रत्येक गड्डी में 500 रुपए के 500 नोट थे। फिलहाल जांच टीम ने ये रुपए ट्रेजरी में जमा करवा दिए हैं। मामले में आगे की जांच इनकम टैक्स विभाग द्वारा की जाएगी।

## हरियाणा में अब एक अक्टूबर से शुरू होगी धान की खरीद

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 20 सितंबर तक ही औसत से दोगुनी से भी अधिक हुई बारिश के चलते खरीफ विपणन सीजन 2024- 25 के तहत धान की सरकारी खरीद 23 सितंबर की बजाय अब एक अक्टूबर से शुरू होगी। लगातार हो रही बारिश के कारण सभी जिलों में फसलों में नमी की मात्रा बढ़ रही है, जिससे किसानों को फसल काटने और सुखाने में देरी की संभावना है। इसलिए खरीफ की फसलों की सरकारी खरीद की अवधि अब 1 अक्तूबर से 15 नवम्बर 2024 तक निर्धारित की गई है ताकि किसान अपनी फसल को सुखाकर मण्डियों में सरकारी खरीद हेतु ला सकें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार केवल सितंबर माह में अब तक 108.9 एमएम बारिश हो चुकी है। जबकि वर्ष 2023 में पूरे अगस्त माह में 69.3 एमएम तथा पूरे सितंबर माह में केवल 39.3 एमएम बारिश हुई थी।

# गुरुकुल के 56 छात्रों ने उत्तीर्ण की एनडीए की परीक्षा

● छात्रों ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी व गुरुकुल प्रबंधन को दिया सफलता का श्रेय

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र




यूपीएससी द्वारा एनडीए की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें गुरुकुल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। गुरुकुल के 56 छात्र लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर एस.एस.बी. के लिए चुने गये हैं। इस बड़ी उपलब्धि गुरुकुल में शनिवार को जश्न का माहौल रहा। एन.डी.ए. विंग में छात्रों के साथ पूरा स्टाफ ढोल की थाप पर झूम उठा। छात्रों के भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से आकाश गुंजायमान हो उठा। गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डा. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, एनडीए विंग के सूबेदार बलवान सिंह, अशोक चौहान आदि ने छात्रों को लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दी। वहीं गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी ने भी दूरभाष पर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया।

निदेशक ब्रिगेडियर डा. प्रवीण कुमार ने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र एनडीए में बड़ी सफलता अर्जित कर रहे हैं और हर वर्ष पुराने रिकार्ड को तोड़कर नया रिकार्ड कायम कर रहे हैं। गुरुकुल प्रबंधन द्वारा छात्रों को स्टडी के लिए जहां अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, वहीं छात्रों के साथ दिन-रात मेहनत करने वाला स्टाफ हर समय उपलब्ध है जिससे विद्यार्थियों को पूरा फोकस अपनी स्टडी पर होता है और वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुकुल के आदित्य मान, अमन राठौर, अनमोल सिंह, आर्यन देशवाल, आशुतोष सिंह, आयुष कुमार, आयुष सिंह, देव कादियान, अहसास, एकांक्ष शर्मा, गौतम कुमार, हैप्पी शर्मा, हर्ष मोदगिल, कार्तिक, कृष्णा पाण्डेय, मयंक दहिया, मोहित, नैतिक शर्मा, निहार त्यागी, निखिल, ऋतिक शर्मा, रूद्रप्रताप सिंह, शुभम् गुलिया, तेजस्व सिसोदिया, उदय कादियान, वरूण कुमार, विनायक गौड, आदित्य चौधरी, प्रत्यूष सिंह, गीतान्शु चोपड़ा, अरूण दूहन, आदित्य तोमर, अनिकेत, हितान्श गुप्ता, अनुष्क मलिक, अविरल वर्मा, सुहेल यादव, अरमान सिंह, अभिनव, आदित्य, आलोक, अमन, आर्यवर्त दहिया, आदित्य जानी, कुनाल, मधुर प्रताप, समर, पार्थ कौशल, आयुष वत्स, चिराग, सरबदीप सिंह, गगनदीप, सुमित कुमार, हर्ष राज, सुमन और मयंक मधुकर ने एनडीए 154 हेतु क्वालिफाई किया है।

ब्रिगेडियर कुमार ने कहा है कि आचार्य देवव्रत का सपना है कि गुरुकुल के बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और डॉक्टर, इंजीनियर, सेनाओं में उच्च अधिकारी बनकर राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान दें। आचार्य का यह चिंतन, उनका प्रयास अब फलीभूत हो रहा है और विगत वर्षों में गुरुकुल कुरुक्षेत्र का यह एनडीए विंग राष्ट्र को 80 से ज्यादा सैन्य अधिकारी दे चुका है। एनडीए के साथ-साथ आईआईटी, एनआईटी और नीट में भी गुरुकुल के छात्र बड़ी संख्या में सफलता हासिल कर रहे हैं जिसका पूरा श्रेय आचार्यश्री के कुशल मार्गदर्शन, गुरुकुल प्रबंधन और छात्रों की कड़ी मेहनत को जाता है। उन्होंने पुन: सभी छात्रों को एनडीए में सफलता पर बधाई दी।

# लाडवा को सीएम सिटी का खिताब देने आया हूं: मनोहर

● केंद्रीय मंत्री ने बड़े मार्जिन से नायब सिंह सैनी की जीत के लिए जनता से की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लाडवा


सीएम नायब सैनी के लिए वोट की अपील करते पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शनिवार को लाडवा में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन मे पहुंचे। लाडवा पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जोरदार स्वागत किया गया।

लाडवा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हर विधानसभा चुनाव में एक क्षेत्र ऐसा होता है जहां से एक ऐसा विधायक चुना जाता है जो प्रदेश का सीएम बनता है। जिसके बाद उस क्षेत्र और उस शहर को सीएम सिटी के नाम से जाना जाता है। पहले यह खिताब करनाल को मिला हुआ था क्योंकि करनाल विधानसभा से मनोहर लाल विधायक बने और बाद में सीएम बने। लेकिन अब वे लाडवा विधानसभा से चुनाव लड़ रहे सीएम एवं भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लाडवा विधानसभा क्षेत्र को सीएम सिटी का खिताब देने के लिए आए हैं। इसलिए लाडवा की जनता से अपील है कि वे अपने लाडवा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड रहे सीएम नायब सिंह सैनी को प्रचंड मतों से और बडे मार्जिन से जीत दिलाएं। मनोहर लाल ने कहा कि आज लाडवा की जनसभा के बीच मैं नए सीएम सिटी का खिताब लाडवा को सौंपने आया हूं। क्योंकि यहां से चुनाव जीतकर नायब सिंह सैनी विधायक और सीएम बनेंगे। मनोहर लाल ने जनता से यह भी कहा कि नायब सिंह सैनी को बडे मार्जिन से जीत तो दिलवानी ही है और साथ में पूरे हरियाणा प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भाजपा की तीसरी बार सरकार भी बनानी है। यह श्रेय भी जनता को ही जाएगा। ऐसा होने पर तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने का भी नया रिकार्ड बनेगा और यह खिताब भी नायब सिंह सैनी और जनता के नाम लिखा जाएगा।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी के बारे में कहा कि नायब सैनी भाजपा के लिए पूर्ण समर्पण की भावना से कार्य करते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि उनके सीएम के कार्यकाल में जितने काम उन्होंने किए उसकी तुलना सीएम नायब सैनी ने मात्र 6 महीने में जो काम कर दिखाए उसके बाद वे उनसे भी कहीं आगे निकल गए।

## जींद में नाबालिग से कार में दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जींद।** जिले में नरवाना इलाके में एक नाबालिग लड़की को कार में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला पुलिस थाने की प्रभारी मुकेश देवी ने बताया कि आरोपी ने नाबालिग को इस बारे में बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। महिला पुलिस थाने ने पीड़िता की मां की शिकायत पर शनिवार को आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी पर मोहल्ले का ही रणजोत बुरी नजर रखे हुए था और वह अक्सर उसका पीछा करता था।

गत 27 जुलाई को आरोपी उसकी बेटी को अपनी कार में ले गया और किसी सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# शगुन अत्री को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

● यूके के विदेश विकास और राष्ट्रमंडल कार्यालय द्वारा फंडेड चिवनिंग स्कॉलरशिप में हुआ चयन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़




चंडीगढ़ निवासी शगुन अत्री का चयन इंग्लैंड सरकार की चिवनिंग स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। यह स्कॉलरशिप यूके के विदेश विकास और राष्ट्रमंडल कार्यालय द्वारा फंडेड है। शगुन अत्री का संगठनात्मक व्यवहार, मानव संसाधन प्रबंधन और मनोविज्ञान में व्यापक अनुभव है। चिवनिंग अवार्ड के पूर्ण वित्तीय सहयोग से वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से व्यवहारिक विज्ञान में एमएससी की पढ़ाई करेंगी। शगुन अत्री की एक साल की फीस, होस्टल खर्च और आने जाने का सारा खर्च चिवनिंग स्कॉलरशिप द्वारा वहन किया जाएगा। सेक्टर 38 निवासी शगुन अत्री ने इसके लिए चिवनिंग स्कॉलरशिप और यूके के विदेश विकास और राष्ट्रमंडल कार्यालय का आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि बचपन से उनकी यह अभिलाषा थी कि वह इंग्लैंड की किसी टॉप यूनिवर्सिटी से मास्टर्स करे। उनका यह सपना चिवनिंग स्कॉलरशिप ने साकार कर दिया है। शगुन अत्री ने अपनी 11वीं और 12वीं की पढ़ाई चंडीगढ़ में की थी, और वह क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु और एक्स एलआरआई जमशेदपुर की पूर्व छात्रा हैं।

इस उपलब्धि पर शगुन अत्री के पिता पंकज अत्री एवं माता डॉ. नीरू अत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपनी बेटी की प्रतिभा पर गर्व है। साथ ही उन्होंने इंग्लैड सरकार की इस पहल की भी सराहना की।

# कुमारी सैलजा के बहाने भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

● पूर्व सीएम मनोहर लाल ने दिया बीजेपी में आने का न्यौता

● कार्यवाहक सीएम बोले, सैलजा को दबाना चाहती है कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़


कुमारी सैलजा

हरियाणा में चुनाव प्रचार से दूर हो चुकी सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा के बहाने सत्तारूढ़ भाजपा ने कांग्रेस को घेर लिया है। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश के दलितों को इस मुद्दे पर एकजुट करना शुरू कर दिया है।

कांग्रेस हाईकमान तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जहां सैलजा के मुद्दे पर चुप हैं वहीं बीजेपी ने शनिवार को इसे चुनावी मुद्दा बना लिया। केंद्र के एक मंत्री ने सैलजा को बीजेपी में आने का न्यौता दिया तो दूसरे ने हुड्डा पिता-पुत्र को इस मुद्दे पर घेर लिया। पंचकूला से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन बिश्नोई ने भी सैलजा का पक्ष लेते हुए उन्हें भावी मुख्यमंत्री करार दिया।

कांग्रेस के ही कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा जातिगत व निजी टिप्पणियां किए जाने के बाद से कुमारी सैलजा हरियाणा के चुनाव प्रचार से बाहर हैं। पिछले करीब एक सप्ताह से सैलजा सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग नहीं ले रही हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस हाईकमान तथा हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुप हैं। वहीं बीजेपी ने कुमारी सैलजा के अपमान को चुनावी मुद्दा बना लिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने चुनाव के बीच कुमारी शैलजा को ऑफर दिया है। खट्टर ने उन्हें बीजेपी में शामिल होने का न्योता दिया है। मनोहर लाल ने शनिवार को एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दलित नेता कुमारी शैलजा का अपमान किया है। सैलजा को गाली तक दी गई और अब वह घर पर बैठी हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और गांधी परिवार को उनका अपमान करने के बाद भी शर्म नहीं आ रही है। दलित समुदाय की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि एक बड़ा वर्ग सोच रहा है कि क्या करें। हम अपने साथ कई नेताओं को लेकर आए हैं और हम उन्हें भी अपने साथ लाने के लिए तैयार हैं।

उधर हरियाणा दौरे पर आए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कुमारी सैलजा पर कांग्रेसियों द्वारा की गई टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की परंपरा ही दलितों का अपमान करने की रही है। भारतीय जनता पार्टी किसी भी नेता का अपमान बर्दाश्त नहीं करती, न ही अपशब्दों के प्रयोग को बढ़ावा देती है। जिस प्रकार भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और उनके समर्थकों ने कुमारी सैलजा का अपमान किया है, उसे हरियाणा की जनता कभी नहीं भूलेगी, और कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

पंचकूला से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन ने सैलजा के साथ हुए घटनाक्रम की निंदा करते हुए कहा कि वह पार्टी की वरिष्ठ नेता हैं और प्रदेश की भावी मुख्यमंत्री हैं। उनके साथ ऐसा व्यवहार उचित नहीं है। वहीं भजनलाल के दूसरे बेटे एवं भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने हिसार में कहा कि कुमारी सैलजा कांग्रेस की सम्मानित नेता हैं, मगर पार्टी में उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा। सैलजा की अनदेखी का खामियाजा हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा।

कैथल के गुहला चीका विधानसभा में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे हरियाणा के कार्यकारी मुख्यमंत्री नायब सैनी कुमारी सैलजा का पक्ष लेते नजर आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से बौखला चुकी है, कांग्रेस के लोगों ने कुमारी सैलजा को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है, इससे उनके मन को ठेस पहुंची है।

नायब सैनी ने कहा कि वह कांग्रेस की सीनियर लीडर हैं, उसने पार्टी के लिए अपना जीवन लगाया है, वह मुख्यमंत्री पद की दावेदारी जता सकती हैं, यह उसका हक है। कांग्रेस के लोग दलित समाज को देखकर खुश नहीं हैं, यह कुमारी सैलजा को दबाना चाहते हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। आज उनके नेताओं को ना व्यापारी दिख रहा है, ना दलित दिख रहा है। इसलिए यह बौखलाए हुए फिरते हैं, 8 तारीख के बाद ही अपने घरों में आराम से बैठ जाएंगे।

## उद्यमिता विकास व योजनाओं के लाभ के बारे में विशेषज्ञों ने उद्यमियों को दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा चैंबर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वाधान में एक सेमिनार का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। यह सेमिनार उद्यमिता विकास एवं योजनाओं का लाभ कैसे लें विषय पर आयोजित किया गया। सेमिनार में निलेश मुंद्रा प्रधान निवेश विभाग आई.सी.आई.आई. मुंबई और नरेंद्र ढींगरा प्रख्यात सलाह कर्ता एम.एस.एम.ई. द्वारा उद्योग से जु? हुए कई महत्वपूर्ण विषयों का ब्यौरा दिया। ढींगरा ने उद्योग के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत में करीब 40 प्रतिशत फूड मटेरियल व्यर्थ जाता है। जिसको उद्यमी प्रसंस्करण करके रोकथाम कर सकते हैं और सरकार की काफी योजनाएं इसको बढ़ावा देती है। उन्होंने 10 उद्यमियों का समूह बनाने के लिए प्रोत्साहन दिया ताकि वह कुछ ऐसी व्यवस्था बना सकें जो सभी 10 उद्यमियों के लिए लाभप्रद हो।

# अग्रवाल समाज ने किया सुभाष व नवीन का अभिनंदन

● सांसद ने की अपील, भाजपा प्रत्याशी को 25 हज़ार वोटों से जिताकर भेजें विधानसभा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

कल तेरी बारी थी, आज मेरी बारी है यह बात सांसद नवीन जिंदल और राज्य मंत्री सुभाष सुधा की जोड़ी पर बिल्कुल फिट बैठती है। 25 मई को हुए लोकसभा चुनाव के दौरान जिस प्रकार न केवल सुभाष सुधा बल्कि उनकी धर्मपत्नी उमा सुधा और पुत्र साहिल सुधा ने नवीन जिंदल की जीत हेतु दिन रात प्रचार प्रसार अभियान चलाकर अपनी निर्णायक भूमिका अदा की थी। वही भूमिका अब सांसद बनकर नवीन जिंदल अदा कर रहे हैं। यानि सांसद नवीन जिंदल भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा को थानेसर सीट तीसरी बार जीताने हेतु अपनी निर्णायक भूमिका निभाने में जुटे हुए नजर आ रहे हैं।

ये नजारा बीती देर रात कुरुक्षेत्र में पिपली रोड पर स्थित होटल सैफरन के महाराजा हाल का है जहां अग्रवाल समाज के हजारों लोगों के बीच सांसद नवीन जिंदल राज्य मंत्री सुभाष सुधा को भारी मतों से जीताने की अपील की। कुरुक्षेत्र में अग्रवाल समाज द्वारा बीती रात सांसद नवीन जिंदल और भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष नवीन जिंदल और सुभाष सुधा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समाज के गणमान्य लोगों द्वारा संसद नवीन जिंदल और भाजपा प्रत्याशी सुधा सुधा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अभिनंदन कार्यक्रम में जहां सांसद नवीन जिंदल ने अग्रवाल समाज के लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना।

# महोबा में होटल ले जाकर दलित छात्रा से दुष्कर्म, मामला हुआ दर्ज

बांदा। महोबा जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने जन्मदिन मनाने के बहाने एक होटल में ले जाकर अनुसूचित जाति की छात्रा के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक और उसके सहयोगी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक महाविद्यालय में बीए में पढ़ने वाली 18 साल की दलित छात्रा ने अपनी तहरीर में दुष्कर्म किए जाने की घटना चार सितंबर की बताई है। तहरीर के मुताबिक, कबरई थाना के गांव की दलित छात्रा चार सितंबर को पढ़ने के लिए महाविद्यालय आई थी, वहीं उसी गांव के उसके पड़ोसी युवक आदित्य सिंह और समीर उसे मिल गए। उन्होंने बताया कि दोनों युवक उसे जन्मदिन मनाने के बहाने चरखारी बाइपास स्थित एक होटल ले गए, जहां आदित्य ने उसके साथ दुष्कर्म किया और समीर ने उसका सहयोग किया।एसएचओ ने बताया कि समीर ने दुष्कर्म की घटना का वीडियो बनाया और अब दोनों उसे ब्लैकमेल कर रहे है। प्रभारी निरीक्षक सिंह ने बताया कि पीड़िता ने यह घटना शुक्रवार को अपने परिजनों को बताई, इसके बाद इस संबंध में शनिवार को पीड़िता ने सदर कोतवाली में तहरीर दी। दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अनाधिकृत निर्माण करने वालों को जारी करें नोटिस-

चित्रकूट। जिलाधिकारी/अध्यक्ष चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक कैम्प कार्यालय में की गई।समीक्षा के दौरान प्राधिकरण के द्वारा विकसित की जा रही देवागंना नगर आवासीय कॉलोनी की प्रगति पर चर्चा के दौरान निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित कृषकों से अवशेष भूमि शीघ्र क्रय किये जाने की कार्यवाही की जाये। प्राधिकरण क्षेत्रानांर्गत बिना भवन मानचित्र स्वीकृत कराये किये जा रहे अनाधिकृत निर्माणों पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने प्राधिकरण के अवर अभियन्ता को बिना ले आउट स्वीकृत कराये किये जा रहे प्लाटिंग पर तत्काल रोक लगाने, ऐसे अनाधिकृत निर्माणों को नोटिस जारी कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्राधिकरण के सचिव राजेश प्रसाद द्वारा अवगत कराया कि बिना भवन मानचित्र स्वीकृत कराये किये गये अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं सत्येन्द्र सिंह पुत्र रामप्रकाश निवासी अमानपुर कर्वी, संजय सिंह पुत्र शिवमोहन निवासी मणिकुन्ज तरौंहा, हरिशंकर पुत्र मलखान निवासी मतगंजन नगर कर्वी, लखनलाल पुत्र मुन्नालाल निवासी देवांगना रोड कर्वी, चन्द्रप्रकाश पुत्र गया प्रसाद निवासी पासी तिराहा कर्वी, रामप्रकाश पुत्र जगन्नाथ निवासी नई बाजार कर्वी, भैरव पुत्र जगमोहन निवासी साठे रोड द्वारिकापुरी कर्वी, इन्द्रजीत सिंह पुत्र मिठाईलाल निवासी देवांगना रोड, श्रीमती सावित्री पत्नी रामभजन निवासी गढ़ीवा चित्रकूट, धर्मराज सिंह निवासी बस अड्डे के पीछे, विद्या शरण निवासी कर्वी माफी देवांगना मार्ग, शिवकुमार निवासी रानीपुर भट्ट, कंचन यादव निवासी मतगंजन नगर कर्वी, दीना नाथ पुत्र राम सागर निवासी अहमदगंज, महेशचन्द्र पुत्र रामचरन निवासी शंकर बाजार कर्वी, श्रीमती माया देवी पत्नी दीनदयाल निवासी रानीपुर भट्ट कर्वी, रामविशाल सोनी निवासी राजापुर रोड कर्वी, श्रीमती तुलसी देवी पत्नी अवधेश सिह निवासी कर्वी,राकेश जायसवाल निवासी बेड़ी पुलिया कर्वी मार्ग, प्रकाशचन्द्र पुत्र राम जी सिंह निवासी कसहाई रोड कर्वी, रामलाल द्विवेदी पुत्र श्रीधर द्विवेदी निवासी भरतपुरी कर्वी चित्रकूट, गुलाब चन्द्र पुत्र नत्थूलाल केशरवानी निवासी रानीपुर भट्ट, घनश्याम साहू निवासी बेड़ी पुलिया कर्वी, सहनवाज पुत्र चुन्नू खॉ निवासी द्वारिकापुरी कर्वी एवं हनुमान शरण सोनी पुत्र सौखीलाल सोनी निवासी शास्त्रीनगर कर्वी, चित्रकूट को अनाधिकृत निर्माण हटाने की नोटिस जारी की गयी है।

# दोहरे हत्याकांड में दो भाइयों को उम्रकैद

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती की एक अदालत ने 13 वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में दो भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 70-70 हजार रुपए जुर्माना लगाया। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के.पी. सिंह के अनुसार 17 सितंबर, 2011 को बड़रवा गांव के निवासी नुक्के खां अपने भाई कूने खां और शमसुल हक के साथ एक मामले की सुनवाई के बाद अदालत से घर लौट रहे थे। रास्ते में एक स्थान पर बड़रवा गांव के ही बदरूद्दीन, पप्पू, अबरार, मेराजुद्दीन और शमसुद्दीन ने नुक्के खां और भाई कूने खां की तलवार से गला काटकर हत्या कर दी और उनका सिर काट दिया। सिंह ने कहा, हमले में बचे शमसुल हक ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। नुक्के खान के बेटे ने पांच संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। बाद दिन बाद भाइयों के सिर बरामद हुए। पांच में से तीन आरोपी बदरुद्दीन, पप्पू अैर अबरार को जनपद न्यायाधीश द्वारा पहले ही आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। अधिकारी ने कहा, शमसुद्दीन और मेराजुद्दीन अदालत में पेशी के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। घटना के कुछ साल बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया था। सिंह ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (प्रथम) अमित कुमार प्रजापति की अदालत ने शुक्रवार को शम्सुद्दीन और मेराजुद्दीन को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई और जुर्माना लगाया।

# जयंत चौधरी ने कौशल विकास कार्यक्रमों का अनावरण किया

वाराणसी। स्थानीय समुदायों के कल्याण को सुनिश्चित करने और उनके लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के प्रयास में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में रांची में कौशल विकास संबंधी कई पहलों का लॉन्च कियाए जिनका उद्देश्य क्षेत्र में महिलाओं और युवाओं के सशक्तीकरण को सुनिश्चित करना है। ये प्रोग्राम कौशल एवं उद्यमिता को बढ़ावा देकर और आर्थिक अवसर उत्पन्न कर समुदाय के समग्र विकास में योगदान देने के लिए पेश किए गए हैं। लॉन्च के अवसर पर श्री जयंत चौधरीए माननीय राज्य मंत्री ;स्वतन्त्र प्रभारद्धए कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और श्री संजय सेठए माननीय राज्य मंत्रीए रक्षा मंत्रालय मौजूद रहे।इस अवसर पर जयंत चौधरीए माननीय राज्य मंत्री ;स्वतन्त्र प्रभारद्धए कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने कहाए ष्विश्वकर्मा जयंती और हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के पावन अवसर पर हम इन प्रोग्रामों का लॉन्च कर रहे हैंए जो कौशल एवं उद्यमिता के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## जेनसेट्स का वाराणसी में शानदार अनावरण

वाराणसी। जैक्सन समूह ने वाराणसी में कमिंस द्वारा संचालित सीपीसीबी आईवी. अनुपालक जेनसेट का एक उन्नत संस्करण पेश किया है। उत्तर प्रदेश है कमिंस ने 5 जुलाईए 2023 को भारतीय बाजार के लिए सीपीसीबी आईवी. अनुरूप जेनसेट इंजन का अनावरण किया है। नए जेनसेट के अनावरण पर टिप्पणी करते हुएए कमिंस इंडिया लिमिटेड के पावर जेनरेशन बिजनेस लीडरए श्री जेमसन मेंडोंसा ने कहाए श्कमिंस और जैक्सन के बीच चार दशक की साझेदारी उत्कृष्टता और नवाचार के लिए साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। इस उन्नत बैक.अप ऊर्जा विकल्प के लॉन्च परए जैक्सन ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकए श्रीण् समीर गुप्ता ने टिकाऊ ऊर्जा पहल के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। ष्हम वाराणसीए उत्तर प्रदेश में नई पीढ़ी के जेनसेट पेश करते हुए रोमांचित हैं। यह नवाचार विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में निरंतर और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैए और इस प्रकार आवश्यक सेवाओं का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करता है।

## सुलतानपुर में सड़क निर्माण के दौरान मंदिर की दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत, तीन घायल

सुलतानपुर। जिला मुख्यालय के नगर कोतवाली क्षेत्र के सीताकुंड घाट में सड़क निर्माण के दौरान एक मंदिर की दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) नारद मुनि सिंह ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हादसे में कोतवाली नगर के चुनहा निवासी पंकज निषाद (17) नामक एक मजदूर की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक घायलों में कोतवाली नगर के चुनहा निवासी सोहनलाल निषाद (30), कोतवाली देहात के बरगादवा निवासी रामू निषाद (18) और छोटू निषाद (17) शामिल हैं। सोहनलाल की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर-लखनऊरेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना कोतवाली नगर के सीताकुंड स्थित चित्रगुप्त मंदिर के पास की है। एकाएक सड़क से सटी मंदिर की दीवार ढह गई, जिस समय दीवार गिरी सड़क निर्माण कार्य में जुटे मजदूर उसके पास ही थे, ऐसे में चार मजदूर दीवार के नीचे दब गए। मोहल्लेवासियों ने बचाव अभियान चलाकर मजदूरों को मलबे से निकालकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया। तीन मजदूरों का इलाज जारी है।

## किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान न हुआ तो होगा उग्र प्रदर्शन-राम सिंह राही

चित्रकूट।बन्दरों और जंगली जानवरों के आतंक से परेशान चित्रकूट जिले के सैकड़ों किसानों ने शुक्रवार रानीपुर टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक कार्यालय का घेराव किया। नारे बाजी करते हुए पैदल मार्च कर किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शना का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामसिंह राही ने कहा कि बंदर,नीलगाय और जंगली सुअरो के आतंक से किसान परेशान है। जंगली जानवर किसानों की खरीफकी फसल को उजाड़ रहे है। आगामी रबी की फसल को बचाने और सचेत करते हुए प्रदर्शन किया बीते कई वर्षों जिला प्रशासन एवं वन विभाग से शिकायत के बाद भी जानवरों को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा हैं। मजबूर होकर किसानो को घेराव करना पड़ा।



# राजनाथ सिंह व शिवराज सिंह का हुआ भव्य स्वागत

**सोनभद्र।** आगामी झारखंड चुनाव के लिए बीजेपी ने अभी से कमर कस ली है इसी कार्यक्रम के तहत यूपी के सोनभद्र से सटे झारखण्ड राज्य के नगर उंटारी क़स्बे में शनिवार को परिवर्तन यात्रा निकाली गई और लोंगो को झामुमो की हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने को आह्वाहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान रहे। दोनों केंद्रीय मंत्री नगर उंटारी रेलवे ग्राउंड में हेलीकॉप्टर से उतरे और सीधे बंशीधर मंदिर पहुँचकर राधा कृष्ण का दर्शन किया पूजा पाठ के उपरांत परिवर्तन यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी सांसद बीडी राम मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन उपरांत हेलीकॉप्टर का पेट्रोल खत्म होने के कारण दोनों मंत्रियों को घंटो इन्तेजार करना पड़ा अंततः बाई रोड ही वाराणसी के लिए निकले, देश के रक्षा मंत्री के दुद्धी कस्बे से गुजरने की खबर लगते ही बीजेपी के पदाधिकारी अति उत्साहित होकर उनके प्रतीक्षा में जुट गए जैसे ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का काफिला दुद्धी संकट मोचन तिराहे के पास पहुँचा, पहले से इन्तेजार में खड़े बीजेपी पदाधिकारियों ने उनके काफिले को रोका और गर्मजोशी से राजनाथ सिंह जिन्दाबाद के नारे लगाने लगे कार्यकर्ताओ का अति उत्साह देख राजनाथ सिंह भी अपने आपको रोक नही पाए और वाहन से निकलकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करने लगे, देखते ही देखते बढ़ती भीड़ के बीच सुरक्षा में लगे एनएसजी कमांडो ने लोगों को मुख्य मार्ग से हटाते हुए वाहनों को निकाला और रक्षा मंत्री वाराणसी के लिए रवाना हो गए।

# अवैध वेतन भुगतान के आरोप में जिला विद्यालय निरीक्षक को किया निलंबित

बलिया। बलिया में एक जिला विद्यालय निरीक्षक को जिले के चार विद्यालयों के 27 शिक्षकों और कर्मचारियों को अवैध वेतन भुगतान करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि निलंबित अधिकारी रमेश सिंह वर्तमान में मऊ में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) के पद पर कार्यरत हैं। बलिया के जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्त ने शनिवार को बताया कि बलिया के जिला विद्यालय निरीक्षक रहे रमेश सिंह को शासन ने निलंबित कर दिया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक, आजमगढ़ योगेंद्र कुमार सिंह ने 17 अक्टूबर 2023 को शासन को रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें बताया गया था कि बलिया के जिला विद्यालय निरीक्षक रहे रमेश सिंह द्वारा जिले में संस्कृत सहायता प्राप्त विद्यालयों और संलग्न प्राथमिक विद्यालयों में फर्जी नियुक्तियों का अनुमोदन करते हुए वेतन भुगतान किया जा रहा है। रिपोर्ट में चार संस्कृत सहायता प्राप्त विद्यालयों के 27 शिक्षकों और कर्मचारियों को अवैध वेतन भुगतान करने का विशेष रूप से उल्लेख है।इस रिपोर्ट के आलोक में रमेश सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच का आदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि गत जून में जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह का तबादला मऊमें इसी पद पर कर दिया गया था।

# भाजपा ही चाय बेचने वाले को बना सकती है प्रधानमंत्री: विजय रूपाणी

**बदायूं।** (भाषा) गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही चाय बेचने वाले व्यक्ति को प्रधानमंत्री बना सकती है, अन्य किसी दल में यह सामर्थ्य नहीं है। भाजपा द्वारा यहां आयोजित नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन करने के बाद बांके बिहारी लॉ कॉलेज में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा, भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, पोस्टर लगाने वाला, चाय बेचने वाला, गरीब का बेटा भी इस दल में प्रधानमंत्री बन सकता है। ाजपा नेता रूपाणी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा, हमारी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से काम करती है। भाजपा सिद्धांत और मूल्यों की राजनीति करती है। उन्होंने कहा, सभी वर्गों में भाजपा की सदस्यता होती है, बाकी पार्टियों में जातिवाद, क्षेत्रवाद, परिवारवाद देखकर सदस्यता की जाती है। रूपाणी ने कहा, दसों दिशाओं में पार्टी अपना काम करती है। अयोध्या में राम, नौजवानों को काम, किसानों को सही दाम, महिलाओं का सम्मान यही हमारा मूल मंत्र है। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी राष्ट्र सर्वोपरि के लिए कार्य करती है, बाकी पार्टियां वोट बैंक की राजनीति करती हैं। आज मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में भारत मजबूती के साथ खड़ा है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, भारत को विकसित देश बनाने के लिए मोदी



जी लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा, भारत माता अखण्ड बने, राष्ट्र मजबूत हो, भारत विकसित बने, लक्ष्मी जी हमेशा कमल के फूल पर बैठकर आती हैं, कभी भी पंजा और साइकिल पर बैठकर नहीं आती। इसलिए आप लोग मोदी जी और भाजपा के साथ मजबूती से खड़े रहें। रूपाणी यहां बदायूं क्लब पहुंचे, जहां स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा बैण्ड एवं पुष्प आदि से उनका भव्य स्वागत किया गया।

**भाजपा सरकार में हो रहा दलितों-पिछड़ों पर अत्याचार: मीरा भारती:** चित्रकूट। सरदार सेना ने दलितों-पिछड़ों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में जिला मुख्यालय कर्वी में प्रदर्शन किया। राज्यपाल संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपकर न्याय की मांग की है। शनिवार को जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती की अगुवाई में सैकड़ों सरदार सेना के कार्यकर्ताओं ने सड़को पर उतर का प्रदर्शन किया। सरदार सेना ने ललितपुर के इंदल पटेल कांड व चित्रकूट प्रभास महासंघ के धर्मेंद्र भास्कर तथा पूर्व प्रधान नत्थू कुशवाहा,तिंदवरी की सीता देवी सोनकर पर सामंतवादी लोगों के हमलों को लेकर एवं जौनपुर के मंगेश यादव की मुठभेंड में हत्या के विरोध दर्ज कराया व सुरक्षा की मांग की। सरदार सेना ने उप्र में दलितों-पिछडो पर सामन्तों के अत्याचार करने का आरोप लगाया है। मांग किया कि दलितों-पिछड़ों पर हो रहे अत्याचार बन्द हो।वहीं वरिष्ठ सपा नेता मान सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा दलित,पिछडा और अल्पसंख्यक समाज का उत्पीडन किया जा रहा है।

## नए ग्रेजुएट्स और शुरुआती चरण के प्रोफेशनल्स के लिए 20 माह का पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम

वाराणसी। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस ने भारत एवं विश्व के लिए भविष्य के लीडर तैयार करने के अपने मिशन की ओर एक और बड़ी पहल शुरू कर रहा है। आईएसबी ने 2 साल तक के फुल टाईम वर्क एक्सपीरियंस वाले लोगों के लिए 20 माह का फुल टाईम एमबीए इक्विवेलेंट रेजिडेंशियल मैनेजमेंट प्रोग्राम. पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर यंग लीडर्स ;पीजीपी वाईएलद्ध शुरू किया है।नए पीजीपी वाईएल प्रोग्राम के बारे में प्रोफेसर मदन पिलुटलाए डीनए आईएसबी ने कहाए ष्आईएसबी 2001 में अपनी शुरुआत से ही विश्वस्तर की मैनेजमेंट शिक्षा प्रदान कर रहा है और भारत एवं विश्व के लिए लीडर्स का निर्माण कर रहा है। इंडस्ट्री के लीडर्स और नियोक्ताओं के साथ हमारी वार्ताओं में ऐसे युवा प्रोफेशनल्स की जरूरत सामने आईए जो सीधे ऐसे पदों पर काम कर सकें, जिनके लिए व्यवसायिक कौशल के साथ डेटा एवं टेक्नोलॉजी में गहरी विशेषज्ञता की जरूरत हो।

## एनएसडीसी ने की साझेदारी

वाराणसी। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में एथनोटेक एकेडमी और कैम्ब्रिज युनिवर्सिटी प्रेस एण्ड असेसमेन्ट के सहयोग से ष्सेंटर फॉर फ्यूचर स्किल्सष् का लॉन्च किया है। यह आधुनिक सुविधाए इनोवेशन और लर्निंग का केन्द्र हैए जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों को आधुनिक टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना हैए यह सेंटर छात्रों के लिए ऐसे लॉन्च पैड की भूमिका निभाएगाए जहां वे तेज़ी से विकसित होते टेक परिवेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। यह युवाओं को उद्योग जगत के बदलती ज़रूरतों के अनुसार तैयार करेगा।

# आजम खान और बेटे की जमानत याचिका खारिज



**प्रयागराज।** (भाषा) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मशीन चोरी के एक मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता और प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान तथा उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान की जमानत याचिका शनिवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति समित गोपाल ने आजम खान और उनके बेटे की जमानत याचिका खारिज करते हुए यह आदेश पारित किया। इससे पूर्व, दो सितंबर, 2024 को याचिकाकर्ता और राज्य सरकार के वकीलों का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। वर्ष 2022 में आजम खान के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप है कि आजम खान ने रामपुर की नगर पालिका परिषद द्वारा खरीदी गई सड़क साफ करने की मशीन की चोरी की। यह मशीन बाद में कथित तौर पर आजम खान के जौहर विश्वविद्यालय से बरामद की गई थी। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वकार अली खान नाम के एक व्यक्ति ने 2022 में रामपुर की कोतवाली में आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान और पांच अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि वर्ष 2014 में इन व्यक्तियों ने अपनी ताकत का दुरुपयोग कर सरकार की सड़क साफ करने की मशीन चुराई थी जिसे रामपुर की नगर पालिका परिषद द्वारा खरीदा गया था। बाद में उक्त मशीन आजम खान के जौहर विश्वविद्यालय के परिसर से बरामद की गई। आरोप है कि इस मशीन को जौहर विश्वविद्यालय की जमीन में गाड़ दिया गया था, जिसे राज्य की एजेंसी द्वारा जमीन खोदकर बरामद किया गया।

# एक सप्ताह में तीन तलाक के दो मामलों में 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**गोंडा।** (भाषा) गोंडा जिले में पुलिस ने एक सप्ताह में तीन तलाक के दो अलग-अलग मामलों के संबंध में 16 व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि जिले के कटरा बाजार थाने में हिना बानो (22) ने मौजा खानपुर (रुस्तम नगर) निवासी अपने पति लैस मोहम्मद और आठ अन्य परिजन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। अधिकारी के अनुसार, बानो का आरोप है कि लैस मोहम्मद ने उसका शारीरिक और मानसिक शोषण करने के साथ ही दहेज की मांग की। उसने आरोप लगाया कि आपसी सहमति से तलाक से उसने इनकार किया जिसके बाद उसके पति ने अक्टूबर 2023 में उसे तीन तलाक दे दिया।तीन तलाक का दूसरा मामला थाना कोतवाली नगर का है जहां मन्नीपुर निवासी सोबी (24) ने अपने पति समेत सात लोगों के खिलाफ तीन तलाक का मामला दर्ज कराया है। सोबी का आरोप है कि उसका पति दिलनवाज और ससुराल के छह अन्य लोग दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते थे। उसका आरोप है कि 27 अगस्त 2024 को दिलनवाज ने उसे तीन तलाक दे दिया। एसपी ने कहा कि दोनों मामलों में साक्ष्य एकत्र करके समुचित वैधानिक कार्वाई की जाएगी।

## युवती के ससुराल में अश्लील तस्वीरें भेजने के आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी

भदोही।(भाषा) भदोही जिले के औराई थाने की पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए एक युवती की अश्लील तस्वीरें और संदेश उसके होने वाले ससुराल में भेजने के आरोप में एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार औराई थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली की युवती (19) की मां ने इस मामले में घोसिया इलाके के वार्ड नंबर चार निवासी दिलनवाज (28) के खिलाफ तहरीर दी, जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 7ß2ु (गलत नीयत से लगातार पीछा) 35ß3ु (किसी स्त्री पर व्याभिचार का आरोप लगाना और आपराधिक धमकी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। औराई के अपराध निरीक्षक संजय यादव ने दर्ज हुए मामले के हवाले से बताया कि युवती के कॉलेज और कोचिंग आते-जाते समय दिलनवाज पिछले कई महीनों से लगातार उसका पीछा करते हुए उससे अश्लील बातें कर रहा था। इसकी शिकायत युवती के परिजनों ने युवक के घर पर की थी।

# मानहानि के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई टली



**सुल्तानपुर।** (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मानहानि के आरोप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज मामले में शनिवार को यहां एमपी-एमएलए अदालत में सुनवाई टल गई।याचिकाकर्ता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडे ने बताया कि शनिवार को उपरोक्त मामले में वादी का बयान दर्ज होना था, लेकिन बार एसोसिएशन द्वारा न्यायालय में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने के कारण सभी अधिवक्ता उसमें व्यस्त रहे, जिसकी वजह से अदालत में कोई कार्य नही हो सका। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस मामले की सुनवाई एक अक्टूबर के लिए टाल दी है।राहुल गांधी पर 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान शाह के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है, इसे लेकर अगस्त 2018 में सुल्तानपुर जिले के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने अदालत में मामला दर्ज कराया था।राहुल ने 20 फरवरी 2024 को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अदालत में पहुंचकर आत्मसमर्पण किया था, इसके बाद उन्हें 25-25 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत मिल गई थी। इसके बाद अदालत की ओर से कई बार नोटिस जारी कर राहुल गांधी को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान व्यस्त होने के कारण वह अदालत नही पहुंच सके थे। अदालत उन्हें सख्त लहजे में पेश होने का आदेश दिया था, जिसके बाद 26 जुलाई को राहुल ने सुलतानपुर की अदालत में पहुंचकर बयान दर्ज कराया था और कहा था कि सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए यह मामला दायर किया गया है।

# प्रयागराज में आवारा कुत्तों से निपटने के लिए अस्पताल में 40 सुरक्षाकर्मी किए तैनात

प्रयागराज। (भाषा) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आवारा कुत्तों के खतरे से निपटने के लिए स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में 10 बंदूकधारी सुरक्षाकर्मियों सहित कुल 40 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

एसआरएन अस्पताल के एक अधिकारी ने शनिवार को इन सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की पुष्टि की। यह सुरक्षाकर्मी उत्तर प्रदेश भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके साथ मेडिकल कॉलेज ने एक अनुबंध किया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 22 अगस्त, 2024 के आदेश के अनुपालन में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव और एसआरएन अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक ने 18 सितंबर, 2024 को अपने हलफनामे दाखिल किए जिसमें अस्पताल में 40 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की योजना का जिक्र किया गया था। इससे पूर्व, उच्च न्यायालय ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एसआरएन अस्पताल में चूहों की समस्या का स्वतः संज्ञान लिया था। हालांकि, सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि एसआरएन में आवारा कुत्ते भी एक बड़ी समस्या है और इन पर अस्पताल का कोई नियंत्रण नहीं है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। हलफनामे के मुताबिक प्रयागराज के नगर आयुक्त से आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाने का अनुरोध किया गया है। वहीं, अस्पताल के टूटे हुए दरवाजों और प्रवेश बिंदुओं को ठीक किया जा रहा है ताकि इस समस्या से निपटा जा सके।

अदालत ने उन विभागों में जहां महिला डॉक्टरों के लिए अलग ड्यूटी कक्ष नहीं है, उनके निर्माण की योजना के संबंध में एसआरएन अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक को अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने को कहा है। अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 21 अक्टूबर, 2024 को करेगी।

# देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का सबसे बड़ा राज्य है यूपीः योगी

● मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 600 छात्रों को वितरित किया गया सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र

## भारत में बनने वाले मोबाइल फोन में 55 फीसद की हिस्सेदारी अकेले यूपी की



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सुशासन के बल पर निवेश का सबसे आकर्षक गंतव्य बन गया है। उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्टेट है। भारत में बनने वाले मोबाइल फोन में 55 फीसद की हिस्सेदारी अकेले यूपी की है। देश में बनने वाला 60 प्रतिशत मोबाइल कम्पोनेंट भी उत्तर प्रदेश में ही बनता है। यह यूपी में निहित संभावनाओं की ही क्षमता है कि सैमसंग दुनिया का पहला मोबाइल डिस्प्ले यूनिट चीन से भारत और भारत में भी उत्तर प्रदेश में ले आया। आज प्रदेश देश में विकास और निवेश के अभियान का बड़ा हिस्सा बनकर उभर रहा है।

सीएम योगी शनिवार को दोपहर बाद दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में सैमसंग इनोवेशन कैंपस द्वारा आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गोरखपुर विश्वविद्यालय और आईटीएम (इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट) के बीटेक के करीब 600 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से आठ छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2017 और उसके पहले के उत्तर प्रदेश की परिस्थितियों से आहत दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी सैमसंग नोएडा की अपनी यूनिट बंद करना चाहती थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने सैमसंग के अधिकारियों को बुलाकर बातचीत की। उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। ऐसा किया भी। इसका परिणाम हुआ कि 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून ने सैमसंग द्वारा बनाई गई दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इनोवेशन कैम्पस के लिए सैमसंग की सराहना करने के साथ अपेक्षा जताई कि जिन छात्रों को प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है, उन्हें सैमसंग की नोएडा यूनिट का भ्रमण भी कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे सैमसंग इनोवेशन कैम्पस से प्रशिक्षण प्राप्त 3500 छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ इंडस्ट्री की चुनौतियों को भी समझने का अवसर मिलेगा। इंस्टिट्यूट से मिले ज्ञान को जब तक इंडस्ट्री से नहीं जोड़ेंगे तब तक प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया मिशन को सफलता मिलने में कठिनाई होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिन भी पाठ्यक्रमों को जोड़ा गया है वे सभी न्यू एज कोर्स हैं जो आज ग्लोबल मार्केट की आवश्यकता हैं। सीएम योगी ने कहा कि डिमांड के अनुरूप सप्लाई के लिए आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत है मार्केट की मैपिंग करने की। यदि हम समाज की आवश्यकता के अनुसार मार्केट की मैपिंग नहीं करेंगे तो बेरोजगारों की फौज तैयार कर लेंगे। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि हमारे शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान ऐसे कोर्स तैयार करें जो युवाओं को अगले 20-25 वर्षों तक पैरों पर खड़ा कर सकें। इसके लिए संस्थानों को क्षेत्रीय, देश और दुनिया की आवश्यकता के अनुरूप मैपिंग कराकर कोर्स चलाने होंगे क्योंकि रटी-रटाई बातों को लेकर चलने का परिणाम यह होगा कि हम पिछड़ जाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के जरिये सरकार आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को शिक्षण संस्थानों के कैम्पस से ही साकार करने जा रही है। कैम्पस में ही ट्रेनिंग दिलाकर यूथ को जॉब दिलाने या स्टार्टअप शुरू करने की गारंटी दी जाएगी। इस योजना में फाइनल ईयर के छात्र के प्रोजेक्ट वर्क को किसी इंडस्ट्री में इंटर्नशिप से जोड़ा जाएगा। इसमें छात्र को आधा मानदेय सरकार और आधा मानदेय संबंधित इंडस्ट्री द्वारा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा यूपी आज विकास और निवेश के बड़े अभियान का हिस्सा बन रहा है।

### सोशल इम्पैक्ट स्टडी करें विश्वविद्यालय व अन्य संस्थान, सरकार देगी फीस

**इस** अवसर पर मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों का आह्वान किया कि वे सोशल इम्पैक्ट स्टडी (सामाजिक प्रभाव अध्ययन) करें क्योंकि कोई भी निवेशक किसी क्षेत्र में यूनिट लगाने या निवेश करने के लिए उस क्षेत्र के सामाजिक प्रभावों को परखता है। सरकार खुद इसके लिए करोड़ों रुपये खर्च करती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बाढ़ के कारण और समाधान को लेकर या फिर यहां के इतिहास पर सोशल इम्पैक्ट स्टडी की जा सकती है। इसके लिए सरकार पैसा देगी। इससे विश्वविद्यालय व संस्थानों को अतिरिक्त आय तो होगी ही, छात्रों को नया अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि लकीर का फकीर बनने की बजाय हमे नवाचार पर ध्यान देना होगा।

---

## ग्राम चौपालों में 4 लाख 8 हजार से अधिक प्रकरणों का किया गया निस्तारण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**गोरखपुर** प्रवास के दौरान जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात करना और उनकी समस्याएं जानकर निस्तारण कराना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या में शामिल रहता है। इसी क्रम में उन्होंने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

शनिवार को एक महिला अपने दिव्यांग बच्चे को लेकर आई थी। उसे व्हीलचेयर पर देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने महिला से बातचीत की। पता चला कि यह बच्चा जन्म से दिव्यांग नहीं था, उसे बाद में पोलियो हुआ। उसे लखनऊ और दिल्ली के बड़े अस्पताल में दिखाया गया है लेकिन डॉक्टरों ने जवाब दे दिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने महिला को आश्वस्त किया कि उक्त बालक को एक बार फिर से पीजीआई लखनऊ के डॉक्टरों को दिखाया जाएगा। इसे लेकर सीएम ने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

## दक्षिण से आए गोवंश को योगी ने दिया भवानी और भोलू नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**आंध्र** प्रदेश के येलेश्वरम स्थित गोशाला से गोरखनाथ मंदिर लाए गए नादिपथि मिनिएचर नस्ल (पुंगनूर नस्ल की नवोन्नत ब्रीड) के गोवंश (एक बछिया और एक बछड़ा) का शनिवार सुबह गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नामकरण किया। उन्होंने बछिया का नाम भवानी रखा है तो बछड़े का नाम भोलू। मंदिर की गोशाला में दक्षिण से आए गोवंश की इस जोड़ी का नाम रखने के बाद सीएम ने उनसे खूब बातें की, खूब दुलारा। गोसेवक मुख्यमंत्री के स्नेह से मात्र दो दिन में सुदूर से आए ये गोवंश उनसे पूरी तरह अपनत्व भाव से जुड़ गए हैं।

नादिपथि मिनिएचर नस्ल की गाय को दुनिया की सबसे छोटी गाय माना जाता है। इसे पुंगनूर नस्ल की ही ब्रीडिंग से विकसित किया गया है। नादिपथि मिनिएचर को माइक्रो मिनिएचर भी कहा जाता है। इस नस्ल के गोवंश की एक बछिया और बछड़ा को गुरुवार देर रात आंध्र प्रदेश के नादिपथि गोशाला से गोरखनाथ मंदिर लाया गया। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह इन गोवंश को स्नेहासींचित किया था और अपने हाथ से गुड़ और चारा खिलाया था। नादिपथि गोशाला से आए संचालक और नादिपथि मिनिएचर ब्रीड विकसित करने में अनुसंधान करने वाले डॉ. पी. कृष्णम राजू ने मुख्यमंत्री को नादिपथि मिनिएचर नस्ल की गायों की विशेषता के बारे में बताया। सीएम योगी से मुलाकात के बाद डॉ. कृष्णम राजू ने कहा कि योगी जी की गोसेवा और गोप्रेम देखकर वह अभिभूत हो गए हैं।

---

## ओबीसी समाज कांग्रेस को मिट्टी में मिलाने का काम करेगाः नरेन्द्र कश्यप

● ओबीसी समाज के लोगों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ निकाला आक्रोश मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप के नेतृत्व में शनिवार को ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने आक्रोश मार्च निकालकर हजरतगंज चौराहे पर धरना प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि राहुल गांधी के द्वारा अमेरिका में आरक्षण के विरोध में दिए गये बयान को लेकर देश भर के ओबीसी समाज में रोष व्याप्त है। उसी को लेकर ओबीसी मोर्चा, उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रदेश के 17 महानगरों में विरोध प्रदर्शन किया गया। बडी संख्या ओबीसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के सभी महानगरों में राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ओबीसी समाज के लोगों ने सड़कों पर उतरकर आक्रोश मार्च निकाला। सभी स्थानों पर धरना प्रदर्शन पुतला दहन भी किया गया। उसी क्रम में लखनऊ महानगर में हजारों की संख्या में ओबीसी समाज के लोगों ने नरेन्द्र कश्यप के नेतृत्व में विशाल आक्रोश मार्च निकाला। हाथों में राहुल गांधी के विरोध में बयानों की तख्तियॉ लेकर बड़ी संख्या में राहुल गांधी मुर्दाबाद, आरक्षण हमारा अधिकार है जैसे नारे लगाते हुए भाजपा मुख्यालय से हजरतगंज चौराहे पर पहुंचकर हजारों कार्यकर्ता धरने पर बैठ गये एवं उसके उपरान्त राहुल गांधी का पुतला जलाकर रोष व्याप्त किया। कार्यकर्ताओं ने नरेन्द्र कश्यप के साथ हजरतगंज चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी के पुतले के मुंह पर कालिख पोतकर मुर्दाबाद के नारों के साथ दहन किया। धरने पर मौजूद कार्यकर्ताओं को नरेन्द्र कश्यप ने सम्बोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस अपने स्थापना काल से ही आरक्षण के विरोध में रही है। पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू द्वारा 1961 में मुखर होकर आरक्षण का विरोध किया गया था। इस परम्परा का पालन इन्दिरा गांधी द्वारा मण्डल कमीशन की रिपोर्ट दबाकर एवं राजीव गांधी द्वारा आरक्षण उम्मीदवारों को बुद्धू कहकर पिछड़ा वर्ग को अपमानित किया गया था। उस प्रथा को निभाने का कार्य राहुल गांधी द्वारा किया जा रहा है।

नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि1953 में बने काका कालेकर कमीशन की रिपोर्ट जो 1955 में सौंपी गयी थी। उसे वर्षों तक नजरअंदाज किया गया। मण्डल आयोग का गठन 1978 में पूर्व प्रधानमंत्री, मोरार जी देसाई द्वारा किया गया था। 1980 में रिपोर्ट सौंपी गयी थी परन्तु 1990 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा मण्डल आयोग की रिपोर्ट को रद्द कर दिया और ओबीसी समुदाय को आरक्षण दिए जाने का विरोध किया। कांग्रेस काल में 14 वर्षों तक इस रिपोर्ट की अनदेखी की गयी। उन्होंने कहा कि संविधान की किताब हाथ में लेने से संविधान प्रेमी नहीं हो जाते। जब-जब कांग्रेस की सरकार रही, तब-तब संविधान का चीरहरण इनके द्वारा किया गया लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार लगातार देश को पिछड़े समाज का प्रधानमंत्री दिया है। जो कार्य कांग्रेस पिछड़े-दलितों के लिए पिछले 70 वर्षों में नहीं कर पायी वे कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दौरान हुए हैं। भारतीय संविधान संशोधन-2018 (102) क के अन्तर्गत ओबीसी कमीशन का गठन कर संवैधानिक दर्जा देकर कैबिनेट का दर्जा देना। नीट की परीक्षा में पिछड़े व अति पिछड़ों को आरक्षण प्रदान करना। सैनिक एवं केन्द्रीय विद्यालयों में 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू कराना। यह दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है। पिछड़े व अति पिछड़े के विकास के लिए भाजपा प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार में 27 ओबीसी सांसदों को मंत्री पद से सुशोभित किया गया है, प्रदेश सरकार में 22 ओबीसी समाज के नेताओं को मंत्रिमण्डल में शामिल किया गया है।

## विधानसभा उपचुनाव में सभी दस सीटें हारेगी भाजपाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पीडीए बड़ी लड़ाई लड़ने जा रहा है। पीडीए सबको साथ लेकर चलने का काम करेगा। आने वाले चुनाव में भी पीडीए ही एनडीए को हराएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा विधानसभा उपचुनाव में सभी दस सीटें हारेगी। इसके बाद भाजपा विधानसभा का चुनाव भी हारेगी और इनकी कुर्सी भी छिनना तय है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा हार से डरी हुई है। ये बीएलओ को हटा रहे है। जाति के आधार पर बीएलओ की तैनाती हो रही है। जाति के आधार पर एसडीएम तैनात हो रहे हैं। एक पत्रकार ने एक सूची जारी की है कि शासन में किस तरह से एक ही जाति के लोग कहां कहां बैठाये गए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। थाने, तहसील से लेकर हर स्तर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा के नेता खुद स्वीकार करते है कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं था। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ खुद इनके गठबंधन का विधायक धरने पर बैठा है। विधायक, मंत्री कह रहे है लूट हो रही है। यादव ने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर फेल है। किसानों को एमएसपी नहीं मिल रही है। किसानों के आलू और गेहूं की फसल की तैयारी करनी है लेकिन डीएपी खाद नहीं मिल रही है। सरकार फसलों के लिए डीएपी और अन्य उर्वरक नहीं उपलब्ध करा पा रही है। भाजपा से लेकर प्रधानमंत्री जी तक ने किसानों से झूठे वादे किए। कहा था कि आय दोगुनी हो जाएगी, आय दोगुनी नहीं हुई उल्टे महंगाई के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति जर्जर हो गयी। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा

## पशुपतिनाथ मंदिर के सदस्य प्रवीण दास ने सपा मुखिया से की भेंट



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में नेपाल के सुप्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के सदस्य प्रवीण दास ने भेंटकर उनके दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रवीण दास ने पशुपतिनाथ जी के शीर्ष पर चढ़ाई माला भेंट कर श्री अखिलेश यादव को विजयी होने का भी आशीर्वाद दिया। भारत-नेपाल के बीच सुदृढ़ सांस्कृतिक सम्बंधों की चर्चा में अखिलेश यादव ने बताया कि इटावा में श्री केदारेश्वर मंदिर में सालिगराम की शिला प्रस्थापित है जो नेपाल से आई है।

नेपाल सीमा पर कपिलवस्तु में समाजवादी सरकार में ही सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की स्थापना 2013 में की गई थी। विश्वविद्यालय हॉस्टल में नेपाल तथा बौद्ध धर्म के अनुयायी छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं हैं। मुख्यमंत्री रहते हुए अखिलेश यादव भी डिम्पल यादव के साथ पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने काठमांडू गए थे।

---

## यूपी के कुशल निर्माण श्रमिकों को इजराइल में मिलेगा रोजगार

**लखनऊ।** यूपी के निर्माण श्रमिकों के पास एक बार फिर इजराइल में रोजगार हासिल करने का अवसर है। भारत और इजराइल के बीच हुए समझौते के तहत उत्तर प्रदेश के फेम वर्क/ शटरिंग कारपेंटर और सिरेमिक टाइल श्रमिकों के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा प्रारम्भ हो गई है। उल्लेखनीय है कि चयनित निर्माण श्रमिकों को 1,37,500 रुपए वेतनमान पर दो वर्षों के लिए इजराइल भेजा जाएगा। इजराइल में काम करने वाले श्रमिकों को कम से कम 2 वर्षों की सेवा का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, श्रमिकों को बीमा कवर और अनुभव प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे उनकी भविष्य की रोजगार संभावनाएं बेहतर होंगी। इन रोजगार अवसरों का लाभ उठाने के लिए आवेदकों को शर्तों का पालन करना होगा। आवेदक की उम्र 25 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उसके पास कम से कम 3 वर्ष की वैधता का पासपोर्ट होना चाहिए।

## अब 3 डी मेटावर्स पर भी दिखेंगी लखनऊ-प्रयागराज की गलियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● प्रदेश के 100 स्थलों का ऑडियो टूर भी होगा संभव

**उत्तर** प्रदेश को पर्यटन के लिहाज से देश के 'मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन' के तौर पर प्रोजेक्ट कर रही योगी सरकार अब आभासी दुनिया के जरिए भी पर्यटकों को प्रदेश के विभिन्न स्थलों का टूर कराने की दिशा में कार्य कर रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, 3डी मेटावर्स प्लैटफॉर्म पर लखनऊ व प्रयागराज के 1500 लैंडमार्क्स का 360 पैनोरमिक डाटा संकलित किया जाएगा। इसके बाद इन सभी जानकारियों को तथा जियो रेफरेंस मैप्स को मेटावर्स इंटीग्रेटेड सिस्टम से जोड़ा जाएगा और 3डी इनेबल्ड वेब व मोबाइल ऐप का निर्माण किया जाएगा। यह प्लैटफॉर्म पर्यटकों को वर्चुअल टूर उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा। इसी प्रकार, क्यूआर कोड बेस्ड ऑडियो टूर के पोर्टल का भी विकास किया जाएगा जिसके जरिए प्रदेश के 100 स्थलों के ऑडियो टूर का लाभ भी लोग ले सकेंगे। इन दोनों ही परियोजनाओं को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा और इन दोनों ही प्रक्रियाओं को लेकर कार्य शुरू हो गया है। एक यादगार पर्यटन अनुभव में एक पर्यटक की यात्रा में कई मुख्य प्वॉइंट्स होते हैं। ऐसे में, परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के माध्यम से भू-संदर्भित मानचित्रों पर रुचि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थलों/रुचि के बिंदुओं के 3डी मेटावर्स और 360-डिग्री पैनोरमिक दृश्यों को एकीकृत करके फीचर समृद्ध वेब और मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया जाएगा। एजेंसी लगभग 1500 स्थलों के लिए डेटा संग्रह के लिए सर्वेक्षण करेगी इन सभी स्थलों का 360 पैनोरमिक डेटा एकत्र कर उसका डेटाबेस बनाएगी। इसके बाद, दोनों शहरों में वेब व मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से 3डी मेटावर्स टूरिंग एक्सपीरिएंस उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लखनऊ और प्रयागराज में विस्तृत सर्वे प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। लखनऊ के प्रमुख ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलों, बाजार, चिकनकारी के प्रमुख हब समेत प्रयागराज के विभिन्न पौराणिक व ऐतिहासिक स्थलों, बाजारों, महाकुंभ में स्नान के लिए विभिन्न घाटों, मंदिरों तथा आधात्यमिक केंद्रों को इस परियोजना से जोड़ा जाएगा।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग क्यूआर कोड इनेबल्ड ऑडियो टूर पोर्टल का भी विकास करने जा रही है जिसमें प्रदेश के 100 प्रमुख स्थलों पर ऑडियो टूर की व्यवस्था उपलब्ध करायी जाएगी। इस क्रम में प्रयागराज के पब्लिक लाइब्रेरी, इलाहाबाद म्यूजियम, चंद्रशेखर आजाद पार्क, हनुमान मंदिर समेत 19 स्थलों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार, अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि व हनुमानगढ़ी समेत 8 स्थानों, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर समेत 8 स्थलों, श्रावस्ती के अंगुलीमाल स्तूप समेत छह स्थलों, कपिलवस्तु के स्तूप, कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर समेत 4 स्थल, लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा समेत कुल 13 स्थलों पर भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं, आगरा के ताज महल समेत छह स्थल, मथुरा के बरसाना स्थित श्री राधारानी समेत 10 स्थल, वृंदावन के प्रेम मंदिर समेत 8 स्थल, माता विंध्यवासिनी मंदिर समेत 3 स्थल, चित्रकूट के रामघाट समेत 3 स्थल, नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ समेत दो स्थल, बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर, झांसी का बरुआ सागर किला, हापुड़ का गढ़ मुक्तेश्वर व सहारनपुर के शाकंभरी देवी के मंदिर को भी इस सुविधा से लैस किया जाएगा। प्रक्रिया को पूरा करने के लिए इन सभी स्थलों पर विचरण करने के सजीव चित्रण को प्रस्तुत करने वाले कॉन्टेंट को डेवलप किया जाएगा।

## योगी सरकार देव दीपावली पर 12 लाख दीप से रोशन करेगी काशी के घाट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ वाराणसी

● 15 नवंबर को काशी में मनाई जाएगी दिव्य देव दीपावली

● देव दीपावली पर गाय के गोबर से बने दीपों से भी रोशन होंगे काशी के घाट और कुंड

**काशी** में 15 नवंबर को देव दीपावली होगी। देव दीपावली पर काशी के घाट दीपों की रोशनी से नहाये दिखाई देते हैं। दीपों की माला पहने हुए काशी के अर्धचन्द्राकार घाटों की छटा अलौकिक और अद्भुत दिखाई देती है। लोकल से ग्लोबल होती हुई देव दीपावली को देखने के लिए देशी और विदेशी मेहमान भी काशी आते हैं। इस वर्ष ये नज़ारा 15 नवंबर को दिखेगा, जब खुद देवता देव दीपावली मनाने के लिए काशी के घाटों पर उतरेंगे। योगी सरकार देव दीपावली को दिव्य व भव्य बनाने के लिए 12 लाख दीपों से घाटों और कुंडों को रोशन करेगी। इसमें लाखों दीप गाय के गोबर से बने होंगे। योगी सरकार देव दीपावली को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के लिए इसे पहले ही प्रांतीय मेला घोषित कर चुकी है। देव दीपावली पर दिव्य लेज़र शो और ग्रीन आतिशबाजी का भी आयोजन होगा।

काशी के 84 से अधिक घाटों, कुंडो और तालाबों पर इस साल योगी सरकार की तरफ से और जन सहभागिता के जरिये 12 लाख से अधिक दीप टीम-टिमाते हुए दिखेंगे। पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि 12 लाख दीयों में ढाई से तीन लाख दिये गाय के गोबर से बने होंगे। गंगा पार रेत पर भी दीपक जलते हुए दिखेंगे, जिससे घाट के पूर्वी क्षेत्र गंगा की रेत का इलाका भी पूरी तरह रोशनी से जगमग होगा। इसके अलावा घाटों की साफ़-सफाई होगी और गंगा किनारे सदियों से खड़े ऐतिहासिक घाटों को फसाड लाइट और इलेक्ट्रिक लाइट से रोशन किया जाएगा।

डिप्टी डायरेक्टर पर्यटन ने बताया कि लेज़र शो के माध्यम से घाट पर गंगा अवतरण व शिव महिमा की कहानी दिखाई जाएगी। गंगा पार रेत पर प्रदूषण रहित ग्रीन आतिशबाजी का भी शो किया जाएगा, जो पर्यावरण संरक्षण का सन्देश भी देगा। देव दीपावली पर काशी की इस अनोखे छटा को देखने के लिए देश विदेश से पर्यटक आते हैं। देव दीपावली पर होटल, गेस्ट हाउस,नाव, बजड़ा, बोट व क्रूज़ आदि सभी फुल हो जाते हैं।

# समाधान दिवस पर 1155 शिकायतों में से सिर्फ तीन का ही हो सका निस्तारण

संवाददाता। फतेहपुर



**सदर** तहसील के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। डीएम ने राजस्व विभाग, बिजली विभाग, पूर्ति विभाग, पुलिस विभाग, नगरीय निकाय, विकास विभाग व अन्य विभागों की शिकायतों को सुनते हुए त्वरित और पारदर्शी तरीके से निस्तारण के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत रजिस्टर पर शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर भी अंकित किया जाये और शिकायतकर्ता से फोन पर आकस्मिक वार्ता कर निस्तारण की स्थिति की जांच भी की जाये।

रामप्रकाश ग्रामसभा कोराई ने रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत की। जिस पर लेखपाल को मौके पर जाकर जांच कर अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। राजरानी पत्नी स्व0 अरुण कुमार निवासी ग्राम कासिमपुर बीबीहाट ने अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर राजस्व निरीक्षक, राजस्व लेखपाल को प्रकरण की जानकारी न होने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि तत्काल मौके पर जाकर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें। ग्राम आदमपुर की मनु पुत्री क्रांति ने शिकायती पत्र में बताया कि पट्टे की जमीन की मेड़बंदी नहीं की जा रही है, जिस पर लेखपाल को नियमानुसार जाँच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने ईओ सदर को निर्देशित किया कि जल निकासी की समस्या का समाधान फौरी तौर पर किया जाये। तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत पर ईओ बहुआ को निर्देश दिये कि वार्ड-9 में स्थित तालाब को राजस्व और पुलिस की टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल कब्जामुक्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जहां विद्युत समस्या है, तत्काल जेई, एसडीओ को भेजकर निराकरण कराये और निर्बाध रूप से रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति कराई जाय।

# लाभार्थीपरक पेंशन समस्याओं के निस्तारण को ब्लॉकवार लगेंगे कैंप



**लखीमपुर खीरी।** किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था, निराश्रित महिला,दिव्यांगजन पेंशन के लाभार्थियों की पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण कराने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय कैंपों की 20 सितंबर से ब्लाक लखीमपुर से शुरुआत हुई। डीएम के स्तर से जारी रोस्टर के अनुसार शुक्रवार से बीडीओ (सदर) ज्ञानेंद्र सिंह और जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम की अगुवाई में ब्लाक लखीमपुर के अटल सभागार में कैंप की शुरुआत हुई, जो शनिवार को भी चला। इस कैंप में लाभार्थियों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं का निदान भी कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिलेभर में पीएम किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन हेतु कतिपय लाभार्थी विभिन्न कारणों से जिनकी पेंशन नहीं आ रही है, परेशान रहते हैं। कुछ लाभार्थियों का आनलाइन आवेदन करने के उपरान्त कतिपय त्रुटियां होने के कारण पीएफएमएस रिस्पान्स प्राप्त न होना, आधार ऑथेन्टिकेशन, आधार सीडिंग, डीबीटी न होना एवं सत्यापन के दौरान जीवित रहते हुए भी मृतक दर्शाकर उनकी पेंशन रोक दिया जाना आदि विभिन्न कारणों से उनकी पेंशन सम्बंधित लाभार्थियों के खाते में नहीं आ रही है। ऐसे लाभार्थियों की समस्याओं का त्वरित निदान, निराकरण कराये जाने के लिए ब्लॉक स्तर पर ऑनलाइन जरूरी संसाधनों के साथ कैम्प लगाये जा रहे हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि रोस्टर के अनुसार अपने विकासखंड में पहुंचकर पेंशन प्राप्त करने में आ रही समस्याओं का निराकरण कराएं।

# हाईवे में जगह जगह पर गहरे गड्ढे साबित हो रहे हैं जानलेवा, कई लोग हुए चोटिल

संवाददाता। कुरारा, हमीरपुर



**हमीरपुर** से कालपी हाइवे में जगह जगह जान लेवा गड्ढे हो जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। बाइक सवार इन गड्ढों में गिरकर चुटहिल हो रहे है। कार्यदाई संस्था द्वारा इन गड्ढों को नहीं भरा गया है। बरसात में यह गड्ढे पानी से भर जाते है। जिससे गड्ढे दिखाई नहीं देते है जिससे लोग परेशान रहते है।जुलाई माह में एक महिला की गड्ढे में बाइक से गिरकर मौत हो गई थी।

हमीरपुर से कालपी हाइवे जनपद के अंतिम गांव सरसई तक जाता है। इसके बाद जनपद जालौन की सीमा प्रारंभ हो जाती है। सरसई गांव से हमीरपुर तक हाइवे की सड़क में गड्ढे ही गड्ढे दिखाई देते है। सड़क धंसकर नाली का रूप ले चुकी है। जिससे आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे है। डामर गांव के पास नर्सरी के सामने हाइवे में गहरे गड्ढे हो गए है जिसमे जुलाई माह में कस्बा कुरारा निवासी महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई थी तथा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। डामर गांव में तीन स्थान पर गहरे गड्ढे है। इसके बाद कुरारा की तरफ आने वाले रास्ते में पांच स्थान पर गड्ढे हैं। इसके बाद मनकी तिराहा के समीप तथा बस स्टैंड के पास, बस स्टैंड के आगे मंडी समिति के आगे पेट्रोल पंप के सामने पतारा मोड़ के पास कुसमरा मोड़ के पास से हमीरपुर तक कई स्थान पर हाइवे में गड्ढे हो गए है। तथा सड़क नालीदार बन चुकी है।

पतारा मोड़ के समीप एक कार पलट गई थी जिसमे एक छात्र की मौत हो गई थी। इसके बाद सड़क की मरम्मत हुई थी। इसके बाद हाइवे के गड्ढे नही भरे गए हैं। बरसात के मौसम में इनमे जलभराव हो जाता है। जह जिससे यह गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं। क्षेत्र के लोगों ने सरसई से लेकर जनपद मुख्यालय तक 22 किलोमीटर हाइवे के गड्ढे भरे जाने की मांग लोक निर्माण विभाग से की है। इस मामले में कई मर्तबा लोनिवि के अधिशासी अभियंता से कहा गया है मगर कोई सुनवाई नहीं हुई है। जबकि गड्ढा मुक्त सड़क में हर साल करोड़ो रुपये खर्च होते है मगर विभाग सब लीपापोती कर देता है।

# डंपर की टक्कर से दो कर्मचारियों की दर्दनाक मौत

**फ रुखाबाद।** डंपर की टक्कर से बाइक सवार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व सफाई कर्मी की दर्दनांक मौत हो गयी। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के लिंजीगंज रोड स्थित सूरज गार्डन निवासी सतीश वर्मा का 26 वर्षीय गौरव वर्मा युवक कमालगंज आरपी डिग्री कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी के पद पर तैनात था। तथा उसका साथी फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव नरायनपुर सेंट्रल जेल निवासी 28 वर्षीय युवक संजीब भी आरपी डिग्री कॉलेज में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। दोनों कर्मचारी बाइक से घर वापस आ रहे थे, तभी थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम कुन्दन गनेशपुर व रुनी चुरसाई के बीच डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गौरव वर्मा व सफाई कर्मचारी संजीब गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल कर्मचारियों को इलाज के लिए डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने दोनो कर्मचारियों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने दोनों कर्मचारियों का शव मोर्चरी में रखवाकर पुलिस सूचना भेज दी है।

## आखिरी दिन दिव्यांगों को कई सैकड़ा उपकरण बांटे गए

**फर्रुखाबाद।** एस एन साध ट्रस्ट के बैनर तले एन ए के पी डिग्री कालेज के सामने सेवा केंद्र में जयपुर फुट नामक संस्था भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति एवम् ई एन टी स्पेशलिस्ट डा. शिखर सक्सेना एवम् उनकी टीम ने कान का परीक्षण करके मरीजों को निशुल्क दबाए और कान की मशीन दे रहे हैं। आखिरी दिन ट्रस्ट के राकेश साध, चमकेश साध,संयोजक डा.रजनी सरीन के नेतृत्व में दिव्यांगो को उपकरण बांटे गए।



# मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील सिकंदरा में सुनीं जन समस्याएं

संवाददाता। कानपुर देहात



**मुख्य** विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सिकंदरा में जन समस्याएं सुनी गई। जिसमे उनके द्वारा सर्वप्रथम पूर्व में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की जन शिकायतों की समीक्षा की गयी। जिसके पश्चात महोदया द्वारा तहसील सिकंदरा की जन समस्याएं सुनी गयी जिनमें कुल 171 शिकायतें प्राप्त हुईं।

4 शिकायतों का शीघ्र निस्तारण मौके पर ही किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन के शीर्ष प्राथमिकता में से एक हैं इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए तथा जो शिकायतकर्ता द्वारा जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जाता है उसका समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जो योजनाएं केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं उसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए व लोगों को लाभान्वित किया जाए तथा तहसील में जो प्रकरण लंबित है उसका निस्तारण हर हाल में हो तथा महिलाओं संबंधित शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना जाए व समय से निस्तारण हो।

महोदया द्वारा अनुपस्थित अधिकारियो से कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए गए। जिसके पश्चात महोदया द्वारा तहसीलदार सिकंदरा को निर्देश दिए गए कि भविष्य में आने वाली शिकायतों को रजिस्टर में सही ढंग से अंकित करते हुए निस्तारण आख्या को भी अंकित किया जाए अन्यथा सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों की सबसे अधिक शिकायतें आई हैं उनका निस्तारण शीघ्र करा लें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने तहसीलदार सिकंदरा को निर्देशित करते हुए कहा कि सबसे अधिक शिकायतें राजस्व से संबंधित हैं इसलिए इसमें सुधार लाएं और शीघ्र ही इन शिकायतों का निवारण करें।


## रनियां की फोम गद्दा फैक्ट्री में लगी आग, तीन की मौत



**कानपुर देहात।** जनपद के रनियां के खानपुर खारंजा स्थित फोम गद्दा फैक्ट्री में लगी आग का जिलाधिकारी आलोक सिंह ने त्वरित संज्ञान लेकर मौके पर पहुंच कर बचाव राहत कार्यों का जायजा लिया व घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा हेतु अस्पताल भेजवाया। मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, आपदा राहत, फायर सर्विस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटनास्थल पर प्रशासन एवं पुलिस की टीम राहत एवं बचाव कार्यों में सुबह से लेकर शाम तक लगी रही। रेस्क्यू ऑपरेशन में सभी को बाहर निकाल लिया गया है। कुल तीन लोगों के मृत होने की सूचना है, घायलों का इलाज चल रहा है। मृत व घायल के परिवार वालों को अनुमन्य आपदा राहत सहायता प्रदान की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### चवन आश्रम भंडारा कार्यक्रम में उमड़ी लोगों की भीड़



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** चवन आश्रम में आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों एवं जनप्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में मौजूद भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी एवं भाजपा नेता राजीव ठाकुर ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से मन को शांति मिलती है एवं लोगों के बीच धार्मिक आस्था का संचार होता है। शनिवार को गंगा नदी के तट पर स्थित पौराणिक ऋषि मुनि की तपोस्थली चवन आश्रम में समाजसेवी ठाकुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह उर्फबबलू द्वारा वार्षिक विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी एवं प्रबंधक हरि बाबू अग्निहोत्री आदि ने कहा कि ऋषि मुनियों की तपोभूम च्यवन आश्रम धार्मिक ही नहीं पौराणिक स्थल है।

### अस्पतालों में बढ़े खांसी, बुखार व खुजली के मरीज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मौसम में अचानक बदलाव के कारण खांसी, बुखार के मरीजों की संख्या बढ रही है। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लग रही है। वहीं चिकित्सक मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दबायें व परामर्श दे रहे हैं। बताते चलें कि बरसात के मौसम में जगह जगह जलभराव के कारण लोग संक्रामक रोगों की चपेट में आकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। स्थानीय टीवी हॉस्पिटल के चिकित्साधिकारी डा. मुकेश गोला का कहना है कि बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। वही शनिवार को चिकित्साधिकारी डा. मुकेश गोला नें खांसी, बुखार, उल्टी, खुजली, पेट की बीमारियों के करीब आधा सैकडा मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दबायें वितरित कराई।

### जिला कारागार को चैरीटेवल ट्रस्ट ने भेंट की पचास डेस्क

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला कारागार में नव साक्षर बंदी साक्षरता व शिक्षा की अलख जगानें के उददेश्य से ''कुछ कोशिशे'' चेरीटेविल ट्रस्ट ग्रुप के पदाधिकारियों द्वारा कारागार प्रशासन को आधा सैकडा डेस्क भेंट की गई हैं। इस दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ ने कहा कि अब बंदी विद्यार्थी साक्षरता सम्बन्धी प्रतियोगिताओं हेतु इनका प्रयोग करेगे। शनिवार को जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि 'कुछ कोशिशें' चेरीटेविल ट्रस्ट ग्रुप के राजेश भाटिया एवं उनके मुख्य सलाहकार सुनील वर्मा द्वारा 50 नग लकड़ी वाली मजबूत डेस्क जिला कारागार को दान स्वरूप सप्रेम भेंट की गयी। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा बंदियों को अपने पूर्व में कारागार बंदियों के सहयोग को बताकर शिक्षा हेतु प्रेरित किया। जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉन द्वारा सभी निरक्षर बंदियों को साक्षर किये जाने व उनकी सहायता करने हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।

### पुलिस से मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

**हमीरपुर।** दो दिन पहले मुस्करा क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश द्वारा मारपीट कर बीस हजार रुपये, व मोवाइल लूट के मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेढ़ में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक बृजेंद्र कुमार निवासी ग्राम खरेला जिला महोवा अपनी पत्नी के साथ बाइक से कछवाकला थाना जरिया जा रहा था जैसे ही व गुंदेला थाना मुस्करा के पास पहुचा तभी बाइक सवार बदमाश ओमप्रकाश ने बाइक सवार दंपत्ति को रोककर तमंचे की नोक पर उनसे मोवाइल नगदी व वाइक छीन ली और जमकर मारपीट की। पीडित ने मुस्करा जाकर अज्ञात के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने घटना के खुलासा के लिये पुलिस टीमों का गठन किया और बदमाश को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने ओमप्रकाश पाल निवासी ग्राम विहूनीकला थाना मुस्करा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 22 सौ रुपये बाइक व मोबाइल व बरामद किया है।

### आदर्श अधिवक्ता संगठन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बने मणि प्रकाश

**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव का बिगुल बज चुका है और इस चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए आदर्श अधिवक्ता संगठन व सर्व समाज अधिवक्ता संगठन जी-जान से लग गया है। आदर्श अधिवक्ता संगठन ने कई बार बैठकें भी की और अध्यक्ष पद का प्रत्याशी चयनित करने के लिए समिति का गठन किया था। चयनित समिति ने मणि प्रकाश दुबे के नाम पर मुहर लगाई। जिससे मणि प्रकाश दुबे अब आदर्श अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं। समिति की बैठक में संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू प्रसाद दीक्षित, राम गोपाल शुक्ला, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, संतोष कुमार दीक्षित, महेशकांत त्रिपाठी, अनिल कुमार तिवारी, प्रेम शंकर त्रिवेदी, सुशील मिश्रा, सुनील कुमार बाजपेई, देवव्रत अग्निहोत्री, शिव प्रकाश मिश्रा ने हिस्सा लिया।

### हर वार्ड में चला स्वच्छता सेवा अभियान

**निघासन-खीरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से प्रदेश भर में स्वच्छता पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।जिसके तहत नगर पंचायत निघासन में विभिन्न वार्डों व स्कूलों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। नगर पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई।नगर पंचायत निघासन में नगर अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य व अधिशाषी अधिकारी दिनेश शुक्ला के नेतृत्व में नगर पंचायत के समस्त वार्डों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें आम नागरिकों को प्रेरित किया गया कि आप अपने वार्डों में किस प्रकार से स्वच्छता का मूल मंत्र अपनाएंगे। एक पेड़ मां के नाम के तहत नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।जिसके तहत विद्यालयों में वृक्षारोपण भी कराया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पुत्र विनोद मौर्य एवं विभिन्न वार्डों के सभासद व सभासद प्रतिनिधि असलम खान मुन्ना यूनिक विनोद वर्मा पिंटू वर्मा दयाशंकर पाल केके मौर्य राजू गिरि आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रधान पर धान की फ़सल बर्बाद कराने का लगाया आरोप

**संडीला, हरदोई।** ग्राम प्रधान के इशारे पर किसानों की तैयार हो रही धान की फ़सल को नष्ट कराने की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नारायनपुर सूंडा निवासी रामप्रसाद तथा गयादीन समेत कई लोगों ने आरोप लगाते हुए शिकायत की है कि उनके खेत के बगल से चकरोड निकला है और आसपास उनके खेतों में धान की फ़सल खड़ी है। ग्राम प्रधान ने सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लगभग तैयार हो रही धान की फ़सल को तमाम विरोध के बावजूद नष्ट कराकर उनकी ज़मीनों को सड़क में शामिल कर दिया जबकि वे लोग स्वंय दो महीने का समय फ़सल कटने के लिए मांग रहे थे, लेकिन ग्राम प्रधान ने ऐसा नहीं किया। इससे उन लोगों की मेहनत से बोई गयी फ़सल नष्ट हो गयी। पीड़ितों ने एसडीएम, बीडीओ तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संडीला को प्रार्थना पत्र देकर इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर इस संबंध में ग्राम प्रधान से उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने हेतु कई बार संपर्क किया गया लेकिन फोन रिसीव न होने के कारण उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

### एआरटीओ ने ओवरलोडिंग में 12 वाहन पकड़े

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एआरटीओ ने चलाया । जिसके तहत वाहन चेकिंग के दौरान एआरटीओ बृजेंद्र नाथ चौधरी ने बड़ी कार्रवाई की। वाहन चेकिंग के दौरान एआरटीओ ने ओवरलोडिंग में 12 बाहन पकडएएक बाहन का चालान किया हैं। एआरटीओ ने फिटनेसए बीमा न होने की स्थिति में 15 ऑटो रिक्शा पकड़े हैं। एआरटीओ ने पकड़े गए वाहनों को एआरटीओ कार्यालय परिसर में खड़ा कराया। जिससे 105000 के रेवेन्यू की आय होगी। एआरटीओ बृजेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि ओवरलोडिंग में करीब 4.30 लख रुपए का रेवेन्यू आएगा।

# संकिसा-मोहम्मदाबाद मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 65 करोड़ स्वीकृतः जयवीर सिंह

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**मंत्री** पर्यटन व संस्कृति विभाग व प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि अपने विभाग से संकिसा से मोहम्दाबाद तक की रोड के चौड़ीकरण के लिये 65 करोड़ रु0 स्वीकृत किये है।

समीक्षा बैठक में मंत्री ने सीएमओ को निर्देशित किया कि एम्बुलेन्स सेवा 102 व 108 के रेस्पॉन्स टाइम में सुधार करे, जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदी गई गलियों व सड़को का रेस्टोरेशन समय से व गुणवत्तापूर्ण न होने पर अत्यधिक नाराजगी जतायी। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि अगली समीक्षा बैठक तक सभी रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण करे, मंत्री द्वारा बताया गया कि अब हर माह समीक्षा बैठक की जाएगी, विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट के कार्य को दिये गये समय के अंदर पूर्ण कराया जाये।

विद्युत विलिंग सही की जाये व ट्रिपिंग की समस्या का निदान किया जाये, सभी अधिकारी अपने सीयूजी नंबर 24 घंटे खुले रखे, उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि बीज का वितरण बुआई से पहले कराना सुनिश्चित करे व खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करे, किसानों को जनजागरूकता अभियान चलाकर अत्यधिक उर्वरक उपयोग करने से होने बाले नुकसान से अवगत कराये। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर 100 प्रतिशत किसानों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित कराये, पीएमकुसुम योजना के तहत स्थापित किये गये सोलर पम्पो की तकनीकी टीम बनाकर जाँच कराये, प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रचार-प्रसार करें, कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे में छूटने न पाये, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के सभी कार्यो की कमेटी बनाकर जाँच कराने के निर्देश दिये गये।

सीएमओ को संचारी रोगों को फैलने से रोकने के उपाय करने के लिये निर्देशित किया गया। डीपीआरओ को अपने विभाग की रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिये गये, सामूहिक विवाह योजना में पात्रो की पात्रता की जाँच कराने के निर्देश मंत्री द्वारा दिये गये। मंत्री द्वारा जनपद में चल रही 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की थर्ड पार्टी जाँच कराने के निर्देश दिए गये, मंत्री ने कहा कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सीधे बिना किसी बिचौलियों के हस्तक्षेप के मिले व विकास की परियोजनाओं को समय से पूरा किया जाये।

## किसान मोर्चा दक्षिणी के अध्यक्ष बने प्रेम का स्वागत

**फतेहपुर।** भा.ज.पा. किसान मोर्चा का प्रेम पासवान को मंडल दक्षिण का अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। नव मनोनीत मंडल दक्षिण अध्यक्ष ने शीर्ष नेतृत्व व जिलाध्यक्ष समेत पार्टी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किय। शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा मंडल दक्षिणी का प्रेम पासवान को अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा नगर दक्षिणी कार्यालय में नगर अध्यक्ष रितेश कुमार सोल्डी की अध्यक्षता में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भी अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात नवमनोनीत मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा प्रेम पासवान ने कहा कि जिस आशा एवं विश्वास से शीर्ष नेतृत्व व जिला संगठन ने उन पर भरोसा किया हैं वह भाजपा की नीतियां व रीतियों को बताकर लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने बौद्धिक कौशल का किया प्रदर्शन



**संडीला, हरदोई।** स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं की विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने अपनी भौमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आईआर इंटर कॉलेज में आयोजित इस विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज खसरौल और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज संडीला की प्रधानाचार्या डॉ0 अंजू सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने अपनी अभिरुचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के विज्ञान से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए। इस विज्ञान प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग में अक्षत और अजय सैनी को प्रथम, देवांश सक्सेना को द्वितीय तथा महविश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि हाईस्कूल वर्ग में हरिकेश को प्रथम, गायित्री गौतम को द्वितीय और कबीर खान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता छात्र छात्राओं को आईआर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजयु कुमार शुक्ला ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जबकि इस प्रदर्शनी में भाग लेने वाले समस्त छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। आईआर इंटर कॉलेज के विज्ञान शिक्षकों सर्वश्री विकास सारस्तव, सत्येन्द्र कुमार, रॉबिन गुप्ता, अब्दुल हई, मो निहाल तथा जिज्ञासा गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।

# गंगा समग्र की जिला इकाई ने मनाया विश्व नदी दिवस, हुआ गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। फतेहपुर



**शनिवार** को गंगा समग्र की जिला इकाई की ओर से विश्व नदी दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद के विभिन्न स्कूलों में गोष्ठियां आयोजित की गईं। आरएस एक्सल इंग्लिश एकेडमी पक्का तालाब में हुई गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने जल संरक्षण हेतु छात्रों को सजग किया एवं आम जनमानस में बढ़ रही नदियों के प्रति बेपरवाही को रेखांकित किया। गंगा समग्र के पर्व प्रमुख दिनेश श्रीवास्तव ने रामायण से उद्धरण देकर नदियों के महत्व का वर्णन किया।

संचालन जिला संयोजक धीरज राठौर ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने गंगा समग्र को आश्वासन दिया कि वह विद्यालय में एक गंगा टास्क फोर्स का गठन करेंगे और छात्रों को नदियों के महत्व के प्रति जागरूक करने लिए विभिन्न गंगा घाटों पर विद्यालय की ओर से स्वच्छता अभियान आयोजित करायेंगे।

जिला सहसंयोजक देवनारायण मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल एवं महर्षि विद्या मंदिर में भी कार्यक्रम संपन्न हुए। सीपीएस में कार्यक्रम का संचालन गंगा वाहिनी के प्रांत सह संयोजक सुयश गौतम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक अरुण ने विश्व नदी दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। महर्षि विद्या मंदिर में संचालन करते हुए बेतवा विभाग प्रमुख कुलदीप सिंह भदौरिया ने नदियों में बढ़ रहे प्रदूषण के परिणाम पर विस्तार से चर्चा की।

प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी ने छात्रों से अपील की कि वे पर्यावरण को स्वच्छ रखें क्योंकि गंदगी कहीं न कहीं से बहकर नदियों में पहुंच रही है। मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं नेहरू युवा केंद्र टीसी के संचालक और वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र कुमार साहू ने सभी छोटी बड़ी नदियों के जीर्णोद्धार हेतु मिलकर प्रयास करने की अपील की। अंत में गंगा सेविका की प्रांत सहसंयोजिका रीता सिंह तोमर ने सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

## रिश्वत मांगने पर दो सिपाही लाइन हाजिर

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना कुरारा के कारखास रहे सिपाही का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल होने के बाद उसे पुलिस अधीक्षक द्वारा दंडित करते हुए लाइन हाजिर किया गया है। वहीं बेरी चौकी में तैनात एक सिपाही को भी लाइन हाजिर किया गया है। थाना कुरारा में तैनात सिपाही अनिरुद्ध यादव का एक वीडियो कल सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। जिसमे सिपाही कोई मामला में फाइनल रिपोर्ट लगवाने के बदले तीस हजार कीमत का मोबाइल दिलाने की बात करते सुनाई दे रहा है। दुकानदार से सिपाही ने बात कराई थी। कल यह वीडियो वायरल होने के बाद उच्च अधिकारियों ने सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया हैं। कहा यह जा रहा है कि सिपाही के वायरल हुए वीडियो की पुष्टि नहीं की जाती है। मगर बेरी चौकी में तैनात सिपाही शिवम दुबे को भी लाइन हाजिर किया गया है। दो सिपाही लाइन हाजिर होने से थाने में सनसनी व्याप्त है।

# ओयल पीएचसी व ट्रामा सेंटर पर निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ



**लखीमपुर-खीरी।** सीएमओ डा0 संतोष गुप्ता द्वारा 20 सितम्बर की देर शाम करीब 7:45 बजे औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आर्थोपेडिक सर्जन डा0 फैजल, स्टाफ नर्स हरजीत सिंह व स्टाफ नर्स हिना खान उपस्थित मिली। उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि डा0 आरएम गुप्ता कोर्ट साक्ष्य हेतु गए थे व डा0 एचआर वर्मा दिन में ड्यूटी पर थे।

ओपीडी रजिस्टर को देखने पर पाया गया कि दिनांक 19 सितम्बर को कुल 62 मरीज व दिनांक 20 सितम्बर को 53 मरीज देखे गए थे माह अगस्त में 39 मरीज व माह सितम्बर में अब तक 28 मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया गया था परंतु चिकित्सकों का ड्यूटी रोस्टर नहीं बनाया गया था। कार्यरत कर्मियों का ड्यूटी रोस्टर न उपलब्ध कराये जाने पर सम्बन्धित को तत्काल ड्यूटी रोस्टर बनाते हुए चस्पा किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही ट्रामा सेन्टर में वर्तमान में दवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में ई0डी0एल0 की सूची भी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

जिसके बाद वह ट्रामा सेन्टर ओयल के भवन में पहुंचे जहां कि साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नही है तथा परिसर में पर्याप्त रोशनी भी नही थी। इस संबंध में उन्होंने सम्बन्धित को एक सप्ताह के भीतर रोशनी की व्यवस्था कराये जाने के साथ ही नियमित साफ-सफाई व बेडो पर बेडशीट नियमित तौर पर बदले जाने सम्बन्धी कार्य का अनुश्रवण किये जाने के निर्देश दिये गये।

# केदारनाथ मंदिर तक जाने वाली सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त रोकी गई तीर्थयात्रा

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर जंगल चट्टी के निकट सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण शनिवार को तीर्थयात्रा रोक दी गई। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि केदारनाथ से लौट रहे तीर्थयात्रियों के साथ-साथ गौरीकुंड और सोनप्रयाग से मंदिर के लिए रवाना होने वाले तीर्थयात्रियों को सड़क का 10-15 मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत के बाद मार्ग पर आवाजाही फिर से शुरू कर दी जाएगी। एसपी ने बताया कि इस बीच केदारनाथ से लौटते समय फंसे तीर्थयात्रियों तथा मंदिर दर्शन के लिए गौरीकुंड और सोनप्रयाग में इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को लाने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह सड़क टूटने की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीम तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वहां पहुंच गईं। कोंडे ने कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारी भी वैकल्पिक मार्ग तैयार करने में मदद कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि जंगल चट्टी के पास पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त होने के बाद किसी भी तीर्थयात्री को सोनप्रयाग और गौरीकुंड से आगे जाने की अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि जब वैकल्पिक मार्ग तैयार हो जाएगा तो सबसे पहले मंदिर से नीचे आने वाले तीर्थयात्रियों को निकाला जाएगा।

# राहुल गांधी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर अब आंदोलन करेगी कांग्रेस:खरगे

**भाषा।** जम्मू



**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी आरएसएस-भाजपा की जहरीली मानसिकता से नहीं डरेगी और राहुल गांधी को दी गई धमकियों के खिलाफ आंदोलन करेगी। उन्होंने गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा नेताओं पर कार्वाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विफल रहने पर भी सवाल उठाया। खरगे ने जम्मू में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता, जिनमें विधायक और सांसद भी शामिल हैं, हमारे नेताओं की जुबान काटने की बात करते हैं। सच बोलने पर (लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष) राहुल गांधी पर हमला किया जाता है और उनके खिलाफ नफरत का माहौल बनाया जाता है, जैसा कि (उनकी दादी) इंदिरा गांधी के खिलाफ किया गया था। खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री भाजपा और आरएसएस के ऐसे भड़काऊ भाषणों को नजरअंदाज कर देते हैं। प्रधानमंत्री इन नेताओं पर लगाम लगाने और इनके खिलाफ कार्वाई करने में विफल रहे हैं, क्योंकि वह उनसे डरते हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने जम्मू पहुंचे खरगे ने कहा कि राहुल गांधी को आतंकवादी और राष्ट्र-विरोधी करार दिया जा रहा है।

उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री इस तरह के बयानों को बढ़ावा दे रहे हैं और कार्वाई नहीं कर लोगों को उकसा रहे हैं। भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, अगर कोई कांग्रेस को डराने की कोशिश कर रहा है तो हम डरने वाले नहीं हैं। जो लोग हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं, वे आजादी की लड़ाई के दौरान घर बैठे थे। हमारे लोगों ने लड़ाई लड़ी और अपने प्राण न्यौछावर किए। गांधी परिवार का बलिदान का इतिहास रहा है, लोगों को बताएं कि आपका क्या योगदान था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए अपनी जान दे दी और वे (आरएसएस-भाजपा) हमारे नेताओं की जुबान काटने की बात कर रहे हैं, राहुल को आतंकवादी और राष्ट्र-विरोधी बता रहे हैं। उन्होंने कहा, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम इसके खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों को आरएसएस-भाजपा की जहरीली मानसिकता के बारे में बताएगी। खरगे ने कहा, उन्हें हटाना और जम्मू-कश्मीर को बचाना जरूरी है। यह हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

उन्होंने भाजपा पर झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया, खासकर चुनावों के दौरान। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, उनके सारे वादे जुमले बन कर रह गए हैं, जबकि हम अपने सारे वादे पूरे करने के अपने फैसले पर अडिग हैं। जम्मू-कश्मीर के लोगों से किए गए पार्टी के चुनावी वादों को रेखांकित करते हुए खरगे ने कहा कि कांग्रेस, राज्य का दर्जा बहाल करने, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उचित आरक्षण देने तथा मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा घोषित पैकेज के अनुरूप कश्मीरी पंडितों की वापसी एवं पुनर्वास के लिए अपने प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बेरोजगार युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने के भाजपा के वादे पर भी सवाल उठाया। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने 10 साल के शासन के दौरान रोजगार देने में विफल रही और अब वह झूठे वादों से जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी दर 35 प्रतिशत है। पिछले 10 सालों में आपके (भाजपा) पास काफी समय था और आपने उपराज्यपाल को काफी शक्तियां दी हैं। अगर आपने कोशिश की होती तो यह काम एक महीने में ही हो जाता। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि जब नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ उनकी पार्टी की गठबंधन सरकार सत्ता में आएगी तो कांग्रेस एक लाख नौकरियां उपलब्ध कराएगी। खरगे ने प्रधानमंत्री द्वारा रेलवे और सड़क नेटवर्क के निर्माण का श्रेय लेने पर भी सवाल उठाया और आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में शांति, समृद्धि और विकास के भाजपा के दावे झूठे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, रेलवे और राजमार्ग परियोजनाओं पर काम कांग्रेस के कार्यकाल में शुरू हुआ था। उन्हें (भाजपा नेताओं को) बताना चाहिए कि उन्होंने (जम्मू-कश्मीर में) क्या नया किया है। उन्होंने आतंकवाद के खात्मे के भाजपा के दावों पर भी सवाल उठाए। खरगे ने आरोप लगाया, उन्हें बताना चाहिए कि अन्य स्थानों (जिन्हें पहले शांतिपूर्ण घोषित किया गया था) पर आतंकवादी घटनाएं क्यों हो रही हैं। हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और। मोदी और (गृह मंत्री अमित) शाह जुमले गढ़ रहे हैं और वोट मांगने के लिए उनका प्रचार कर रहे हैं।

# गुजरात में जौहरी परिवार के नौ सदस्यों ने आत्महत्या का प्रयास किया

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में जौहरी परिवार के नौ सदस्यों ने आर्थिक समस्याओं के कारण कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि गुंदावाड़ी इलाके में रहने वाले अडेसरा परिवार के सदस्यों ने शुक्रवार रात को आत्महत्या के असफल प्रयास के बाद खुद ही एम्बुलेंस बुलाई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि सभी की हालत स्थिर है। भक्तिनगर थाने के निरीक्षक मयूरध्वज सरवैया ने बताया कि मुंबई के दो व्यापारियों ने पिछले साल आपूर्ति किए गए तीन किलोग्राम सोने के आभूषणों के लिए लगभग 1.95 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया, जिसके कारोबारी परिवार के सदस्यों ने आत्महत्या का यह प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कीटनाशक खाने वालों में आठ साल का बच्चा और 67 वर्षीय महिला भी शामिल हैं। शहर के सर्राफा बाजार में अपने भाई के साथ संयुक्त रूप से आभूषण की दुकान के मालिक और परिवार के सदस्य केतन अडेसरा ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि मुंबई के व्यापारियों ने उन्हें दिवाली 2023 तक आभूषणों के भुगतान का वादा किया था, लेकिन अब तक पैसा नहीं दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप परिवार अपने ऋण की किस्तों का भुगतान करने में असमर्थ है। निरीक्षक सरवैया ने बताया कि व्यापारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भक्तिनगर पुलिस थाने में रोजनामचा में आत्महत्या के प्रयास की बात दर्ज की गई है।

# आरजी कर बलात्कार कांड: कनिष्ठ चिकित्सकों ने 42 दिन बाद आंशिक रूप से काम शुरू किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में कनिष्ठ चिकित्सक 42 दिन बाद शनिवार सुबह आंशिक रूप से काम पर लौट आए। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद एक महिला चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के खिलाफ कनिष्ठ चिकित्सकों ने काम बंद कर दिया था। कनिष्ठ चिकित्सकों ने सभी सरकारी अस्पतालों में आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में काम करना शुरू कर दिया लेकिन उन्होंने बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में अब भी काम शुरू नही किया है। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों में शामिल अनिकेत महतो ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने आज से काम पर लौटना शुरू कर दिया है। हमारे सहकर्मी केवल आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में अपने-अपने विभागों में आज सुबह से काम पर लौटना शुरू कर चुके है, लेकिन ओपीडी में काम शुरू नही किया गया है। कृपया यह नही भूलें कि चिकित्सक केवल आंशिक रूप से काम पर लौटे हैं। उन्होंने बताया कि उनके अन्य सहयोगी राज्य के बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए पहले ही रवाना हो चुके है, जहां वे विरोध प्रदर्शनों के बीच भी लोगों के स्वास्थ्य को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए अभया क्लिनिक (चिकित्सा शिविर) शुरू करेंगे। विभिन्न सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों के काम पर लौट आने से आपातकालीन सेवाएं सामान्य हो गईं। बांकुड़ा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के एक मरीज दीपांकर जना ने कहा, यह हमारे लिए बहुत राहत की बात है। हम उनकी मांगों का समर्थन करते है, लेकिन चिकित्सकों के काम बंद कर देने के कारण हमारे जैसे नियमित मरीजों के लिए पिछले एक महीने से इलाज कराना बहुत मुश्किल हो गया था। पूर्व मेदिनीपुर जिले के बाढ़ प्रभावित पंसकुरा में अभया क्लिनिक में मरीजों की भीड़ देखी गई। ऐसे ही एक क्लिनिक में काम करने वाली कनिष्ठ चिकित्सक अहेली चौधरी ने कहा, हमें इन क्लिनिक में बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कई लोग क्लिनिक में आए हैं...। हम चौबीसों घंटे सेवा देने के लिए तैयार हैं... यह हमारी प्रतिबद्धता है। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने कहा कि वे इस घटना में प्रशासन द्वारा न्याय किए जाने और राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाए जाने की अपनी मांगो को पूरा करने के लिए अगले सात दिन तक इंतजार करेंगे, अन्यथा वे फिर से काम बंद करेंगे। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त को महिला चिकित्सक का शव मिला था। ए चिकित्सक तभी से विरोध प्रदर्शन कर रहे है। उनकी मांग है कि इस घटना मे जान गंवाने वाली महिला चिकित्सक को न्याय मिले। उन्होंने इस मामले में प्रमुख अधिकारियों की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए उन्हे पदों से हटाने की भी मांग की है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की जांच के सिलसिले में आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

# एएसआई ने जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के तकनीकी सर्वेक्षण का दूसरा चरण शुरू किया

**पुरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार अपराह्न में पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के तकनीकी सर्वेक्षण का दूसरा चरण शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने खजाने के तीन दिवसीय सर्वेक्षण के दौरान भक्तों को अपराह्न एक बजे से शाम छह बजे तक सहोदर देवताओं के दर्शन करने से रोक दिया। सर्वेक्षण के दौरान मंदिर के मुख्य द्वार श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे।एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने इस मामले में श्रद्धालुओं से सहयोग मांगा। सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए मंदिर में प्रवेश करने वाले रत्न भंडार सूची कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बिश्वनाथ रथ ने कहा, एएसआई 21, 22 और 23 सितंबर को सर्वेक्षण करेगा, जिसके दौरान यह पता लगाया जाएगा कि क्या रत्न भंडार के अंदर कोई छिपा हुआ कक्ष अथवा सुरंग है या नही। वे इस उद्देश्य के लिए अत्याधुनिक रडार लाए हैं। सर्वेक्षण का पहला चरण 18 सितंबर को आयोजित किया गया था। इस दौरान अतिरिक्त महानिदेशक जाह्नवीज शर्मा के नेतृत्व में एएसआई की 17 सदस्ईय तकनीकी टीम ने पाधी और न्यायमूर्ति रथ की उपस्थिति में रत्न भंडार और इसकी लेजर स्कैनिंग का प्रारंभिक निरीक्षण किया था। टीम में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई), हैदराबाद के विशेषज्ञ भी शामिल थे। एसजेटीए ने 18 सितंबर को एएसआई को पत्र लिखकर दशहरा और कार्तिक महीने के दौरान देवताओं के विशेष अनुष्ठानों के मद्देनजर 24 सितंबर तक तकनीकी सर्वेक्षण पूरा करने का अनुरोध किया था। मंदिर में दुर्गा पूजा के अनुष्ठान 24 सितंबर से शुरू होगे। सूत्रों ने कहा कि एसजेटीए ने एएसआई से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय के भीतर सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपे।

# खाई में वाहन गिरने से सेना के एक जवान की मौत, छह अन्य घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार सेना के एक जवान की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि माचेडी-बिलावर रोड पर सुकराला देवी मंदिर के पास शुक्रवार रात यह हादसा उस समय हुआ, जब सैनिक दूरस्थ इलाके में गश्त पर थे। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग और बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तथा सात घायल सैनिकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनमें से एक सिपाही रामकिशोर को मृत घोषित कर दिया गया। सेना की राइजिंग स्टार कोर ने मृत सैनिक पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर उसे श्रद्धांजलि दी। कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राइजिंग स्टार कोर को ड्यूटी के दौरान बहादुर सिपाही रामकिशोर के दुर्भाग्यपूर्ण और असामयिक निधन पर गहरा अफसोस है। दुख की इस घड़ी में भारतीय सेना शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता से खड़ी है और उनकी हरसंभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।।

# बीस लाख नौकरियां पैदा करना राजग सरकार का इकलौता एजेंडा: नारा लोकेश

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने शनिवार को कहा कि राज्य में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का इकलौता एजेंडा 20 लाख नौकरियां सृजित करना है। राजग को राज्य में इस साल हुए विधानसभा चुनाव में 93 प्रतिशत सीट के साथ भारी जनादेश मिला है। सीआईआई सदर्न रीजनल काउंसिल 2024-25 के यहां एक विशेष पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पांच साल में 20 लाख नौकरियां पैदा करना चुनावों में राजग द्वारा किए गए छह प्राथमिक वादों में से एक था। लोकेश ने कहा, यह इकलौता एजेंडा (20 लाख नौकरियां) है जिसके साथ आपकी सरकार आंध्र प्रदेश राज्य में काम करने जा रही है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्य एक लाख करोड़ डॉलर का सकल राज्य घरेलू उत्पाद हासिल करने वाले पहले तीन राज्यों में से एक बनने की आकांक्षा रखता है। लोकेश ने कहा कि सीआईआई ने हमेशा एक सहयोगी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि कृषि, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग तथा अन्य क्षेत्रों के लिए एक हब रहे आंध्र प्रदेश का उद्देश्य अब सूचना प्रौद्योगिकी में तेजी से आगे बढ़ना है। वाई एस जगनमोहन रेड्डी नीत वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार के स्पष्ट संदर्भ में तेदेपा महासचिव ने कहा कि पिछले पांच वर्ष उद्योग के लिए अच्छे नही रहे और उन्होंने संकल्प जताया कि नई सरकार विश्वास वापस दिलाने के लिए काम करेगी।

# हिंसा छोड़ें, बातचीत के जरिए ही स्थाई शांति हो सकती है स्थापित: रीजीजू

**नई दिल्ली।** (भाषा) केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर के लोगों से हथियार छोड़कर बातचीत के लिए आगे आने का शनिवार को अनुरोध किया ताकि राज्य में शांति का स्थाई समाधान निकाला जा सके। गैर सरकारी संगठन माय होम इंडिया द्वारा आयोजित नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल को संबोधित करते हुए रीजीजू ने कहा कि (केंद्र की) नरेन्द्र मोदी सरकार के तहत पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व विकास हो रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को एक सुनहरा अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा, मैं कुकी भाइयों-बहनों से आग्रह करता हूं कि भारत सरकार हर कोशिश करने के लिए तैयार है लेकिन आपको हथियार छोड़ना होगा। यदि आप हथियार उठाएंगे तो कोई समाधान नहीं निकल सकता।संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा, कोई भी समाधान केवल बातचीत के जरिए ही निकाला जा सकता है। चाहे कुछ भी हो, आप एक दूसरे से नहीं लड़ सकते। अगर आप एक दूसरे से बात करते हैं, बातचीत की मेज पर आते हैं, तभी हम स्थाई शांति स्थापित कर सकते हैं। पिछले साल तीन मई से मणिपुर में जातीय हिंसा



जारी है, जब बहुसंख्यक मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में पूर्वोत्तर राज्य के पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च निकाला गया था। हिंसा में कुकी और मेइती, दोनों समुदायों के सदस्यों और सुरक्षाकर्मियों सहित अबतक 220 से अधिक लोग मारे गए हैं। रीजीजू ने कहा कि पिछले 10 साल में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए एक सुनहरा अवसर है। ऐसे समय में मणिपुर के लोगों को हिंसा छोड़कर बातचीत के जरिए समाधान निकालने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

# अपनी नाकामी छिपा रही झारखंड सरकार

## भाजपा ने परीक्षा के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं स्थगित करने के फैसले पर साधा निशाना

**रांची।** (भाषा) झारखंड में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रतियोगी परीक्षा के मद्देनजर शनिवार और रविवार को पांच घंटे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने के राज्य सरकार के फैसले को अपनी नाकाम व्यवस्था को छिपाने का एक और फरमान बताया। आधिकारिक सूचना में झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (जेजीजीएलसीसीई) के दौरान किसी भी गड़बड़ी को रोकने की कवायद में शनिवार सुबह आठ बजे से अपराह्न डेढ़ बजे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं स्थगित रखने की बात कही गई और रविवार को भी इसी अवधि के दौरान सेवाएं स्थगित रहेंगी। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा, जब झारखंड सरकार परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए त्रुटिरहित व्यवस्था नहीं बना पाई तो उन्होंने पूरे राज्य में 3.5 करोड़ लोगों के लिए इंटरनेट बंद कर दिया। उन्होंने कहा, यह सरकार की नाकाम व्यवस्था को छिपाने का एक और मनमाना फरमान है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं स्थगित करने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इससे लोगों को काफी असुविधा होगी। भाजपा नेता ने कहा, यह निर्देश परीक्षा में अनुचित तरीकों को रोकने में झारखंड सरकार की विफलता को दिखाता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य में मोबाइल इंटरनेट के साथ ही ब्रॉडबैंड सेवाएं भी निलंबित की गई हैं। सरकारी अधिसूचना में कहा गया, ...पूर्व में यह देखा गया है कि कुछ व्यक्तियों ने इंटरनेटावाईफाई कनेक्टिविटी पर निर्भर विभिन्न मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कर कदाचार किया है। इसमें कहा गया, झारखंड सरकार परीक्षा प्रक्रिया में ऐसी किसी भी खामी को दूर करना चाहती है जो भर्ती प्रक्रिया की शुचिता के संबंध में जनता के मन में शंका पैदा कर सकती है जिससे जन सुरक्षा पर असर डालने वाले कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे खड़े हो सकते हैं। आदेश में संबंधित अवधि में नियत टेलीफोन लाइन पर आधारित ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और वॉयस कॉल जारी रहने की बात कही गई। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग 823 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित कर रहा है, करीब 6.39 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में बैठ रहे हैं।

# अपराध पर नियंत्रण पाना बिहार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**पटना।** (भाषा) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि अपराध पर नियंत्रण पाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने पटना के एक अणे मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास संकल्प में गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन मुस्तैदी से कार्य करें तथा अपराध नियंत्रण के लिए पूरी सख्ती से कार्वाई करें। गृह विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कानून का शासन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की ँसर्वोच्च प्राथमिकतौ है। राज्य में कानून-व्यवस्था स्थिति में कथित गिरावट को लेकर विपक्ष द्वारा सरकार पर निशाना साधे जाने की पृष्ठभूमि में यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक बयान के अनुसार कुमार ने कहा, सरकार कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं करेगी और लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस



अधिकारियों को रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए तथा वरिष्ठ अधिकारियों से अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करने का आग्रह किया। नीतीश ने जमीन विवाद से संबंधित अपराध में आई कमी पर प्रकाश डालते हुए कहा, पहले 60 प्रतिशत से अधिक अपराध जमीन विवाद के कारण होते थे। अब यह घटकर 46.69 प्रतिशत रह गया है। सरकार ने जमीन विवादों को कम करने के लिए पूरे राज्य में विशेष हवाई सर्वेक्षण और भूमि बंदोबस्त अभियान शुरू किया है।

# पेज 1 का शेष

## दिल्ली ने....

इमरान हुसैन हमेशा की तरह खाद्य एवं आपूर्ति तथा चुनाव विभाग देखेंगे, जबकि नवनियुक्त मुकेश अहलावत गुरुद्वारा चुनाव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, भूमि एवं भवन, श्रम एवं रोजगार विभाग का कार्यभार संभालेंगे। शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले संबोधन में आतिशी ने अपने पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल के खिलाफ साजिश रचने के लिए भाजपा पर निशाना साधा और राजधानी के लोगों से अपील की कि वे सुनिश्चित करें कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद फिर से सीएम बनेंगे। यहां संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि यह उनके लिए एक भावनात्मक दिन है क्योंकि केजरीवाल मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहेंगे। उन्होंने केजरीवाल को अपना गुरु बताया और उन्हें यह अवसर देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, उनके लिए यह बहुत भावुक क्षण है क्योंकि वे मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने हर व्यक्ति का दर्द समझा। केजरीवाल ने लोगों के लिए मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया, सरकारी स्कूलों के छात्रों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम किया, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा का प्रावधान लाए। भाजपा ने उन्हें झूठे मामले में फंसाया और उन्हें तोड़ने की हरसंभव कोशिश की। आतिशी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि केजरीवाल फिर से मुख्यमंत्री बनें ताकि मुफ्त बिजली और पानी जैसी मुफ्त सेवाएं जारी रहें। दक्षिण दिल्ली के भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आतिशी द्वारा मुख्यमंत्री का पद संभालने पर कहा है कि लंबे समय से कुशासन का शिकार हो रही दिल्ली को अब कुछ राहतों की अपेक्षा है। नई सीएम को अब जनता से किए वादों को पूरा करने के लिए बड़े कदम उठाने होंगे। जनता को इस समय बिजली की दरों और पानी की समस्या से तुरंत राहत मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी के सामने सबसे बड़ी चुनौती दिल्ली सरकार के कामकाज में तेजी लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रमुख परियोजनाएं तथा योजनाएं फिर से पटरी पर आ जाएं। इसके अलावा, उन्हें प्रस्तावित मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत दिल्ली में पात्र महिलाओं को 1,000 रुपए का मानदेय प्रदान करने के केजरीवाल के वादे को लागू करना भी सुनिश्चित करना होगा। ग्रुप-ए पदस्थापन के लिए जरूरी राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण की बैठक आयोजित करना, सेवाओं की घर पर आपूर्ति योजना को फिर से शुरू करना, दिल्ली विद्युत वाहन नीति 2.0 और सौर नीति को मंजूरी देना आदि होंगे। आतिशी ने कहा, वह दिल्ली वालों को आश्वासन देती हैं कि चूंकि केजरीवाल अब जेल से बाहर आ गए हैं, इसलिए वह भाजपा की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देंगे।

## अमरप्रीत सिंह...

एयर मार्शल सिंह ने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में एयर डिफेंस कमांडर और पूर्वी वायु कमान में वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। पिछले साल फरवरी में वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ का पदभार संभालने से पहले, वह सेंट्रल एयर कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। एयर मार्शल को परम विशिष्ट सेवा पदक और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

## जम्मू कश्मीर में...

जिन्होंने वर्ष 1947 में सीमाओं की रक्षा की और वर्ष 1990 में आतंकवाद के समय अपनी छाती पर गोलियां खाईं, क्योंकि फारूक अब्दुल्ली छुट्टी मनाने के लिए लंदन भाग गए थे। पुंछ में नियंत्रण रेखा के करीब मेंढर और सुरनकोट में दो रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सीमा पर शांति है, क्योंकि पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरता है और यह जानते हुए भी कि भारत की प्रतिक्रिया उसकी बंदूकों को शांत करने के लिए उपयुक्त होगी, वह गोलीबारी करने की हिम्मत नहीं करेगा। मेंढर से पार्टी उम्मीदवार मुर्तजा खान की मौजूदगी में दर्शकों के साथ तुरंत तालमेल बिठाते हुए शाह ने कहा कि केंद्र ने युवाओं के हाथों में बंदूकें और पत्थर देकर आतंकवाद का सफाया कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार जम्मू क्षेत्र की पहाड़ियों में में बंदूकों की गूंज नहीं होने देगी। वह और अधिक निर्माण करेंगे लोगों की सुरक्षा के लिए सीमाओं पर बंकर बनाए गए हैं। आपको वर्ष 1990 के दशक में सीमा पार से होने वाली गोलीबारी की याद दिलाना चाहते हैं। शाह ने पूदा कि क्या आज भी सीमा पार से गोलीबारी हो रही है। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां पहले के शासक पाकिस्तान से डरते थे, लेकिन अब पाकिस्तान मोदी से डरता है। वे गोली चलाने की हिम्मत नहीं करते थे, लेकिन अगर वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। शाह ने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला लोगों को आतंकवाद के फिर से पनपने का डर दिखा रहे हैं। वह बताना चाहते हैं कि आपके संरक्षण के बावजूद मोदी और शाह इन खूबसूरत पहाड़ियां में फिर गोली की आवाज गूंजने नहीं देंगे।

## राहुल गांधी..

राहुल ने अमेरिका में अपनी टिप्पणियों का एक छोटा वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्हें एक सिख व्यक्ति का जिक्र करते हुए दिखाया गया है। उनकी टिप्पणी तब आई जब भाजपा ने शनिवार को कई सिख समूहों के एक संयुक्त बयान का हवाला देते हुए उनसे अपना बयान वापस लेने को कहा, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इससे देश में डर का माहौल पैदा हुआ है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने संवाददाताओं को बताया कि कई सिख और गुरुद्वारा प्रबंधन निकायों ने इस मुद्दे पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की और उन्होंने कहा कि सिखों के बलिदान ने देश को मजबूत बनाया है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने संवाददाताओं से कहा कि कई सिख और गुरुद्वारा प्रबंधन निकायों ने इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की थी और उन्होंने कहा कि सिखों के बलिदान ने देश को मजबूत बनाया है। वाशिंगटन डीसी के उपनगर वर्जीनिया के हर्नडॉन में भारतीय-अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा था, सबसे पहले, आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। यह लड़ाई राजनीति की नहीं है। यह सतही है। गांधी ने आगे की पंक्ति में बैठे एक सिख व्यक्ति से उसका नाम पूछा। उन्होंने पूछा, पगड़ी वाले भाई, आपका नाम क्या है। कांग्रेस नेता ने कहा था, लड़ाई इस बात पर है कि क्या उन्हें, एक सिख के रूप में, भारत में पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी या उन्हें, एक सिख के रूप में, भारत में कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी। या फिर वह एक सिख के तौर पर गुरुद्वारे जा पाएंगे। लड़ाई इसी बात को लेकर है और सिर्फ उनके लिए नहीं, सभी धर्मों के लिए है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी राहुल गांधी को दी गई धमकियों के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में विफलता पर भी सवाल उठाया, जिन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। भाजपा, आरएसएस के नेता, जिनमें विधायक और सांसद शामिल हैं, हमारे नेताओं की जुबान काटने की बात करते हैं। खड़गे ने जम्मू में संवाददाता सम्मेलन में कहा, राहुल गांधी पर सच बोलने के लिए हमला किया जा रहा है ।

## मध्यम वर्ग...

ये आंकड़े भारत के बागवानी क्षेत्र के मिश्रित प्रदर्शन को उजागर करते हैं, जिसमें कुछ फसलें का उत्पादन अधिक है। जून में जारी 2023-24 के दूसरे अग्रिम अनुमान में बागवानी फसलों का कुल उत्पादन 352.23 मिलियन टन रहने का अनुमान लगाया गया था। मंत्रालय के अनुसार, 2022-23 की तुलना में सेब, मीठा संतरा, मैंडरिन, अमरूद, लीची, अनार, अनानास का उत्पादन कम होने की उम्मीद है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है, टमाटर, गोभी, फूलगोभी, टैपिओका, लौकी, कद्दू, गाजर, खीरा, करेला, परवल और भिंडी के उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है, जबकि आलू, प्याज, बैंगन, जिमि कंद, शिमला मिर्च और अन्य सब्जियों के उत्पादन में कमी की उम्मीद जताई जा रही है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों (तीसरे अग्रिम अनुमान) के अनुसार, 2022-23 में फलों, शहद, फूलों, बागान फसलों, मसालों और सुगंधित और औषधीय पौधों के उत्पादन में वृद्धि का अनुमान है। फलों का उत्पादन 2.29 प्रतिशत बढ़कर 112.73 मिलियन टन होने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण आम, केला, नींबू, अंगूर, कस्टर्ड सेब और अन्य फलों के उत्पादन में वृद्धि है।

# झारखंड के मुख्यमंत्री सबसे भ्रष्टः राजनाथ

भाषा। इटखोरी (चतरा)

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए उन्हें देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया। सिंह ने कहा कि अब सोरेन को सत्ता से हटाने और पूर्वी राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मत देकर उसे सत्ता में लाने का समय आ गया है। इस साल के अंत में झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। चतरा जिले के इटखोरी में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं से खिलवाड़ किया है और भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। भारत कभी किसी दागी व्यक्ति को स्वीकार नहीं करेगा। सिंह ने दावा किया कि राज्य में भाजपा के किसी भी मुख्यमंत्री- बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुबरदास- ने कभी भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना नहीं किया। रक्षामंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने विदेश में भारत की छवि खराब की और सिख समुदाय को उकसाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने अमेरिका की यात्रा की...उन्होंने सिख समुदाय को यह कहकर उकसाने की कोशिश की कि सिख समुदाय के लिए भारत सुरक्षित नहीं है...वह विदेश में भारत की छवि और प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहे हैं। सिंह ने झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन के तीनों घटकों- झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय



जनता दल- को राज्य के विकास के लिए अवरोधक करार दिया। सिंह ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वे हमारी बेटियों से शादी कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा , क्योंकि भाजपा न्याय की राजनीति में विश्वास करती है, न कि जाति, पंथ या धर्म की।उन्होंने लोगों से झारखंड में विकास की गति को तेज करने के लिए कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलाने की अपील की। रक्षामंत्री ने कहा, हम यहां की व्यवस्था में बदलाव चाहते हैं, न कि केवल मौजूदा शासन को। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है और वित्तीय संस्थाओं और नीति आयोग के आंकड़ों के मुताबिक केंद्र में भाजपा के 10 साल के दौरान 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। उन्होंने कहा कि देश की विश्वसनीयता विश्व में कई गुणा बढ़ी है, जो रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान फंसे भारतीय विद्यार्थियों को निकालने के दौरान स्पष्ट हुई है। सिंह ने कहा कि आवास, सड़क नेटवर्क, पेयजल सहित विभिन्न क्षेत्रों में बहुत काम हुआ है और मुद्रा के तहत ऋण 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा, देश के प्रत्एक जिले में चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। रक्षामंत्री ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार एक देश, एक चुनाव को लेकर कटिबद्ध है और मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद हम संसद में संबंधित विधेयक पेश करेंगे। सिंह ने गढ़वा में आयोजित एक अन्य जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड को अस्तित्व में आए हुए 24 साल हो गए हैं इसके बावजूद राज्य विकास के मामले में पिछड़ा हुआ है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में जो भी विकास हुआ है, वह भाजपा शासन में हुआ है। रक्षामंत्री ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो और राजद वंशवाद की राजनीति में विश्वास करते हैं। उन्होंने लोगों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि तीनों दलों का गठबंधन सत्ता में वापसी नहीं कर सके। राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड में भाजपा की यह तीसरी परिवर्तन यात्रा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू के प्रेस सचिव अजय कुमार सिंह को एक साल का सेवा विस्तार मिला

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रेस सचिव अजय कुमार सिंह का कार्यकाल शनिवार को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, उनका कार्यकाल 25 सितंबर 2025 तक के लिए बढ़ाया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने राष्ट्रपति के प्रेस सचिव सिंह के कार्यकाल को अनुबंध के आधार पर 25 सितंबर 2024 से एक वर्ष के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। वरिष्ठ पत्रकार सिंह को सितंबर 2019 में एक वर्ष के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का प्रेस सचिव नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 2020 में तत्कालीन राष्ट्रपति कोविंद के कार्यकाल के साथ-साथ कर दिया गया था। सितंबर 2022 मे सिंह का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया गया।

## उत्कर्ष बैंक ने खोली तीसरी शाखा

अयोध्या। उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने आज उत्तरप्रदेश राज्य के अयोध्या में अपनी तीसरी शाखा की शुरूआत की। इस नई शाखा की शुरूआत से, उत्तरप्रदेश में कुल शाखाओं की संख्या 204 और देश भर में कुल संख्या 948 तक पहुंच गई है.अयोध्या की नई शाखा के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिविजनल कमिश्नर श्री गौरव दयाल, आईएएस उपस्थित थे।इस नई शाखा की शुरूआत के अवसर पर बोलते हुए उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, हमें इस बात की खुशी है कि हमारे बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार अयोध्या जैसे ऐतिहासिक शहर में हो रहा है। नई शाखा इस बात का प्रमाण है कि हम देश भर में अपना विस्तार कर रहे हैं, खासकर उन जगहों पर जहां संस्कृति की गहरी जड़ें हैं और उभरती हुई आर्थिक क्षमता है। अयोध्या की इस नई शाखा के खुलने का लाभ यहां के स्थानीय लोगों को होगा।

## टिपरा मोथा ने ढाका के राजनयिक से अल्पसंख्यकों की रक्षा का अनुरोध किया

अगरतला। टिपरा मोथा की युवा शाखा ने शनिवार को बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त आरिफ मोहम्मद को अगरतला मे एक ज्ञापन सौंपकर पड़ोसी देश में स्वदेशी और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। यूथ टिपरा फेडरेशन (वाईटीएफ) ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से स्वदेशी आदिवासी समुदायों के खिलाफ हिंसक घटनाओं मे खतरनाक बढ़ोतरी पर गहरी चिंता व्यक्त की। वाईटीएफ अध्यक्ष सूरज देबबर्मा ने यह जानकारी दी। खगराचारी और अन्य क्षेत्रो की हालिया खबरो से परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई है जो इन समुदायों की सुरक्षा और अधिकारो को खतरे मे डालती है।


## एलआईसी एमएफ देगा लाभ

मुंबई। भारत के सबसे पुराने फंड हाउस में शामिल एलआईसी म्यूचुअल ने फंड ने एलआईसी एमएफमैन्यूफैक्चरिंग`न फंड की शुरुआत की है। यह एक ओपनएंडेड इक्विटी स्कीम है जो मैन्यूफैक्चरिंग थीम को फॉलो करती है। इस स्कीम का एनएफ ओ 20 सितंबर 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला और यह चार अक्टूबर 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए उपलब्ध रहेगा। इस स्कीम के तहत 11 अक्टूबर 2024 को यूनिट आवंटित किए जाएंगे। योगेश पाटिल और महेश बेंद्रे इस स्कीम को मैनेज करेंगे। इस स्कीम को निफ्टी इंडिया मैन्यूफैक्चरिंग इंडेक्सटोटल रिटर्न इंडेक्स से लिंक किया जाएगा। इस स्कीम का निवेश लक्ष्य मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों और इंस्ट्रुमेंट्स में मुख्य रूप से निवेश के जरिए लंबी अवधि में निवेश पूंजी में वृद्धि हासिल करना है। न्यूनतम 5,000 रुपये और उसके बाद एक रुपये के गुणकों वाली रकम के साथ एनएफ ओ के दौरान आवेदनध् स्विच इन किया।

# संतों, विशेषज्ञों से भावी कदम के बारे में चर्चा करेंगे : नायडू

भाषा। अमरावती

**आंध्र प्रदेश के** मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि तिरुपति लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट के आरोपों के बाद सरकार भावी कदम के बारे में संतों, पुजारियों और हिंदू धर्म के अन्य शीर्ष विशेषज्ञों से परामर्श करेगी। हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक के दौरान नायडू ने दावा किया था कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और अपने अनोखे स्वाद के लिए चर्चित लोकप्रिय तिरुपति लड्डुओं को बनाने में घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परामर्श के बाद सरकार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के संबंध में अपना निर्णय



लेगी जो तिरुपति स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है। नायडू ने एक बयान में कहा, हम इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि टीटीडी के संबंध में आगे क्या करना है और कैसे आगे बढ़ना है। पुरोहितों, पुजारियों और सनातन धर्म (हिंदू धर्म) के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद, हम तय करेंगे कि संप्रोक्षण (अनुष्ठानिक पवित्रीकरण) कैसे किया जाना चाहिए। तिरुपति लड्डू की अद्वितीय महिमा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोगों ने बेहतर प्रसाद बनाने की चेष्टा की लेकिन वे उसमें विफल रहे। नायडू ने कहा, अयोध्या में भी उन्होंने बिलकुल तिरुमाला जैसा लड्डू बनाने की कोशिश की और उसके लिए कारीगरों को भी यहां से ले जाया गया लेकिन वह नहीं हो पाया। वहां (अयोध्या) के लोगों ने मुझे इस मामले के बारे में बताया।

## तिरुपति के लड्डू प्रसादम की पवित्रता बहाल की गई : टीटीडी

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)।** तिरुपति के प्रसिद्ध लड्डू प्रसादम में इस्तेमाल घी की गुणवत्ता को लेकर श्रद्धालुओं की चिंताओं के बीच तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने कहा कि इस पवित्र प्रसाद की शुचिता बहाल कर दी गई है। तिरुमला पर्वत पर स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करने वाले टीटीडी ने शुक्रवार रात को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि श्रीवारी लड्डू की पवित्रता अब बेदाग है। मंदिर बोर्ड ने एक पोस्ट में कहा, श्रीवारी लड्डू की दिव्यता और पवित्रता अब बेदाग है। टीटीडी सभी भक्तों की संतुष्टि के लिए लड्डू प्रसादम की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। देश के सबसे अमीर मंदिर का प्रबंधन करने वाले बोर्ड ने शुक्रवार को खुलासा किया कि उसे गुणवत्ता की जांच के लिए भेजे गए नमूनों में घटिया गुणवत्ता के घी और चर्बी की मिलावट का पता चला है। लड्डू मे पशु चर्बी की मिलावट का दावा दो दिन पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने किया था। इस मुद्दे को लेकर पूर्ववर्ती वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार पर आरोप लगाए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने इसे ध्यान भटकाने की राजनीति और मनगढ़ंत कहानी बताया। केंद्र ने इस मामले पर आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी है और उचित कार्वाई करने का वादा किया है। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आरोपों की जांच कराने की बात कही है। टीटीडी ने शुक्रवार को प्रयोगशाला की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि घी में चर्बी (सुअर की वसा) और अन्य अशुद्धियां पाई गई हैं। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने कहा कि प्रयोगशाला की जांच में नमूनों में पशु वसा और चर्बी पाई गई है और बोर्ड इस मिलावटी घी की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया में है।

# तिरुपति लड्डू को अपवित्र करने के मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाएगाः प्रह्लाद जोशी

**हुब्बली (कर्नाटक)।** केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू को अपवित्र करने के मुद्दे को गंभीरता से लिया है और इस मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाएगा। मंत्री ने यह भी कहा कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा कर्नाटक मिल्क फेडरेशन के नंदिनी घी की खरीद रोक दिए जाने के बाद ए आरोप सामने आए हैं। सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का कामकाज भी संभाल रहे जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने तिरुपति लड्डू में मिलावट का बहुत गंभीर आरोप सुना है। पिछली (आंध्र प्रदेश) सरकार नंदिनी घी का इस्तेमाल कर रही थी। जब उसने नंदिनी



उत्पादों का इस्तेमाल बंद कर दिया, तो उसने अलग-अलग स्रोतों से घी खरीदना शुरू कर दिया। तब से ए घटनाएं हुई हैं और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने प्रयोगशाला रिपोर्ट भी जारी की है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू भारत के एक महत्वपूर्ण नेता एवं अच्छे प्रशासक हैं तथा जब उन्होंने कुछ कहा है, तो उसमें अवश्य तथ्य होंगे। जोशी ने कहा, अब जब प्रयोगशाला रिपोर्ट आ गई है, तो विस्तृत जांच होनी चाहिए। जिसने भी गलत किया है, उसे सजा मिलनी चाहिए। हम इसे गंभीरता से लेंगे और इस मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा, यह देश की संस्कृति और आस्था का सवाल है। ऐसा विश्वासघात उचित नहीं है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कर्नाटक में भी मंदिर प्रबंधनों को श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले प्रसाद की समय-समय पर जांच करनी चाहिए। इस बीच, कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के एस ईश्वरप्पा ने वाई एस जगनमोहन रेड्डी के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने के दौरान विदेशी ईसाई मिशनरियों की भूमिका का आरोप लगाया।

## सुरेश प्रभु ने लड्डू विवाद के बाद प्रसाद वितरण स्थलों पर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला बनाने की पैरवी की

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने तिरुपति लड्डू विवाद के आलोक में प्रसाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को उनसभी स्थानों पर एफएसएसएआई द्वारा खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने की मांग, जहां इसका वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि इन परीक्षण प्रयोगशालाओं की लागत वे संगठन आसानी से उठा सकते हैं, जो इतने बड़े पैमाने पर प्रसाद बांटते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया है कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डुओं में पशुचर्बी का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा हो गया। विपक्षी वाईएसआरसीपी ने नायडू पर राजनीतिक फायदे के लिए घृणित आरोप लगाने का आरोप लगाया। वहीं, सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी अपने दावे के समर्थन में प्रयोगशाला की एक रिपोर्ट प्रसारित कर रही है।

# ...जब मोदी ने ओबामा से कहा तत्कालीन राष्ट्रपति की लिमोजिन कार उनकी मां के घर जितनी बड़ी है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से कहा था कि उनकी लिमोजिन कार का आकार लगभग उस घर जितना बड़ा है, जिसमें उनकी (मोदी) मां रहती हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के दूत विनय क्वात्रा ने यह जानकारी दी। क्वात्रा ने कहा कि इससे साधारण पृष्ठभूमि वाले दोनों नेताओं के बीच गहरा संबंध विकसित होने में मदद मिली। पूर्व विदेश सचिव क्वात्रा ने प्रधानमंत्री से संबंधित घटनाओं का विवरण देने वाले सोशल मीडिया हैंडल मोदी स्टोरी को बताया कि दोनों नेताओं के बीच उक्त बातचीत उस समय हुई, जब वे औपचारिक चर्चा के बाद मार्टिन लूथर किंग जूनियर स्मारक के लिए एक साथ जा रहे थे। क्वात्रा ने बताया कि जब मोदी 10-12 मिनट के सफर के लिए ओबामा की लिमोजिन कार में उनके साथ बैठे, तो दोनों के बीच परिवार के बारे में बातचीत हुई। एक दोस्ताना बातचीत में ओबामा ने मोदी की मां के बारे में पूछा। मुस्कुराते हुए प्रधानमंत्री ने एक स्पष्ट और अप्रत्याशित जवाब दिया, राष्ट्रपति ओबामा, शायद आपको इस पर यकीन न हो, लेकिन आपकी कार का आकार लगभग उस घर के आकार का है, जिसमें मेरी मां रहती हैं। इस यात्रा के दौरान क्वात्रा अनुवादक के रूप में मौजूद थे। क्वात्रा ने कहा कि मोदी की बात ने अमेरिकी राष्ट्रपति को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें मोदी के साधारण पालन-पोषण की एक झलक मिली।

## राजनीति में आप हर बात दिल पर नही ले सकतेः उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले में शुरू की गई कार्यवाही संबंधी उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि राजनीति में आप हर बात दिल पर नहीं ले सकते। मुरुगन ने पिछले साल शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाकर मद्रास उच्च न्यायालय के पांच सितंबर, 2023 के आदेश को चुनौती दी थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने दिसंबर 2020 में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मुरुगन के कथित मानहानिकारक बयानों को लेकर चेन्नई स्थित मुरासोली ट्रस्ट द्वारा दायर शिकायत पर उनके खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 27 सितंबर को उनकी याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताते हुए चेन्नई की एक विशेष अदालत में मुरुगन के खिलाफ लंबित कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। पीठ ने उनकी याचिका पर मुरासोली ट्रस्ट से भी जवाब मांगा था।

# धारावी में मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने की बीएमसी की योजना के खिलाफ प्रदर्शन

भाषा। मुंबई

**मुंबई की धारावी** झुग्गी बस्ती में शनिवार को उस समय तनाव व्याप्त हो गया जब सैकड़ों लोग एक मस्जिद के कथित अवैध हिस्से को गिराने की बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की योजना के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कुछ निवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों को उस गली में प्रवेश करने से रोक दिया जहां मस्जिद स्थित है और जल्द ही सैकड़ों लोग धारावी थाने के बाहर एकत्र होकर सड़क पर बैठ गए। स्थिति तनावपूर्ण होने पर मस्जिद प्रबंधन से जुड़े लोगों ने बृहन्मुंबई नगर निगम के अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने अतिक्रमण वाले हिस्से को हटाने के लिए चार से पांच दि का समय मांगा, जिस पर अधिकारियों ने सहमति जताई। इलाके में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, जी-उत्तर प्रशासनिक वार्ड से बीएमसी अधिकारियों का एक दल सुबह करीब नौ बजे धारावी के 90 फुट रोड पर स्थित महबूब-ए-सुब्हानी मस्जिद के कथित अवैध हिस्से को गिराने के लिए पहुंचा था। वहां जल्द ही बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी एकत्र हो गए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को उस गली में जाने से रोक दिया जहां मस्जिद स्थित है। इसके बाद सैकड़ों लोग धारावी थाने के बाहर इकट्ठा हो गए और नगर निगम के कदम का विरोध करने के लिए सड़क पर बैठ गए। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि बीएमसी के जी उत्तर वार्ड ने मस्जिद के अतिक्रमित हिस्से को हटाने के लिए नोटिस जारी किया ।

# नौसेना के शीष कमांडरों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की युद्धक क्षमता बढ़ाने का फैसला किया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडरों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी युद्धक क्षमता में पर्याप्त बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। भारतीय नौसेना ने यह निर्णय हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल और इस क्षेत्र में दिख रहे भू-राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में लिया। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को यहां संपन्न चार दिवसीय नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में व्यापक विचार-विमर्श के बाद समुद्री क्षेत्र में देश की युद्धक क्षमता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। कमांडरों को संबोधित करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने तटरक्षक बल और अन्य समुद्री एजेंसियों के साथ घनिष्ठ तालमेल और कार्यात्मक संबंधों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा और तट की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सतर्कता बनाए रखने की जरूरत को रेखांकित किया। नौसेना के अनुसार,



एडमिरल ने नौसेना मुख्यालय में कमांड और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वह एक संतुलित बहुआयामी और निर्बाध नेटवर्क आधारित सेना के रूप में विकसित करना जारी रखें जो राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा करने और इसे बढ़ावा देने समेत जवाब देने के लिए तैयार रहे। नौसेना प्रमुख ने समकालीन भू-रणनीतिक परिदृश्य के साथ-साथ समुद्री क्षेत्र में उभरती रणनीति पर प्रकाश डाला। नैसेना के बयान में कहा गया कि बल के लिए अल्प, मध्यम और लंबी अवधि के लिहाज से प्रमुख क्षेत्रों को गिनाते हुए उन्होंने दोहराया कि सभी नौसैनिक मंचों, उपकरणों, हथियारों एंवं सेंसर को युद्ध के लिए तैयार सुनिश्चित करने की आवश्यकता है जिनका एकमात्र ध्एय लक्ष्य तक आयुध पहुंचाना है। कमांडरों ने आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के प्रति भी अटूट प्रतिबद्धता जताई। भारतीय बंदरगाहों में फिलहाल 64 पोत और पनडुब्बियां निर्माणाधीन हैं और 24 अतिरिक्त मंचों के निर्माण का आदेश दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### गुजरात के सूरत जिले में रेल पटरी से छेड़छाड़, रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता से दुर्घटना टली

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में शनिवार को अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर रेल पटरी से छेड़छाड़ करके ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश की तहत फिश प्लेटें हटा दीं तथा कई पेंच ढीले कर दिए। अधिकारियों ने बताया कि कोसांबा और किम रेलवे स्टेशन के बीच प्रभावित पटरी से ट्रेन गुजरने से पहले ही एक लाइनमैन ने तड़के गड़बड़ी को भांपकर रेलवे अधिकारियों को सूचना दी, जिसके चलते छेड़छाड़ की कोशिश का पता चल गया। सूरत (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक हितेश जोयसर ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने रेलवे पटरी पर दो पटरियों के सिरों पर लगीं दो फिश प्लेट हटा दीं और उन्हें बराबर वाली पटरी पर रख दिया।जोयसर ने बताया कि उन्होंने 40-50 पेंच भी ढीले कर दिए। पुलिस उपाधीक्षक आर.आर. सरवैया ने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे पटरी का निरीक्षण कर रहे एक लाइनमैन को इस गड़बड़ी का पता चला और उसने रेलवे प्रशासन को सूचित किया। उन्होंने कहा, रेलवे इंजीनियर और अन्य कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और लाइन की मरम्मत की, जिसके बाद विभिन्न ट्रेन की आवाजाही फिर से शुरू हुई। सरवैया ने बताया कि रेलवे और स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी है तथा मामला दर्ज किया जा रहा है।किम थाने के निरीक्षक पी.एच. जडेजा ने कहा कि यह ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश थी और रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता के कारण दुर्घटना टल गई। उन्होंने कहा कि नुकसान ठीक होने के बाद ट्रेन की आवाजाही फिर से शुरू हो गई।

### एलडीएफ विधायक अनवर के हमलों के बीच विजयन ने राजनीतिक सचिव का बचाव किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को अपने राजनीतिक सचिव पी शशि का पुरजोर समर्थन किया, जिन्हें सत्तारूढ़ लोकतांत्रिक वाम मोर्चा (एलडीएफ)विधायक पी वी अनवर के लगातार हमलों का सामना करना पड़ रहा है। शशि और एडीजीपी एम.आर. अजितकुमार की आलोचना करने के लिए लगातार संवाददाता सम्मेलन करने पर अनवर की तीखी आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने नीलांबुर के विधायक को वामपंथी पृष्ठभूमि वाला नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी से आया हुआ व्यक्ति बताया। विजयन ने कहा कि शशि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) राज्य समिति के सदस्य हैं और पार्टी के निर्देशानुसार वह उनके राजनीतिक सचिव के रूप में अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। विजयन ने अनवर के आरोपों के संबंध में पूछे गए सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, उनकी ओर से कोई गलत काम नहीं हुआ। चाहे कोई कुछ भी कहे, ऐसे सभी दावों को अवमानना के साथ खारिज किया जा सकता है और इन मामलों में किसी जांच की आवश्यकता नहीं है। अनवर ने विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए अजितकुमार और शशि के खिलाफ अपना हमला तेज करके मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए असहज स्थितियां बनाई हैं। अनवर ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि शशि ने यह धारणा बनाने में मदद की कि रिश्वत लेने और धन का दुरुपयोग करने की शिकायत के संबंध में अजितकुमार के खिलाफ सतर्कता जांच में देरी के लिए विजयन जिम्मेदार थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शशि, अनवर या अन्य की शिकायतों को बिना जांचे स्वीकार करने और उन पर कार्वाई करने के लिए नहीं हैं।विजयन ने कहा, वह यह सुनिश्चित करने के लिए वहां हैं कि उचित प्रक्रिया का पालन किया जाए। अगर वह अन्यथा काम करते हैं, तो न तो शशि और न ही कोई और पद पर बने रह पाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका कार्यालय अवैध मांगों पर विचार नहीं करेगा तथा जो लोग ऐसे अनुरोधों को अस्वीकार करेंगे, उन्हें हटाया नहीं जाएगा। विजयन ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाने के लिए अनवर पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि वाम समर्थित विधायक को मीडिया में जाने से पहले पार्टी या मुख्यमंत्री से संपर्क करना चाहिए था। अनवर द्वारा पुलिस के खिलाफ लगाए गए सोना तस्करी के आरोपों के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं, लेकिन पुलिस बल का मनोबल गिराने वाली कार्वाई स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में पुलिस द्वारा जब्त किए गए तस्करी के सोने का ब्यौरा भी दिया।

### बायोफ्यूलसर्किल के बायोमास बैंक से किसानों को पराली जलाने से रोकने में मदद मिली

**नई दिल्ली ।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में रामनगर बायोमास बैंकज्ड में आयोजित ष्पराली से उज्ज्वल भविष्य कार्यक्रम में बायोफ्यूलसर्किलध ने ग्रामीण भारत को कृषि,अपशिष्ट से धन उत्पन्न करने में सक्षम बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। ग्रामीण स्तर परए बायोफ्यूलसर्किल एक सहभागी पारिस्थितिकी की सुविधा प्रदान करता है। इसने 40 से अधिक डिजिटल नेटवर्क वाले वाहनों, जैसे बेलर, रेकर और स्लैशर्स,का उपयोग कियाए जिन्हें इसने कृषि उपकरणों के विश्वव्यापी आपूर्तिकर्ता, मास्चियो गैसपार्डो ;से खरीदा था, ताकि किसानों के लिए और किसानों द्वारा कुशल तरीके से खेतों की सफाई को सुव्यवस्थित किया जा सकेए साथ ही पारंपरिक कृषि पद्धतियों से जुड़े पर्यावरणीय जोखिमों को कम किया जा सके और बायोमास उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके। इस आयोजन में 100 से अधिक किसानों और उद्योग भागीदारों का सहभाग देखा गया। यह परियोजना बायोफ्यूलसर्किल के उस लक्ष्य का हिस्सा है जिसके तहत क्षेत्र में बायोमास बैंक स्थापित किए जाएंगे, जो ग्रामीण व्यवसाय हैं जो क्षेत्र में पराली इकट्ठा करते हैं। उत्तर प्रदेश के 30 से ज़्यादा गांवों के 5,000 किसान 25,000 एकड़ खेत से अनुमानित 30,000 मीट्रिक टन ;एमटीद्ध पराली इकट्ठा करने में हिस्सा लेंगे। जमीन पर मशीन का बेड़ा स्थानीय लोगों के लिए पराली संग्रह, परिवहन और भंडारण के आसपास उद्यम स्थापित करने में सक्षम है। किसान अपने ट्रैक्टरों को बायोफ्यूलसर्किल प्लेटफॉर्म पर किराए पर ले सकते हैंए उपकरण ऑपरेटर बन सकते हैं और पराली सीजन के माध्यम से अतिरिक्त कमाई के अवसर पैदा कर सकते हैं। स्थानीय स्तर पर स्थापित गोदाम साल भर रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। यह केवल सीज़न की शुरुआत है और पूरे भारत में और भी स्थानों पर इसका अनुसरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुएए बायोफ्यूल सर्किल के उपाध्यक्ष मनीष कपूर ने कहा कि हम बाराबंकी में आधुनिक कृषि. सफाई उपकरणों की पहली बड़े पैमाने पर नियुक्ती शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह भारत की अपनी तरह की पहली परियोजना है। इससे खेतों की शीघ्र और प्रभावी सफाई सुनिश्चित होगी। बायोफ्यूल सर्किल के सह.संस्थापक और सीईओ सुहास बक्सी कहते हैं कि सबसे बड़ी चुनौती खेतों से पराली का कुशल संग्रह और समय पर सफ़ाई रही है, जिसके कारण किसान वैकल्पिक तरीकों को आजमाते हैं जो पर्यावरण के अनुकूल नहीं हैं।

### हिरासत में महिला से यौन उत्पीड़नः बीजद ने राजभवन के पास दिया धरना

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस ने पुलिस हिरासत में एक महिला के कथित यौन उत्पीड़न के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन किया। बीजद की महिला शाखा ने राजभवन के सामने धरना दिया जबकि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के आधिकारिक आवास का घेराव करने की कोशिश की और उनसे इस्तीफे की मांग की। बीजद की सैकड़ों महिला सदस्यों ने तख्तियां और बैनर लेकर राज्यपाल आवास के बाहर धरना दिया और ओडिशा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राज्य के निवासियों विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा करने में विफल रही है। महिला कार्यकर्ताओं ने भुवनेश्वर के भरतपुर पुलिस थाने में एक सैन्य अधिकारी और उसकी मंगेतर को कथित रूप से प्रताड़ित करने की घटना के लिए अदालत की निगरानी में विशेष जांच टीम (एसआईटी)से जांच और न्यायिक जांच कराने की मांग की। बीजद ने ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास के जरिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक ज्ञापन दिया। बीजद कार्यकर्ताओं ने भरतपुर पुलिस थाना की घटना के अलावा, इस साल जुलाई में रथ यात्रा के दौरान राज्यपाल के बेटे द्वारा एक अधिकारी के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के मामले में राज्य सरकार की निष्क्रियता को भी रेखांकित किया। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया, देश में शीर्ष संवैधानिक प्राधिकारी और हमारे राज्य की एक महिला होने के नाते हम विनम्रतापूर्वक और आग्रहपूर्वक मामले में आपसे हस्तक्षेप की अपील करते हैं।

# लेबनान में इजराइली हमले में मृतकों की संख्या 31 हुई

भाषा। बेरुत



**लेबनान की** राजधानी बेरुत के एक उपनगर में शुक्रवार को हुए हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है जिनमें सात महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। देश के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद ने शनिवार को यह जानकारी दी। अबियाद ने यहां संवाददाताओं को बताया कि इस हमले में 68 लोग घायल भी हुए हैं जिनमें 15 अस्पताल में भर्ती हैं। उनके अनुसार, 2006 की इजराइल-हिज्बुल्ला लड़ाई के बाद से यह सबसे घातक इजराइली हवाई हमला था। इस हमले में जिन लोगों की मौत हुई है उनमें हिज्बुल्ला कमांडर इब्राहिम अकील और इस उग्रवादी संगठन के करीब दर्जनभर सदस्य शामिल हैं। हमले के समय ए सभी एक भवन के बेसमेंट में बैठक कर रहे थे। हमले में संबंधित भवन भी ध्वस्त हो गया। अकील हिज्बुल्ला की रडवान फोर्सेज का प्रभारी था। अबियाद ने बताया कि इस हमले में तीन सीरियाई नागरिक भी मारे गए। शुक्रवार को इजराइल की सेना ने कहा था कि इस हमले में अकील समेत हिज्बुल्ला के 11 सदस्य मारे गए। इजराइल ने शुक्रवार दोपहर घनी आबादी वाले दक्षिणी बेरुत इलाके में उस समय दुर्लभ हवाई हमला किया था जब लोग काम से और छात्र स्कूलों से घर लौट रहे थे। शनिवार सुबह हिज्बुल्ला का मीडिया कार्यालय पत्रकारों को हमले वाली जगह पर लेकर गया जहां लोग मलबा हटा रहे थे। लेबनानी सैनिकों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और वे लोगों को हमले में ध्वस्त हुई इमारत तक पहुंचने से रोक रहे थे। शुक्रवार के इस घातक हमले से कुछ घंटे पहले हिज्बुल्ला ने इजराइल के उत्तरी हिस्से में भीषण बमबारी की थी और इजराइली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था।

## स्कूल पर इजराइली हमले में 22 लोगों की मौतः गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय

**देर अल-बला ( गाज़ा पट्टी )।** इज़राइल द्वारा गाज़ा के एक स्कूल पर किए गए हमले में 22 लोगों की मौत हो गई। गाज़ा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह हमला गाज़ा शहर के ज़ैतून इलाके में स्थित स्कूल पर किया गया है जिसमें 30 अन्य लोग जख्मी हुए हैं। उसने कहा कि ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हताहत हुए हैं। इससे पहले शनिवार को इज़राइल की सेना ने कहा था कि उसने हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है। यह कमांड और नियंत्रण केंद्र उस परिसर से संचालित हो रहा था जहां पहले स्कूल था। उसने कहा कि सेना ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए थे कि असैन्य लोगों को कम से कम नुकसान पहुंचे वहीं, गाज़ा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को अलग बयान में बताया कि दक्षिणी मुसबा इलाके में मंत्रालय के गोदाम पर इज़राइली हमले में उसके पांच कर्मियों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए।

# अलगाववादी विद्रोहियों ने इंडोनेशिया में 19 महीने तक बंधक रहे न्यूजीलैंड के पायलट को मुक्त किया

**जकार्ता।** अशांत पापुआ क्षेत्र में एक वर्ष से अधिक समय से बंधक बनाकर रखे गए न्यूजीलैंड के पायलट को अलगाववादी विद्रोहियों ने मुक्त कर दिया है। इंडोनेशियाई प्राधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कार्टेन्ज पीस टास्कफोर्स के प्रवक्ता बायु सुसेनो ने बताया कि इंडोनेशियाई विमानन कंपनी सुसी एयर के लिए काम करने वाले क्राइस्टचर्च के पायलट फिलिप मार्क मेहरटेंस को अलगाववादी विद्रोहियों ने मुक्त कर दिया और शनिवार सुबह टास्कफोर्स को सौंप दिया। टास्कफोर्स एक संयुक्त सुरक्षा बल है, जिसे पापुआ में अलगाववादी समूहों से निपटने के लिए इंडोनेशिया सरकार ने स्थापित किया। सुसेनो ने कहा कि पायलट का स्वास्थ्य ठीक है। उन्होंने कहा कि मेहरटेंस को गहन स्वास्थ्य जांच के लिए तिमिका ले जाया गया। मेहरटेंस ने तिमिका में संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज मैं आखिरकार बाहर आ गया। मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि मैं जल्द ही अपने परिवार के साथ घर वापस जाऊंगा। उन सभी को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे सुरक्षित और स्वस्थ बाहर निकालने में मदद की। फ्री पापुआ मूवमेंट के एक क्षेत्रीय कमांडर इगियानस कोगोया के नेतृत्व में विद्रोहियों ने सात फरवरी, 2023 को पारो के एक छोटे से रनवे पर एकल इंजन वाले विमान पर हमला कर दिया था और मेहरटेंस का अपहरण कर लिया था। कोगोया ने पहले कहा था कि विद्रोही मेहरटेंस को तब तक रिहा नहीं करेंगे, जब तक कि इंडोनेशिया सरकार पापुआ को एक संप्रभु देश बनने की अनुमति नहीं देती। बहरहाल, बाद में वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी के नेताओं ने कहा कि वे मेहरटेंस को रिहा करेंगे। वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी फ्री पापुआ मूवमेंट की सशस्त्र शाखा है।इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने पायलट की रिहाई के लिए सेना और पुलिस को बधाई दी।विडोडो ने कहा, यह बातचीत की एक बहुत लंबी प्रक्रिया और दमनकारी तरीके न अपनाकर धैर्य से काम लेने के कारण हुआ। सशस्त्र अलगाववादियों ने अप्रैल 2023 में उन इंडोनेशियाई सैनिकों पर हमला कर दिया था, जिन्हें मेहरटेंस को बचाने के लिए तैनात किया गया था। इस हमले में कम से कम छह सैनिक मारे गए थे।

## पाक में चार आईएसआईएस आतंकी गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में चार कथित आईएसआईएस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पंजाब के चार शहरों - लाहौर, टोबा टेक सिंह, बहावलपुर और मियांवाली - में आतंकवादियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई और आईएसआईएस से जुड़े चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। आतंकवादियों की पहचान अमजद-उर रहमान, शेर अली, जहांगीर और तैयब रईस के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से 2,570 ग्राम विस्फोटक, तीन डेटोनेटर, 40 गोलियों के साथ क्लाशनिकोव राइफल, चार हथगोले और आईएसआईएस का प्रतिबंधित साहित्य बरामद किया। सीटीडी प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों ने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाने की योजना बनाई थी।

## राष्ट्रपति चुनाव के बाद श्रीलंका में कर्फ्यू लगाया गया

**कोलंबो।** राष्ट्रपति चुनाव के बाद किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर श्रीलंका में आज रात 10 बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने एक राजपत्र जारी कर कर्फ्यू आदेश लागू किया। कर्फ्यू की घोषणा ऐसे समय में की गई है जब वोटों की गिनती चल रही है। अभी तक पहले नतीजे घोषित नही हुए है। एक अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में मतदान प्रतिशत लगभग 75 प्रतिशत रहने का अनुमान है। चुनाव महानिदेशक समन श्री रत्नायक ने घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में मतदान 75 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो नवंबर 2019 में हुए पिछले राष्ट्रपति चुनाव में दर्ज 83 प्रतिशत मतदान से कम होगा। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक 22 निर्वाचन जिलों के 13,400 से अधिक मतदान केंद्रो पर हुआ। इस चुनाव मे 1.7 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाताओं के मतदान करने की उम्मीद थी, जिसमें सबसे अधिक 38 उम्मीदवार मैदान मे थे। वर्ष 2022 के आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका मे यह पहला चुनाव है। इस दौरान, सभी 22 निर्वाचन जिलों में कही से भी हिंसा या सुरक्षा उल्लंघन की कोई खबर नही आई। श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए लगभग 8,000 स्थानीय और विदेशी चुनाव पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। इनमें यूरोपीय संघ, राष्ट्रमंडल देशों और एशियन नेटवर्क फॉर फ्री इलेक्शन्स के 116 तथा दक्षिण एशियाई देशों के सात अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक शामिल थे। प्रमुख स्थानीय समूह पीपुल्स एक्शन फॉर फ्री एंड फेयर इलेक्शन (पीएएफएफआरईएल) ने 4,000 स्थानीय पर्यवेक्षकों की तैनाती की थी।

# क्वाड शिखर सम्मेलन से पहले मोदी ने बाइडन से मुलाकात की

भाषा। विलमिंगटन (अमेरिका)



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने शनिवार को यहां क्वाड शिखर सम्मेलन से इतर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात की और दोनों नेताओं के बीच रूस-यूक्रेन संघर्ष सहित कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।डेलावेयर के विलमिंगटन में स्थित बाइडन के आवास पर बैठक के दौरान, दोनों नेता भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए नए तरीकों की समीक्षा और पहचान करेंगे।अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन के अनुसार, द्विपक्षीय बैठक में युद्ध और मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा पर प्रमुखता से चर्चा होने की उम्मीद है। अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर यहां आए मोदी ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। दोनों नेता क्वाड शिखर सम्मेलन के शिरकत करने के लिए यहां आए हैं। मोदी ने अमेरिका के लिए रवाना होने से पहले दिल्ली में अपने वक्तव्य में कहा था, राष्ट्रपति बाइडन के साथ मेरी बैठक हमें अपने लोगों के लाभ और वैश्विक भलाई के लिए भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए, नए तरीकों की समीक्षा करने और उनकी पहचान करने का मौका देगी। मोदी के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा भी मौजूद हैं। अमेरिकी दल में विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के लिए राष्ट्रपति के सहायक टी एच जेक सुलिवन और भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी शामिल हैं।राष्ट्रपति बाइडन अपने गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने और संयुक्त राष्ट्र में एक महत्वपूर्ण सम्मेलन को संबोधित करने के लिए शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे। मोदी विलमिंगटन, डेलवेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य विश्व नेताओं के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

## यात्रा से पहले अधिकारियों ने सिख कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने सिख कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि अमेरिकी सरकार अमेरिकियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सिख समुदाय के एक नेता ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले यह बैठक की है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी इस यात्रा के दौरान डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित होने वाले वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य का शिखर सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

# भारत को संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का समर्थन करना चाहिए : अमेरिकी एनएसए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक से पहले, रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का समर्थन करना चाहिए। सुलिवन ने कहा कि युद्ध और प्रधानमंत्री मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा पर, क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति के डेलवेयर स्थित विलमिंगटन आवास पर होने वाली मोदी-बाइडन द्विपक्षीय बैठक में चर्चा होने की उम्मीद है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने एक सवाल के जवाब में कहा, मैं उन मुद्दों पर विस्तार से नहीं बोलूंगा कि बाइडन क्या बात करेंगे, जो स्पष्ट रूप से संवेदनशील हैं और द्विपक्षीय बैठक में स्पष्ट रूप से महत्वपूर्ण प्राथमिकताएं होंगी। अमेरिका का यह स्पष्ट दृष्टिकोण है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के क्रूर आक्रामक युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय कानून के हर मानदंड और सिद्धांत का उल्लंघन किया है, और भारत जैसे देशों को आगे आकर संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का समर्थन करना चाहिए। हर देश को रूस को युद्ध सामग्री देने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति (बाइडन) प्रधानमंत्री मोदी से यूक्रेन की उनकी यात्रा के बारे में भी जानना चाहेंगे, जो एक महत्वपूर्ण और वास्तव में ऐतिहासिक यात्रा थी। साथ ही, यह उन दोनों के लिए आगे की राह के बारे में अपने-अपने विचारों पर बातचीत करने का एक अवसर होगा। मोदी ने अगस्त में (यूक्रेन के) राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक करने के लिए यूक्रेन का दौरा किया था। इस महीने की शुरुआत में, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत का नाम उन तीन देशों में शामिल किया था।

## दक्षिण कैरोलाइना में कैदी को जहरीला इंजेक्शन लगाकर दी गई मौत की सजा

**कोलंबिया ( दक्षिण कैरोलाइना )।** दक्षिण कैरोलाइना में कैदी फ्रेडी ओवेन्स को शुक्रवार को घातक इंजेक्शन लगाकर मौत की सजा दी गई। राज्य में 13 वर्ष बाद मौत की सजा की तामील की गई है क्योंकि जेल के अधिकारियों के पास प्राणघातक इंजेक्शन के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं थीं। ओवेन्स (46) को शाम 6.55 बजे मृत घोषित कर दिया गया। ओवेन्स को 1997 में ग्रीनविले में एक स्टोर में डकैती के दौरान एक व्यक्ति की हत्या का दोषी ठहराया गया था। जेल में बंद रहने के दौरान ओवेन्स ने काउंटी जेल में एक कैदी की भी हत्या कर दी। इस मामले में उसे मौत की सजा सुनाई गई। राज्य में 13 वर्ष में मौत की सजा की तामील का यह पहला मामला है जेल में पांच अन्य कैदियों को मौत की सजा दी जानी है। दक्षिण कैरोलाइना के सुप्रीम कोर्ट ने हर पांच सप्ताह में सजा की तामील किए जाने का रास्ता साफ कर दिया है। कोई भी कंपनी घातक इंजेक्शन तैयार करने के लिए जरूरी दवाओं को सार्वजनिक रूप से बेचने के लिए तैयार नहीं थी जिसके बाद दक्षिण कैरोलाइना ने घातक इंजेक्शन बनाने के लिए जरूरी दवाओं की आपूर्ति नहीं होने पर मृत्युदंड के लिए शुरुआत में फायरिंग स्क्वाड प्रक्रिया प्रारंभ करने की भी कोशिश की। हालांकि राज्य को दवा आपूर्तिकर्ताओं और मृत्युदंड से जुड़े प्रोटोकाल को गोपनीय रखने के लिए एक बचाव कानून पारित करना पड़ा।

## मोदी भारत में हुए विकास से जुड़ी बातें साझा करेंगे: राजदूत हरीश

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र में अगले सप्ताह आयोजित होने वाले भविष्य का शिखर सम्मेलन में भारत में हुए विकास से जुड़ी बातें साझा करेंगे। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने पीटीआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि वह भारत के अपने घरेलू विकास की कहानी साझा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार को अमेरिका पहुंचेंगे, जहां वह डेलावेयर के विलमिंगटन में क्वाड के चौथे शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन क्वाड के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद न्यूयॉर्क जाएंगे, जहां वह 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में आयोजित होने वाले भविष्य का शिखर सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे और इसके बाद भारत के लिए रवाना हो जाएंगे। हरीश ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का ध्यान विशेष रूप से युवाओं पर है क्योंकि वह विश्व का भविष्य हैं। उन्होंने कहा, भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है और हमारी अधिकांश आबादी युवा है इसलिए यह हमारे युवाओं का संदेश लेकर आता है।

## बाइडन अपने कार्यकाल के अंतिम महीनों में एशिया-प्रशांत कूटनीति पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देंगे



**विलमिंगटन ( अमेरिका )।** राष्ट्रपति जो बाइडन जब शनिवार को अपने गृहनगर में ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत के नेताओं की मेजबानी करेंगे तो वह हिंद-प्रशांत साझेदारी को प्रदर्शित करना चाहेंगे जिसे उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद से पोषित किया है, साथ ही उनकी नजर अपनी विरासत पर भी होगी। जब बाइडन ने व्हाइट हाउस में प्रवेश किया तो उससे पहले तथा कथित क्वाड के सदस्य देशों की बैठक केवल विदेश मंत्री स्तर पर ही होती थी। बाइडन ने इस समूह को एक शीर्ष-स्तरीय साझेदारी में बदलने की कोशिश की और अमेरिकी विदेश नीति का रुख पश्चिम एशिया में संघर्षों से दूर तथा हिंद-प्रशांत में खतरों और अवसरों की ओर मोड़ने की कोशिश की। इस सप्ताहांत का शिखर सम्मेलन 2021 के बाद से (क्वाड) नेताओं का चौथा व्यक्तिगत और कुल मिलाकर छठा सम्मेलन है। बाइडन ने इस बैठक के लिए व्यक्तिगत रुचि दिखाई जो संभवत: 20 जनवरी को पद छोड़ने से पहले समूह की अंतिम बैठक होगी। उन्होंने विलमिंगटन, डेलावेयर में अपने घर को प्रत्एक नेता के लिए खोल दिया। इसके अलावा एक संयुक्त बैठक तथा उस हाई स्कूल में औपचारिक रात्रिभोज का आयोजन किया, जहां उन्होंने 60 साल से अधिक समय पहले पढ़ाई की थी।आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापानी प्रधानमंत्री फूमिओ किशिदा अगले सप्ताह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने से पहले बैठकों के लिए विलमिंगटन पहुंचे।

## क्विक न्यूज

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में मोदी और यूनुस की नहीं होगी मुलाकात नहीं : हुसैन

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने शनिवार को कहा कि देश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात नही करेंगे। द डेली स्टार अखबार की खबर के मुताबिक, बांग्लादेश के पूर्व विदेश सचिव हुसैन ने कहा कि वह दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।दोपहर में विदेश मंत्रालय मे एक प्रेस वार्ता में हुसैन ने कहा, सभी मुद्दो को सुलझाते हुए, हम आपसी सम्मान और निष्पक्षता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाना चाहते हैं। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, हुसैन ने कहा, जयशंकर के साथ हमारी मुलाकात लगभग तय है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि भारत के साथ हमारे रिश्तों में कुछ स्तर पर तनाव है। किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए, हम उसके अस्तित्व को नकार नही सकते। हम निश्चित रूप से तनाव को दूर करने और कामकाजी संबंध स्थापित करने का प्रयास करेंगे। हुसैन ने कहा कि नोबेल पुरस्कार विजेता 84 वर्षीय यूनुस मोदी से मुलाकात नही करेंगे, क्योंकि यूनुस के पहुंचने से पहले प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क से रवाना हो जाएंगे। युनूस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के अगस्त में इस्तीफा देने और भारत जाने के बाद अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली थी। विदेश सलाहकार ने कहा कि वह रविवार को न्यूयॉर्क के लिए रवाना होंगे, जबकि बांग्लादेश का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ढाका से रवाना होगा। पूछा गया कि क्या अंतरिम सरकार द्वारा दिए गए बयानों के कारण बैठक तय नही की गई, सलाहकार ने कहा कि शीर्ष भारतीय नेताओ ने भी अतीत में टिप्पणियां की है, लेकिन इससे दोनों पक्ष बैठकें करने से नही रुके। हुसैन ने कहा, कई बार हुआ है कि जब बांग्लादेश को भारत की कई टिप्पणियां पसंद नही आईं। यह कोई बड़ा मुद्दा नही है। हम अपने पड़ोसियों को नही बदल सकते, लेकिन उनके साथ अच्छे संबंधों के साथ ही सह-अस्तित्व में रह सकते हैं।

### लैंडमार्क के लिए कोचलिन ने की साझेदारी

**दुबई।** दुबई स्थित लैंडमार्क ग्रुप के सबसे पसंदीदा फैशन ब्रांड मैक्स फैशन ने न्यू न्यू यू अभियान के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री और स्टाइल आइकन कल्कि कोचलिन के साथ एक विशेष सहयोग के माध्यम से ब्रांड के एक नए अध्याय में कदम रखा है। यह कैंपेन नए आत्मविश्वास के क्षेत्र में कदम रखता हैए विकास की भावना पैदा करता है जो ग्राहक को स्टाइल की परिवर्तनकारी शक्ति के कारण एकदम नया महसूस कराता है। यह कैंपेन एक सुसंस्कृत संग्रह का हिस्सा हैए जो उत्सवों या दोस्ताना समारोहों वर्कवियर, कैजुअल आउटफिट्स,फ्यूजन फेस्टिव वियर, या हाई.ग्लैम अवसरों के कपड़े के लिए पुनर्निर्माण की भावना को व्यक्त करता है ये स्टाइल इस फेस्टिवल सीजन के लिए टोन सेट करता है।कल्कि के बोल्ड विकल्प, उनके करियर और व्यक्तिगत शैली दोनों में, आत्मविश्वास और आत्म.अभिव्यक्ति को प्रेरित करते है, ऐसे मूल्य जो नए युग के महत्वाकांक्षी परिवारों से जुड़ने के ब्रांड के दृष्टिकोण के साथ संरेखित होते हैं। न्यू न्यू यू प्रस्ताव की अवधारणा के अनुरूपए मैक्स फैशन अपनी लंबे समय से चली आ रही हर हफ्ते नए स्टाइल लॉन्च करने की प्रतिबद्धता को पूरा करता हैए जो ताजगी और उत्साह लाता है इसके 520 स्टोर्स में जो 210 भारतीय शहरों में फैले हुए हैंए और ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं। शानदार कल्कि कोचलिन के साथ साझेदारी पर मैक्स फैशन की मार्केटिंग हेड पल्लवी पांडे कहती हैं कि जब हम मैक्स फैशन में बदलाव की रोमांचक यात्रा पर निकल रहे हैंए तो श्न्यू न्यू यूश् कैंपेन हमारे कस्टमर के लिए लगातार विकसित होने और नए ट्रेंडसेटिंग स्टाइल लाने की हमारी प्रतिबद्धता है। कल्कि कोचलिन के साथ यह सहयोग हमारे ब्रांड की बोल्डए कॉन्फिडेंट और हमेशा विकसित होने वाली भावना का प्रतिनिधित्व करता है। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को नई संभावनाओं का पता लगाने और आधुनिकए महत्वाकांक्षी भारतीय परिवार के लिए डिज़ाइन किए गए हमारे नवीनतम संग्रह के साथ खुद के हर पहलू को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले अमेरिकी कांग्रेस में क्वाड कॉकस का गठन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने शुक्रवार को अमेरिकी कांग्रेस में क्वाड कॉकस के गठन की घोषणा की। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) शिखर सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पहले यह घोषणा की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के नेताओं को क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए डेलावेयर के विलमिंगटन स्थित अपने आवास में आमंत्रित किया है। क्वाड नेता शिखर सम्मेलन के दौरान बुनियादी ढांचे, समुद्री सुरक्षा, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, जलवायु, स्वास्थ्य, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों तथा अंतरिक्ष जैसे विषयों पर प्रमुख पहलों पर चर्चा कर सकते हैं। कांग्रेस सदस्य अमी बेरा, रॉब विटमैन और सीनेटर टैमी डकवर्थ व पेट रिकेट्स ने क्वाड कॉकस के गठन की घोषणा की। बेरा ने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र के वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण होने के साथ ही यह आवश्यक है कि अमेरिका हमारे क्वाड भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करना जारी रखे। उन्होने कहा, क्वाड कॉकस की शुरुआत क्षेत्र मे शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढांचे और जलवायु जैसे प्रमुख मुद्दो पर सहयोग को बढ़ावा देकर हम सभी के लिए एक सुरक्षित और अधिक समृद्ध भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। विटमैन ने कहा, अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग हिंद-प्रशांत की भविष्य की स्थिरता के लिए अहम है।

### वाइब्रेंट बिल्डकॉनम में जुटेंगे दुनिया के इंजीनियर

**ग्लोबल।** भारत के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित भवन निर्माण सामग्री एक्सपोए वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 की भव्य प्रस्तावना में राजकोट में एक सफल रोड शो आयोजित किया गयाए जिसमें 1,000 से अधिक प्रसिद्ध आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर, बिल्डर और उद्योगपति शामिल हुए। यह एक्सपो देश के निर्माण सामग्री क्षेत्र के लिए एक परिवर्तनकारी कार्यक्रम बनने जा रहा ह, जिसकी मुख्य प्रदर्शनी 13.16 अप्रैल 2025 को यशोभूमिनई दिल्ली में होने वाली है। बॉलीवुड आइकन सुनील शेट्टी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम करने के साथए वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 का लक्ष्य स्थिरता पर भारत सरकार के फोकस के साथ तालमेल बिठानाए स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देनाए किफायती आवास को आगे बढ़ाना और तेजी से विकसित हो रहे निर्माण सामग्री बाजार में डिजिटलीकरण को अपनाना हैए जिसका मूल्य 240 अमेरिकी डॉलर है। अरबण् इस आयोजन से इस क्षेत्र में भारत की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है जो देश के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की ताकत को उजागर करेगा। राजकोट रोड शो ने आयोजन की अगुवाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित कियाए जिसमें इंडियन लैमिनेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशनए इंडियन स्मॉल स्केल पेंट एसोसिएशनए गुजरात पेंट एसोसिएशन और राजकोट हार्डवेयर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन सहित विभिन्न उद्योग संघों के प्रमुख सदस्य शामिल हुए। इन संघों की उत्साही भागीदारी भारत के निर्माण सामग्री उद्योग में नवाचार और विकास को बढ़ावा देने में इस कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। राजकोट रोड शो पूरे भारत और 20 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों पर 70 से अधिक नियोजित रोड शो की श्रृंखला में पहला था। प्रत्येक रोड शो उन विशाल अवसरों को प्रदर्शित करेगा जो वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए पेश करता है।

# श्रीलंका : राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान संपन्न, हिंसा की कोई खबर नही

भाषा। श्रीलंका

**श्रीलंका में राष्ट्रपति** चुनाव के लिए मतदान शनिवार को संपन्न हुआ। इस दौरान, सभी 22 निर्वाचन जिलों में कहीं से भी हिंसा या सुरक्षा उल्लंघन की कोई खबर नहीं आई। वर्ष 2022 के आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका में यह पहला चुनाव है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक मतदान केंद्र में प्रवेश करने वाले सभी लोगों को निर्धारित समय सीमा के बाद भी वोट डालने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने अभी कुल मतदान प्रतिशत का अंतिम आंकड़ा जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि दोपहर दो बजे तक 1.7 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 60 फीसदी से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पर्यवेक्षकों के मुताबिक, जाफना जिले में दोपहर तक मतदान काफी धीमा था। एक तमिल अल्पसंख्यक कट्टरपंथी समूह ने यहां लोगों से मतदान में हिस्सा नहीं लेने की अपील की थी। अधिकारियों ने बताया कि शाम चार बजे मतदान खत्म होने के तुरंत बाद डाक मतों की गिनती शुरू कर दी गई। डाक मतदान चार दिन पहले आयोजित किया गया था। इसके तहत ज्यादातर चुनाव कर्मियों, सैनिकों और पुलिसकर्मियों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। कोलंबो शहर के उप चुनाव आयुक्त एमकेएसकेके बंदरमापा ने कहा, डाक मतपत्रों की गणना के बाद शाम छह बजे हम सामान्य मतों की गिनती शुरू करना चाहेंगे। श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए लगभग 8,000 स्थानीय और विदेशी चुनाव पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। इनमें यूरोपीय संघ, राष्ट्रमंडल देशों और एशियन नेटवर्क फॉर फ्री इलेक्शन्स के 116 तथा दक्षिण एशियाई देशों के सात अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक शामिल थे। प्रमुख स्थानीय समूह पीपुल्स एक्शन फॉर फ्री एंड फेयर इलेक्शन (पीएएफएफआरईएल) ने 4,000 स्थानीय पर्यवेक्षकों की तैनाती की थी। इस चुनाव को मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के लिए अग्निपरीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है, जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का दावा किया है। विश्लेषकों के अनुसार, यह चुनाव 1982 के बाद देश में हुआ सबसे दिलचस्प राष्ट्रपति



चुनाव है, जिसमें 38 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। देश भर में 13,400 से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए थे और लगभग 1.70 करोड़ लोग मतदान के पात्र थे। बौद्ध मंदिरों के सभागार, स्कूल और सामुदायिक केंद्रों को मतदान केंद्र में तब्दील किया गया था। चुनाव संपन्न कराने के लिए दो लाख से अधिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। त्रिकोणीय मुकाबले में विक्रमसिंघे (75) को नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के 56 वर्षीय अनुरा कुमारा दिसानायके और समागी जन बालावेगया (एसजेबी) के साजिथ प्रेमदासा (57) से कड़ी टक्कर मिली। विक्रमसिंघे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में थे। उन्होंने मतदाताओं से अपील की थी कि वे द्विपीय देश को उसके सबसे बड़े आर्थिक संकट से तेजी से उबारने की दिशा में किए गए उनके प्रयासों के लिए पांच साल के अगले कार्यकाल के लिए उन्हें वोट दें। श्रीलंका ने अप्रैल 2022 में खाद्यान्न, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी के बीच दिवालिया होने की घोषणा की थी। देश में महीनों से जारी विरोध-प्रदर्शन के हिंसक रूप अख्तियार करने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को श्रीलंका छोड़कर भागने और इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा था। कुछ हफ्तों बाद संसद ने विक्रमसिंघे को नया राष्ट्रपति नियुक्त किया था। विक्रमसिंघे के कार्यकाल में श्रीलंकाई मुद्रा स्थिर हुई है, महंगाई दर आर्थिक संकट के चरम पर होने के दौरान 70 फीसदी से घटकर लगभग शून्य पर पहुंच गई है और विकास दर एवं सरकार के राजस्व संग्रह में भी सुधार हुआ। कोलंबो में वोट डालने के बाद विक्रमसिंघे ने कहा, यह श्रीलंका के लिए देश को बर्बाद करने वाली पारंपरिक राजनीति और पारंपरिक अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह एक नई सामाजिक व्यवस्था और नई राजनीतिक प्रणाली कायम करने का अहम मौका है। श्रीलंका में मतदाता तीन उम्मीदवारों की वरीयता क्रम के आधार पर रैंकिंग कर एक विजेता का चयन करते हैं।

# पंत-गिल के शानदार शतक, भारत जीत की राह पर

## पहले टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश पर कसा शिकंजा

भाषा। चेन्नई



**ऋषभ पंत और** शुभमन गिल ने महीनों की निराशा, आशंका और बैचेनी को शतकों के साथ मिटाते हुए बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत के लिए पंत ने 109 और शुभमन गिल ने नाबाद 119 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की जिसकी बदौलत भारत ने कल के स्कोर तीन विकेट पर 81 रन से आगे खेलते हुए चार विकेट पर 287 रन पर पारी घोषित की। भारत के पास कुल 514 रन की बढ़त हो गई जिससे बांग्लादेश को 515 रन का दुरूह लक्ष्य मिला। इससे पहले बांग्लादेश की टीम दूसरे दिन 149 रन पर आउट हो गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 158 रन बना लिए थे जब खराब रोशनी के कारण खेल चार बजकर 25 मिनट पर ही रोकना पड़ा। बांग्लादेश को अभी भी हार को टालने के लिए 357 रन बनाने हैं और पूरे दो दिन का खेल बाकी है। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो (51) और शाकिब अल हसन (पांच) क्रीज पर हैं। बांग्लादेशी बल्लेबाज अगर स्टार आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को संभलकर खेलते तो उनकी स्थिति बेहतर हो सकती थी। अश्विन ने 63 रन देकर तीन विकेट लिए। तीसरे दिन का खेल गिल और पंत के नाम रहा। दोनों युवा बल्लेबाज व्यक्तिगत स्तर पर चुनौतियों से जूझते हुए पारंपरिक क्रिकेट की कसौटी पर खरे उतरे। दिसंबर 2022 में कार हादसे के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले पंत ने छठा टेस्ट शतक सिर्फ 124 गेंद में पूरा किया। उन्होंने किसी भारतीय विकेटकीपर द्वारा सर्वाधिक टेस्ट शतक के अपने थाला (बड़े भाई) महेंद्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। पंत ने 109 रन बनाए जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं गिल ने पांचवां टेस्ट शतक जड़ते हुए 176 गेंद की अपनी पारी में दस चौके और चार छक्के जड़े। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 217 गेंद में 167 रन जोड़े। पंत ने छठा टेस्ट शतक पूरा होने के बाद आंखें बंद करके ऊपर देखते हुए हवा में बल्ला लहराया। शायद वह ईश्वर को क्रिकेट के मैदान पर वापसी या उस हादसे के बाद एक तरह से पुनर्जन्म के लिए धन्यवाद दे रहे थे। गिल दूर से उन्हें देखते रहे और उसके बाद दोनों ने एक दूसरे को गले लगाया। गिल ने पंत की तरह भले ही शारीरिक समस्याएं नहीं झेली हो लेकिन मानसिक रूप से वह भी आत्मविश्वास के लिए जूझ रहे थे। इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक लगाकर उन्होंने अपने आलोचकों को जवाब दिया। पंत को 72 रन के स्कोर पर शाकिब की गेंद पर शंटो ने जीवनदान भी दिया। इसके बाद उन्होंने तिहरे अंक को छुआ लेकिन मेहदी हसन मिराज को बाद रिटर्न कैच देकर पवेलियन लौटे। गिल ने केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए 51 गेंद में 53 रन जोड़े। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में बेहतर शुरूआत की। जाकिर हसन (33) और शादमान इस्लाम (35) ने हालांकि क्रीज पर जमने के बाद गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवा दिए। शंटो ने हालांकि अश्विन को तीन छक्के लगाए और 56 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### स्पिनरों को कुंद करने के लिए कदमों का इस्तेमाल किया: गिल

**चेन्नई।** शुभमन गिल ने बांग्लादेश के स्पिनरों को कुंद करने के लिए कदमों का इस्तेमाल करने की पुरानी शैली अपनाई और भारत के इस बल्लेबाज ने कहा कि यह उनकी धीमी गति के गेंदबाजों से निपटने की रणनीति का हिस्सा था। गिल ने नाबाद 119 रन बनाए जिससे भारत ने शनिवार को यहां अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन पर समाप्त घोषित करके पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश के सामने 515 रन का असंभव लक्ष्य रखा। गिल ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, इससे पहले जब मैं अभ्यास करता था तो विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ कदमों का इस्तेमाल करके आगे बढ़कर खेलता था। यही रणनीति मैंने यहां अपनाई ही क्योंकि इस तरह के विकेट पर स्पिनर के लिए लय हासिल करना आसान नहीं था क्योंकि गेंद कभी कभार ही टर्न ले रही थी। गिल ने अपने इस रणनीति का नमूना ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज के खिलाफ अपनाया जब उन्होंने आगे बढ़कर छक्का जड़ा। इसके बाद उन्होंने शाकिब अल हसन के खिलाफ भी ऐसा किया। इस भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि वह युवावस्था से ही स्पिनरों के खिलाफ कदमों का इस्तेमाल करने का अभ्यास करते रहे हैं और समय बढ़ने के साथ वह अपने कौशल को निखारते रहे। उन्होंने कहा, जब मैं काफी युवा था तब से मैं इसका अभ्यास करता रहा हूं। मेरा मानना है कि इस तरह की पिचों पर कदमों का इस्तेमाल करना आसान होता है। पहले मैं लंबे शॉट नहीं लगा पाता था लेकिन समय के साथ ऐसा करना भी सीख गया। गिल ने कहा, निश्चित तौर पर किसी भी विशेष टीम के खिलाफ रन बनाने से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और मैं अब इस पर काम कर रहा हूं। इसलिए यहां रन बनाने से काफी संतुष्ट मिली। इस श्रृंखला से पहले मैंने काफी अभ्यास किया था। गिल ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ भी दो शतक जमाए थे और उन्होंने कहा कि इससे उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला था। मेरा मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से मेरा काफी आत्मविश्वास बढ़ा था। यहां पहली पारी में जल्द आउट होना काफी निराशाजनक था। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं दूसरी पारी में क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने में सफल रहा। गिल ने शतक बनाने वाले एक अन्य बल्लेबाज ऋषभ पंत की भी जमकर प्रशंसा की जो 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** 376 रन, बांग्लादेश पहली पारी : 149 रन, भारत दूसरी पारी : जायसवाल का दास बो राणा 10, रोहित का हसन बो अहमद 5, गिल नाबाद 119, कोहली पगबाधा बो मिराज 17, पंत का और बो मिराज 109, राहुल नाबाद 22, **अतिरिक्त** : पांच रन, कुल योग : 64 ओवर में चार विकेट पर 287 रन (पारी घोषित), **विकेट पतन** :1-15, 2-28, 3-67, 4-234, **गेंदबाजी** : अहमद 7-1-22-1, महमूद 11-1-43-0, राणा 6-0-21-1, शाकिब 13-0-79-0, मिराज 25-3-103-2, हक 2-0-15-0

**बांग्लादेश दूसरी पारी :** हसन का जायसवाल बो बुमराह 33, इस्लाम का गिल बो अश्विन 35, हुसैन शंटो नाबाद 51, हक का बो अश्विन 13, रहीम का राहुल बो अश्विन 13, अल हसन नाबाद 5, अतिरिक्त : आठ रन, **कुल योग** : 37.2 ओवर में चार विकेट पर 158 रन, **विकेट पतन** :1-62, 2-86, 3-124, 4-146, **गेंदबाजी** : बुमराह 7-2-18-1, सिराज 3.2-1-20-0, आकाश दीप 6-0-20-0, अश्विन 15-3-63-3, जडेजा 6-29-0

### बल्लेबाजों में दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन आगे बहुत बड़ी चुनौती: हेम्प

**चेन्नई।** बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच डेविड हेम्प ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम के बल्लेबाजों ने पहली पारी की तुलना में दूसरी पारी में निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें दो मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में बेहतरीन भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मैच के तीसरे दिन ऋषभ पंत (109) और शुभमन गिल (नाबाद 119) के शानदार शतकों की मदद से भारत ने अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है। हेम्प ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, पहली से तुलना करें तो दूसरी पारी में हमारे बल्लेबाजों ने जज्बा दिखाया। उन्होंने जज्बे से गेंदों का सामना किया।

---

### टियाफो ने मेदवेदेव को हराकर बढ़त दिलाई

**बर्लिन।** फ्रांसिस टियाफो ने शनिवार को डेनियल मेदवेदेव पर जीत के साथ लावेर कप में टीम यूरोप पर टीम वर्ल्ड को शुरुआती बढ़त दिलाई। अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले टियाफो ने तीसरे सेट में 3-6, 6-4 और 10-5 से जीत हासिल की। लावेर कप में तीन दिनों में 12 मैच खेले जाते है। जिसमें पहले दिन प्रत्एक मैच की जीत एक अंक, दूसरे दिन दो अंक और तीसरे दिन तीन अंक के बराबर होती है।

### शुभंकर वेंटवर्थ में कट से चूके

वेंटवर्थ (इंग्लैंड)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां बीएमडब्ल्यू पीजीए चैंपियनशिप के दूसरे दौर में 74 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने से चूक गए। शुभंकर दूसरे दौर में दो बर्डी के मुकाबले तीन बोगी कर बैठे। उन्होंने पहले दौर में 75 का स्कोर किया था। वह कुल पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 116वें स्थान पर रहे। इंग्लैंड के मैथ्यू बाल्डविन ने 66 के शानदार कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

### तीन भारतीयों ने ला सेला ओपन के कट में प्रवेश किया

**डेनिया (स्पेन)।** भारत की रिंधिमा दिलावारी, प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन गोल्फ के दूसरे दौर के बाद कट में प्रवेश कर लिया जबकि सहर अटवाल एक शॉट से चूक गई। कुल 62 खिलाड़ियो ने कट में प्रवेश किया है। रिंधिमा संयुक्त 15वें, प्रणवी संयुक्त 34वें और त्वेसा संयुक्त 52वें स्थान पर है। क्रिस्टीन आर, सारा कूस्कोवा और वर्जिनिया एलेना कार्टा संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### माइया कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची, राडुकनू चोट के कारण हटी

सियोल। बीट्रिज हद्दाद माइया कोरिया ओपन मे बारिश के कारण देर से शनिवार को खेले गए मुकाबले में पोलिना कुदेरमेटोवा पर 6-2, 6-। से जीत के साथ सेमीफाइनल मे पहुंच गईं। ब्राजील की यह खिलाड़ी इस डब्ल्यूटीए 500-स्तरीय टूर्नामेंट की 2017 में उपविजेता रही है। बारिश के कारण शुक्रवार के पूरे दिन का खेल रद्द हो गया, जिसके कारण क्वार्टर फाइनल शनिवार को खेले गए। रूस की 21 साल की पोलिना की बड़ी बहन वेरोनिका कुदेरमेटोवा हालांकि अंतिम आठ की बाधा को पार करने मे सफल रही।

### कलिकेश एनआरएआई के नए अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** कलिकेश नारायण सिंह देव भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के नए अध्यक्ष बन गए है जिन्होने वी के धाल को शनिवार को यहां हुए चुनाव में 36 . 21 से हराया। ओडिशा के पूर्व सांसद कलिकेश पिछले साल रनिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद से एनआरएआई का दैनंदिनी कामकाज देख रहे थे। पिछले साल खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल महासंघो का कोई पदाधिकारी राष्ट्रीय खेल कोड के तहत 12 वर्ष से अधिक समय तक पद पर नही रह सकता।

### जमशेदपुर की मुंबई सिटी पर संघर्षपूर्ण जीत

जमशेदपुर। स्पेन के खिलाड़ी जावी हर्नांडिज़ के दो गोल की मदद से जमशेदपुर एफसी ने एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शनिवार को यहां मुंबई सिटी एफसी को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-2 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत हासिल की।

---

# भुई, अय्यर और सैमसन की पारियों से भारत डी की बढ़त

## दलीप ट्राफी : भारत बी के खिलाफ मजबूत

भाषा। अनंतपुर



**रिकी भुई की** नाबाद 90 रन की पारी की मदद से भारत डी ने भारत बी के खिलाफ दलीप ट्रॉफी मैच में शनिवार को यहां तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 244 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 311 रन की कर ली। अपनी 87 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाने वाले भुई को दूसरे छोर से कप्तान श्रेयस अय्यर (50) और अनुभवी संजू सैमसन (45) का अच्छा साथ मिला। अय्यर ने 40 गेंद की अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और एक छक्का जड़ा जबकि पहली पारी के शतकवीर सैमसन ने 53 गेंद में पांच चौके और दो छक्के लगाए। दिन का खेल खत्म होते समय भुई के साथ आकाश सेनगुप्ता (28) क्रीज पर मौजूद थे। दोनों ने छठे विकेट के लिए 83 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। इससे पहले भारत बी ने दिन की शुरूआत छह विकेट पर 210 रन से आगे से करते हुए वाशिंगटन सुंदर की 87 रन की पारी के बूते अपनी पहली पारी में 282 रन बनाए। सुंदर ने 140 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का जड़ा।भारत डी के लिए वामहस्त स्पिनर सौरभ कुमार ने 73 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह को तीन सफलता मिली। भारत डी की दूसरी पारी में शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने महज 18 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद भुई और अय्यर ने तेजी से रन जुटाए। दोनों ने महज 10.3 ओवर में 75 रन की साझेदारी की।

### पराग और रावत ने भारत ए को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

अनंतपुर। रियान पराग और शाश्वत रावत के प्रवाहमय अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने भारत सी के खिलाफ दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के आखिरी दौर के मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां अपनी स्थिति मजबूत कर ली।पराग ने 101 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाए जबकि रावत ने 67 गेंद पर 53 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल है। इससे भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 270 रन बना लिए थे। कप्तान मयंक अग्रवाल ने पारी की शुरुआत करते हुए 34 रन का योगदान दिया।पराग और रावत ने पांचवें विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की जिससे भारत ए की कुल बढ़त 333 रन की हो गई है।तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र 40 जबकि तनुष कोटियान 13 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत सी की तरफ से अंशुल कंबोज, गौरव यादव और मानव सुतार ने दो-दो विकेट लिए।इससे पहले भारत सी ने भारत ए के 297 के जवाब में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 216 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 234 रन पर आउट हो गई।भारत ए की तरफ से पहली पारी में बल्लेबाजी में कमाल दिखाने वाले आवेश खान ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए। उत्तर प्रदेश के 20 वर्षीय तेज गेंदबाज आकिब खान ने 43 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

### कार्तिकेय, अमान ने ऑस्ट्रेलिया अंडर–19 के खिलाफ भारत को सात विकेट से जीत दिलाई

**पुडुचेरी।** केपी कार्तिकेय (नाबाद 85) और कप्तान मोहम्मद अमान (नाबाद 58) के बीच चौथे विकेट के लिए 153 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारतीय अंडर–19 टीम ने शनिवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के शुरूआती एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया अंडर–19 को सात विकेट से शिकस्त दी। माना जा रहा था कि इस मैच से महान राहुल द्रविड़ के बेटे समित भारत की जूनियर टीम के लिए पदार्पण करेंगे लेकिन यह पुष्टि नहीं हो सकी कि उन्हें टीम संयोजन के कारण बाहर किया गया या किसी चोट के कारण। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव होगन (42) और रिले किंग्सले (36) के योगदान से पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में 184 रन बनाए। दाएं हाथ के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान ने 10 ओवर में 32 रन देकर चार विकेट लिए।

## क्विक न्यूज

### भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई में तीसरे टेस्ट की टिकटों की कीमतों में नहीं होगा इजाफा

मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने कहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक से पांच नवंबर तक यहां खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के लिए टिकटों की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नही होगी। इन दोनों टीमों ने इस स्टेडियम में 2021 में टेस्ट मैच खेला था। भारत ने इस मैच को 372 रन से जीता था। न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने इसी मुकाबले की एक पारी में 10 विकेट झटकने का कारनामा किया था। वह टेस्ट पारी मे सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। एमसीए ने पिछली बार 2016 में टेस्ट मैचों की टिकट की कीमतों में 25 प्रतिशत का इजाफा किया था। उस समय सबसे सस्ते दैनिक टिकट की कीमतों को 100 से बढ़ा 125 जबकि पूरे मैच के लिए इसकी कीमत को 300 से बढ़ाकर 375 किया गया था। एमसीए ने अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में अगले साल 19 जनवरी को अपने स्वर्ण जयंती समारोह मे देश के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक वानखेड़े स्टेडियम की 50वी वर्षगांठ मनाने का भी फैसला किया है।बैठक मे लिए गए अन्य निर्णयो मे विभिन्न श्रेणियो (अंडर-14, अंडर-16, अंडर-19 लड़कों और अंडर-15, अंडर-19, अंडर-23 सीनियर महिलाओं) के सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों को शिविर के लिए चुने जाने वा प्रथम श्रेणी पास और यात्रा भत्ता देने का फैसला किया गया।

### हरमनप्रीत सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को शनिवार को एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। 28 वर्ष के ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक मे आठ मैचों में दस गोल किए थे। वह 2020 और 2022 में लगातार दो बार पुरस्कार जीत चुके है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा , एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में एक बार फिर शामिल होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा , मुझे खुशी है कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुझे नामांकन मिला है। लेकिन यह मेरी टीम के सहयोग के बिना संभव नही था। मै एफआईएच प्रो लीग और पेरिस ओलंपिक मे भी इतने गोल इसलिए कर सका क्योंकि टीम ने गोल करने के मौके बनाए। हरमनप्रीत के अलावा नीदरलैंड के थियरी ब्रिक्मैन और योएप डि मोल, जर्मनी के हानेस म्यूलेर और इंग्लैंड के जाक वालास भी दौड़ में हैं। इसके लिए 2024 में हुए सभी मैचों को गिना जाएगा जिसमे टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, ओलंपिक क्वालीफायर और ओलंपिक शामिल है।

### गुरबाज, राशिद ने अफगानिस्तान को दक्षिण अफ्रीका पर पहली वनडे श्रृंखला में जीत दिलाई

शारजाह। अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पहली बार एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में हरा दिया जबकि एक मैच खेला जाना अभी बाकी है। अफगानिस्तान ने दूसरे वनडे मे 177 रन से जीत दर्ज की जो रनो के हिसाब से वनडे क्रिकेट मे उसकी सबसे बड़ी जीत है। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 105 रन बनाए और सात वनडे शतक जमाने वाले वह पहले अफगान बल्लेबाज बने। अफगानिस्तान ने चार विकेट पर 311 रन बनाए लेकिन जवाब मे दक्षिण अफ्रीका टीम शुक्रवार को 35 ओवर मे 134 रन पर आउट हो गई। लेग स्पिनर राशिद खान ने अपना 26वां जन्मदिन 19 रन देकर पांच विकेट के साथ मनाया। वह बल्लेबाजी के दौरान चोटिल भी हुए थे। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे ने चार विकेट लिए। तीसरा और आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। राशिद ने जीत के बाद कहा , मुझे हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी लेकिन मै मैदान छोड़कर जाना नही चाहता था। बड़ी टीम के खिलाफ जीतने का सुनहरा मौका था। दक्षिण अफ्रीका जैसी टीम को हराना बहुत बड़ी बात है। गुरबाज और रहमत शाह ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन जोड़े जिससे अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली बार 300 पार का स्कोर बनाया।

### कैरी की आक्रमक पारी से ऑस्ट्रेलिया का चुनौतीपूर्ण स्कोर

**लीड्स (इंग्लैंड)।** एलेक्स कैरी ने 67 गेदो मे 74 रन की आक्रमक पारी खेली जिससे आस्ट्रेलिया ने कुछ विषम पलो से गुजरने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे शनिवार को यहां 270 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया वनडे मे लगातार 14वी जीत हासिल करने की तलाश में है लेकिन पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित बाद किए जाने के बाद उसकी शुरुआत अच्छी नही रही और एक समय वह 200 रन तक पहुंचने के लिए भी संघर्ष कर रही थी। कप्तान मिशेल मार्श (59 गेदो मे 60 रन) शीर्ष क्रम के एकमात्र बल्लेबाज थे, जिन्होंने अर्धशतक बनाया।पहले वनडे मे नाबाद 154 रन की पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से जीत दिलाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ट्रैविस हेड केवल 29 रन बनाकर तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स (3-75) के पहले शिकार बने। दूसरे सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने भी 29 रन का योगदान दिया।

### अंडर 20 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम

नई दिल्ली। भारत ने लाओस मे 25 से 29 सितंबर तक होने वाले 2025 एएफसी अंडर 20 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्ईय टीम का ऐलान कर दिया है। भारत को ग्रुप जी में ईरान, मंगोलिया और लाओस के साथ रखा गया है। भारतीय अंडर 20 टीम : गोलकीपर : दिव्यज धवल टक्कर, साहिल, प्रियांश दुबे, डिफेंडर : परमवीर, एल हेम्बा मीताइ, एंगबम सूरजकुमार सिंह, मालेम्गम्बा सिंह , धनजीत अशांगबम, मनबीर बासुमंत्री, थॉमस चेरियन, सोनम टी एल मिडफील्डर : मनजोत सिंह धामी, वी गुइटे, आकाश टिर्की, एबिदास एसुदासन, ईशान सिसोदिया, एम किप्जेन फॉरवर्डः केल्विन सिंह टी, कोरेउ सिंह टी, मोनिरूल मोल्ला, टी गांगटे, नाओबा मीतेइ पी, जी गोयारी मुख्य कोच : रंजन चौधरी कार्यक्रम : भारत बनाम मंगोलिया (25 सितंबर), भारत बनाम ईरान (27 सितंबर), भारत बनाम लाओस (29 सितंबर)

### गाबा विशेष था लेकिन वापसी पर टेस्ट शतक भी उतना ही खासः पंत के कोच देवेंद्र

नई दिल्ली। ऋषभ पंत ने जब भारतीय टेस्ट टीम मे अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी से पहले कोच देवेंद्र शर्मा को फोन किया तो इस आक्रमक और जज्बे से भरे बल्लेबाज को एक सलाह मिली कि सिर नीचे कर के खेलना।कोच की इस बात का मतलब अच्छी गेंदो को सम्मान देने के साथ सावधानी बरतने के बारे मे था। पंत टेस्ट टीम मे वापसी पर शानदार शतक लगाकर खुद को टीम के सबसे अहम खिलाड़ी के तौर पर स्थापित करने मे सफल रहे है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन के खेल के बाद पंत के कोच देवेंद्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, जाहिर तौर पर मै ऋषभ के लिए बहुत खुश हूं। उनके पास पहली पारी मे भी शतक बनाने का मौका था लेकिन उनके ऐसा नही करने से मै थोड़ा दुखी था। कोच ने कहा, आज उन्होने प्रवाहमय बल्लेबाजी की। यह शतक उनके लिए एक महत्वपूर्ण है क्योंकि वापसी के बाद यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय शतक है। पंत का यह छठा टेस्ट शतक है। उन्होने इस पारी से महान महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी कर ली। धोनी ने जहां 90 टेस्ट मे छह शतक लगाए वही पंत ने महज 34 टेस्ट मैचों मे यह आंकड़ा छू लिया।

---

### शतरंज ओलंपियाड : वंतिका के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अमेरिका से ड्रॉ खेला



**बुडापेस्ट।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर वंतिका अग्रवाल ने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रैंडमास्टर इरिना क्रश को हराया जिसकी मदद से भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के नौवे दौर में अमेरिका से 2–2 से ड्रॉ खेला जबकि पुरूष टीम ने उजबेकिस्तान के साथ अंक बांटे। भारतीय टीम प्रबंधन ने खराब फॉर्म में चल रही डी हरिका को आराम दिया लेकिन आर वैशाली शीर्ष बोर्ड पर गुलरूखबेगम तोखिरजोनोवा से हार गई। दूसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख ने कारिसा यिप से ड्रॉ खेला। तानिया सचदेव और एलिस ली का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। इसके बाद वंतिका पर सारी जिम्मेदारी आ गई थी जिसने निराश नहीं किया और उंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी को हराया। अब भारत के 15 अंक है और स्वर्ण पदक की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए आखिरी दोनों दौर में जीत दर्ज करनी होगी। कजाखस्तान 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जिसने पोलैंड को 2.5 . 1.5 से हराया। भारत दूसरे स्थान पर हैं और नौ टीमें 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। अगले दौर में कजाखस्तान का सामना जॉर्जिया से और भारत की टक्कर चीन से होगी। ओपन वर्ग में भारतीय पुरूष टीम ने गत चैम्पियन उजबेकिस्तान से ड्रॉ खेला। लगातार आठ जीत के बाद अगर भारत नौवें दौर में भी जीत जाता तो स्वर्ण पदक तय हो जाता।

# प्रशांत-नेदुनचेझियान और युकी चीन में अलग-अलग स्पर्धाओं के सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** भारत के विजय सुंदर प्रशांत और जीवन नेदुनचेझियान ने हांगझोउ ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के कड़े मुकाबले में शनिवार को दूसरी वरीयता प्राप्त जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को हराया, जबकि युकी भांबरी ने फ्रांस के अपने साथी के साथ चेंगदू ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हांगझोउ में खेले जा रहे टूर्नामेंट में प्रशांत और नेदुनचेझियान ने शुरुआती सेट गंवा दिया, लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए दो घंटे तक चले मैच में 6–7 (4) 7–6 (6) 10–8 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला एरियल बेहार और रॉबर्ट गैलोवे की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। प्रशांत ने मैच के बाद कहा, हमने बहुत अच्छा मैच खेला। हम जानते थे कि हम एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि वे इससे पहले कभी जोड़ी बनाकर खेल थे। उन्होंने कहा, उन दोनों की सर्विस बहुत अच्छी है। हम जानते थे कि अगर हम अपनी सर्विस को बचाए रखते हैं तो टाइब्रेक में हमारे पास मौका रहेगा। टाइब्रेक में हमने छोटे–छोटे मौके भुनाए। हमने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। उधर चेंगदू में भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने भी पहला सेट हारने के बाद गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडाल्गो को 5–7, 6–3, 12–10 से पराजित किया। अब उनका मुकाबला इवान डोडिज (क्रोएशिया) और राफेल माटोस (ब्राजील) की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

# 66 पदक जीत कर पहले स्थान पर रहा यूपी

## स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीक है कुंग फूखेल : प्रदीप दुबे




**लखनऊ।** 15वीं राष्ट्रीय कुंग फू प्रतियोगिता के आज अंतिम दिन यूपी ने 41 स्वर्णए 16 रजत और 9 कांस्य पदक जीतकर पहले स्थान प्राप्त करते हुए चैंपियन ऑफ चैम्पियन ट्रॉफ ी जीती। जबकि महाराष्ट्र ने दूसरा और तमिलनाडु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे विजेता खिलाडियों को मेडल और ट्रॉफ ी देकर सम्मानित किया। कुंग फू फेडरेशन की महासचिव श्रीमती मंजू त्रिपाठी ने बताया कि 15वीं राष्ट्रीय कुंग फू प्रतियोगिता के आज तीसरे दिन समापन समारोह के अवसर पर 18 राज्यों से आए हुए प्रतिभागियों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। कुंग फू की विभिन्न शैलियों का समरोह में प्रदर्शन कर समां बांध दिया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ किशोर पुरस्कार पर कब्जा किया। जिसमें कुमारी संस्कृति ने 6 प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ महिला पुरस्कार जीता तथा पांच स्वर्ण पदक प्राप्त किए। अजय सिंह ने प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ मेल पुरस्कार प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय कुंग फू खिलाड़ी कुमारी खुशी त्रिपाठी ने सीनियर वर्ग में छह स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रतियोगिता का चैंपियन ऑफ चैंपियन पुरस्कार जीता। इसके अतिरिक्त इस प्रतियोगिता में 41 स्वर्ण पदक 16 रजत पदक तथा 9 कांस्य पदक सहित कुल 66 पदक जीत कर उत्तर प्रदेश की टीम ने प्रतियोगिता का पहला स्थान प्राप्त किया। तमिलनाडु की टीम ने 9 स्वर्ण पदक 11 रजत पदक तथा पांच कांस्य पदक सहित कुल 25 पदक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि महाराष्ट्र की टीम ने 7 स्वर्ण पदक 6 रजत पदक और 5 कांस्य सहित कुल 25 पदक प्राप्त कर प्रतियोगिता का तीसरा तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त नागालैंड पश्चिम बंगाल की टीम 5 स्वर्ण पदक 4 रजत पदक कुल 34 पदक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। बिहार की टीम ने पांचवें और मणिपुर की टीम छठवां और नागालैंड की टीम सातवां स्थान प्राप्त किया। केरल की टीम ने एक का पदक तथा तेलंगाना की टीम ने कुल 9 पदक प्राप्त किए। इसके अलावा दिल्ली गुजरात की टीम को एक.एक कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप दुबे ने कहा कि 20 राज्यों से आई कुंग फू के खिलाडियों के हैरतअंग्रेज कार्यक्रम से उन्हें सुखद अहसास हुआ कि देश के सबसे पुराने खेल के जरिए समाज की सच्ची सेवा है। इस खेल के माध्यम स्वास्थ्य खिलाड़ी और स्वास्थ्य नागरिक तैयार होता है। आज के दौर में इस खेल को अधिक महत्व है।

# लामार्टिनियर कालेज के अब्बास काजमी को नेशनल बाक्सिंग में स्वर्ण

**लखनऊ।** रांची में स्थित खेल गांव स्टेडियम में 13 से 16 सितंबर तक आयोजित चौथी सीआईएससीई नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में लखनऊ लामार्टिनियर कालेज के कक्षा 12 के छात्र अब्बास काजिम ने अण्डर-19 आयु वर्ग के 64 से 69 किलाग्राम वर्गभार में महाराष्ट्र के मक्केबाज को फाइनल के पहले राउण्ड में नॉकआउट मार कर स्वर्ण पदक जीत लिया। अब्बास काजिम ने इससे पूर्व गतवर्ष रांची में सीआईएससीई जूनियर नेशनल अण्डर-17 के 67 से 70 किलो वर्ग भार में स्वर्ण जीता था। ब्बास काजमी ने सेमीफाइनल में धाक बरकरार रखते हुए पंजाब के मुक्केबाज को भी पहले राउंड के चंद पल में नॉक आउट मारकर ढेर करते हुए फाइनल का दरवाजा खटखटा दिया। खिताबी मुकाबले में अब्बास काजमी ने महाराष्ट्र के मुक्केबाज को अपनी धमक दिखाते हुए चंद पल में नॉकआउट मारकर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया। लखनऊ लामार्टिनियर कॉलेज के 12वीं कक्षा के छात्र अब्बास काजमी इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं और अपने खेल में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। बेटे की उम्दा जीत पर परिवार ने अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि काजमी और कोच सुनील जोशी की कड़ी मेहनत और समर्पण ने यह सफलता दिलाई है।

### रायल स्पोर्टिंग बहराईच की दोहरी जीत

लखनऊ। वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने दो मुकाबलों में जीत दर्ज की। एलडीए स्टेडियमए अलीगंज पर अपने पहले मैच में रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने डालीबाग क्लब को 6 विकेट से हराया। डालीबाग क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुआ 8.2 ओवर में 42 रन ही बना सका। रायल स्पोर्टिंग बहराईच से मैन ऑफद मैच समीर को चार व उद्देश्य को 3 विकेट की सफलता मिली। जवाब में रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने 6०2 ओवर में 4 विकेट पर 46 रन बनाकर मैच जीत लिया। सोनी ने सबसे ज्यादा 18 रन जोड़े। बेस्ट कैच का पुरस्कार रायल स्पोर्टिंग बहराईच के ऋतिक को मिला। अपने दूसरे मैच में रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने लवकुश नगर स्ट्राइकर्स को 30 रन से हराया। रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 122 रन बनाए। लवकुश नगर स्ट्राइकर्स से सोनू को पांच विकेट मिले। जवाब में लवकुश नगर स्ट्राइकर्स 9 विकेट पर 92 रन ही बना सका। रायल स्पोर्टिंग बहराईच से मैन ऑफद मैच उद्देश्य को चार व समीर को तीन विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार लवकुश नगर स्ट्राइकर्स के सिद्धार्थ को मिला।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001